শর্মা হার্ডওয়েৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 66 | गुवाहाटी | रविवार, 1 अक्तूबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

विहिप गो रक्षा उत्तर पूर्व प्रांत की बैठक संपन्न पेज 3

प्रधानमंत्री ने आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का किया शुभारंभ पेज 4

प्रयागराज मंडल के 300 स्थानों पर एक घंटे का होगा श्रमदान : हिमांशु बडोनी पेज 5

कांग्रेस राज में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर : दीया कुमारी पेज 8

सीमा विवाद : असम-मेघालय के मुख्यमंत्रियों की बैठक

मुकरोह हिंसा की जांच सीबीआई को

गुवाहाटी। असम और मेघालय की सरकारों ने शनिवार को खानापाड़ा के कोइनाधारा में आयोजित एक बैठक में विवादित अंतर्राज्यीय सीमा पर 2022 मुकरोह हिंसा, जिसमें छह लोग मारे गए थे की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया। साथ ही मामले की जांच कर रहे अपने संबंधित न्यायिक आयोगों को बंद करने का भी फैसला लिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनके मेघालय समकक्ष कॉनराड सांग्मा ने अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत के बाद एक संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि दोनों राज्यों ने मुकरोह हिंसा की जांच कर रहे अपने संबंधित न्यायिक आयोगों को बंद करने का फैसला किया है। शर्मा ने कहा कि विश्वास बहाली के उपाय के रूप में, हमने मुकरोह घटना की जांच कर रहे अपने संबंधित न्यायिक आयोगों को बंद करने का फैसला किया है। इसके बजाय, दोनों राज्य सरकारें अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से मामले की जांच करने का आग्रह करेगी। उन्होंने कहा कि एजेंसी से अनुरोध किया जाएगा कि मामला -शेष पृष्ठ दो पर

भारत और इंग्लैंड के बीच विश्व कप का अभ्यास मैच रद्द

गुवाहाटी (हि.स.)। भारत और इंग्लैंड के बीच गुवाहाटी में आईसीसी विश्व कप का अभ्यास मैच बारिश और तूफान के कारण रद्द कर दिया गया है। आज भारत और इंग्लैंड के बीच शाम 4.30 बजे अभ्यास मैच होना था। इसी बीच दोपहर करीब 3 बजे तूफान के साथ आई मूसलाधार बारिश के कारण स्टेडियम के बाहर और अंदर हर तरफ पानी भर गया। हालांकि, स्टेडियम को कवर अप करके रखा गया था। लेकिन, बारिश इतनी तेज हुई कि स्टेडियम कि साथ-साथ बाहर सड़कों पर भी पानी जमा हो गया।

तूफान, कृत्रिम बाढ़ की चपेट में गुवाहाटी

गुवाहाटी (हि.स.)/(विभास)। गुवाहाटी शहर कृत्रिम बाढ़ में डूब गया। महज दो घंटे की भारी बारिश से शहर के अनेक हिस्सों में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। जीएस-रोड, जू-रोड, बेलतला, लाचित नगर, चांदमारी, शिलपुखुरी, कामाख्या आदि हर जगह कृत्रिम बाढ़ में कई लोग फंस गए। कृत्रिम बाढ़ के साथ ही हवा और तूफान के कारण पेड़ गिरने से बिजली का संचार बाधित -शेष पृष्ठ दो पर

नीलाचल फ्लाईओवर पर सड़क हादसा, एक की मौत

गुवाहाटी (हि.स.)। राजधानी के मालीगांव में नवनिर्मित नीलाचल फ्लाईओवर पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने एक सिटी बस समेत चार बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी मालीगांव के नीलाचल फ्लाईओवर पर सड़क हादसे हो चुके हैं। इस हादसे की वजह से फ्लाईओवर भी क्षतिग्रस्त हो गया। डिवाइडर, रेलिंग के साथ-साथ बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

शिक्षा सेतु पोर्टल का उपयोग अनिवार्य : शिक्षामंत्री

गुवाहाटी। असम के शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने 3 अक्तूबर से प्रभावी शिक्षा सेतु पोर्टल के अनिवार्य उपयोग की घोषणा की है। यह पोर्टल शिक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित करने और शिक्षक उपस्थिति की निगरानी में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। पेगु ने शिक्षा सेतु पोर्टल पर शिक्षक उपस्थिति की जानकारी अपलोड करने के महत्व पर जोर दिया और अनुपालन करने में विफल रहने वालों के खिलाफ जांच कार्रवाई की चेतावनी दी। वर्तमान में, पोर्टल राज्य में 44,735 पंजीकृत स्कूलों को सूचीबद्ध करता है, जिनमें कुल 2,35,387 शिक्षक और कर्मचारी हैं। इनमें से 2,13,685 नाम पहले ही पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इसके अलावा, पोर्टल छात्रों की जानकारी के लिए एक डेटाबेस के रूप में भी -शेष पृष्ठ दो पर

पूर্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर निकला आदित्य एल1, 9.2 लाख किमी. की दूरी तय की



बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को जानकारी दी कि उसका अंतरिक्ष यान 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। इसके साथ ही यह पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया है। अब यह सन-अर्थ लैंग्रेज प्वाइंट 1 (एल1) की ओर अपना रास्ता तय कर रहा है। यह दूसरी बार है जब इसरो किसी अंतरिक्ष यान को पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर भेज सका है, इससे पहले मंगलयान को पहली बार पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर भेजा गया था। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने दो सितंबर को भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग की थी। इसरो ने पीएसएलवी सी57 लॉन्च व्हीकल से आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से हुई थी। यह मिशन भी चंद्रयान-3 की तरह पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह तेजी से सूरज की दिशा में उड़ान भरेगा। -शेष पृष्ठ दो पर

छात्रों की रैली पर बल प्रयोग करने वाले सुरक्षाकर्मियों पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

इंफाल। मणिपुर में दो छात्रों की हत्या के बाद विरोध रैली पर कुछ सुरक्षाकर्मियों ने बल प्रयोग किया, जिसको लेकर सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा है कि रैली पर कार्रवाई के दौरान छात्रों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग में शामिल सुरक्षाकर्मियों को दंडित किया जाएगा। सीएम ने लोगों से एकजुट रहने, शांति बनाए रखने और राज्य के दुश्मनों से सामूहिक रूप से लड़ने की अपील की। इंफाल क्षेत्र में इस सप्ताह मंगलवार और बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ झड़प में 100 से अधिक छात्रों के घायल होने की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए, सिंह ने कहा कि बच्चों के साथ अत्याधिक बल प्रयोग को लेकर मैं काफी दुखी हूं। राज्य के मंत्रियों ने व्यक्तिगत रूप से घायल छात्रों से मुलाकात की है। छात्रों को लगी गंभीर चोट की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यधिक चोटों के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लगातार दो दिनों के दौरान राज्य पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के साथ झड़प में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की खोपड़ी पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलाई गई 40 से अधिक छर्रे की गोलियां लगीं और दूसरे, 17 वर्षीय एल किशन का कंधा नजदीक से -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात
जो व्यक्ति दुसरो के काम में न आए, वास्तव में वो मनुष्य नहीं है।
- ईश्वर चंद्र विद्यासागर

न्यूज गैलरी

बांकुरा में दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बिष्णुपुर में शनिवार को मिट्टी की दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई, जिसके चलके पूरे इलाके में मातम पसर गया। बांकुरा जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 6.30 बजे हुई है, जिसके चलते तीन से सात साल की उम्र के बच्चे मिट्टी की दीवार के मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि बच्चों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

साउथ पोल पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग भारत के दावे को चीन ने बताया झूठा



बीजिंग। प्रसिद्ध चीनी वैज्ञानिक और चीनी चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के मुख्य वैज्ञानिक ओयांग जियुआन ने एक साक्षात्कार में दावा किया है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का चंद्रयान -3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के आसपास कहीं नहीं उतरा है। अगस्त में चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग ने चंद्रमा के सबसे दक्षिणी हिस्से में लैंडिंग का चीन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। लेकिन ब्लूमबर्ग के अनुसार, जियुआन का कहना है कि भारत की उपलब्धियों के बारे में दावों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। ओयांग जियुआन ने चीनी भाषा के प्रकाशन साइंस टाइम्स को बताया कि चंद्रयान -3 लैंडिंग साइट चंद्र ध्रुव के करीब -शेष पृष्ठ दो पर

जयपुर में तनाव, युवक की पीट-पीटकर हत्या, बिगड़े हालात

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के रामगंज और आसपास के इलाकों में शनिवार को तब सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया जब दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर पिटाई के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इलाके में अतिरिक्त बल तैनात करके हालात को काबू कर लिया गया है। शनिवार देर रात हुई इस घटना के सिलसिले में लगभग 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। शहर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि यह हत्या रोडरेज के कारण हुई गलतफहमी का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि शनिवार देर रात सुभाष चौक पर -शेष पृष्ठ दो पर

मणिपुर : भाजपा के नेताओं ने नड्डा को लिखा खत

इंफाल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मणिपुर इकाई ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि है कि राज्य सरकार जातीय संघर्ष को रोकने में अब तक विफल रही है, जिससे लोग नाराज हैं। पत्र में पार्टी की राज्य इकाई कीप्रमुख शारदा देवी, उपाध्यक्ष चिदानंद सिंह और छह अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। इसमें कहा गया है कि जनता का आक्रोश और विरोध अब धीरे-धीरे स्थिति बदल रहा है, जिससे लंबे समय से जारी इस अशांति का एकमात्र दोष स्थिति से निपटने में सरकारी विफलता को ठहराया -शेष पृष्ठ दो पर

नारी शक्ति : राष्ट्रपति की मुहर के बाद भी लागू होने में लग सकते हैं चार साल

नई दिल्ली। महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार (29 सितंबर) को मंजूरी दे दी। यह विधेयक 20 सितंबर को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित हुआ था। किसी भी विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद उसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाता है, ताकि वो कानून बन सके। इस कानून के लागू होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। लेकिन 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिला आरक्षण लागू होना संभव नहीं है। क्योंकि सरकार ने संसद में कहा कि कानून बनने के बाद पहली जनगणना और फिर परिसीमन में महिला आरक्षित सीटें तय होगी। इसके बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा। 2021 में होने वाली जनगणना अब तक नहीं हो सकी है। ऐसे में महिला आरक्षण 2026 से पहले लागू होने की संभावना कम है। संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के दौरान 20 सितंबर को अमित शाह ने लोकसभा में महिला आरक्षण पर बहस के दौरान कहा था कि 2024 लोकसभा -शेष पृष्ठ दो पर

सामूहिक ध्यान भटकाने का हथियार बना सोशल मीडिया : हाई कोर्ट

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ के न्यायाधीश ने सोशल मीडिया पर लेकर गंभीर टिप्पणी की है। पीठ के न्यायमूर्ति महेश सोनक ने शनिवार को कहा है कि सोशल मीडिया जनसंहार का हथियार बन गया है और उससे पार पाने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसके साथ-साथ जस्टिस ने कहा कि हम उन व्यक्तियों पर बेहद संदेह करते हैं या उनसे सावधान भी रहते हैं जो सोचने की कोशिश करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति सोनक जी आर कारे कॉलेज ऑफ लॉ में *जीआरके-लॉ टाक्स* टॉपिक पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि वो ऐसी खबरें को नहीं पढ़कर या फिर उन्हें नहीं देखकर कई मुद्दों से अनजान बने रहने को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि उन्होंने लगता है कि यह गलत सूचना पाने से कहीं ज्यादा बेहतर है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं, जहां हम कंप्यूटर और स्मार्टफोन जैसी मशीनों को पंसद करते हैं और उनका महिमामंडन करते हैं, लेकिन उन व्यक्तियों को संदेह से देखते हैं या फिर उनसे सावधान रहते जो सोचने की कोशिश करते हैं। न्यायमूर्ति ने कहा कि मशीनों की अपनी खूबियां हैं, लेकिन यदि हम अपने सोचने की क्षमता -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

तमिलनाडु : खाई में बस गिरने से आठ पर्यटकों की मौत, 27 घायल

चेन्नई। तमिलनाडु के मरापलम के पास एक बस के खाई में गिरने की वजह से तकरीबन आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 पर्यटकों के घायल होने की खबर है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पर्यटकों की बस दक्षिणी राज्य कोयंबटूर जिले में ऊटी से मेट्टुपालयम की ओर जा रही थी। उसी वक्त अचानक यह भीषण हादसा हुआ। बकौल एजेंसी, डीआईजी कोयंबटूर जोन सरवण सुंदर ने बताया, तकरीबन आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों की स्थित गंभीर बनी हुई है। जांच चल रही है। दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में 55 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए कुन्नूर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस बस में 55 लोग सवार थे। घायलों को एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह निकलकर आया है कि ड्राइवर ने व्हील पर से अपना नियंत्रण खो दिया था। जिसकी वजह से कुन्नूर के पास मारापालम में 100 फीट गहरी खाई में गिर गया।

लमडिंग में हथियार के साथ दो शिकारी गिरफ्तार

होजाई (हिंस)। जिले के लमडिंग क्षेत्रीय वन विभाग ने लमडिंग रिजर्व फॉरेस्ट में नियमित तलाशी के दौरान बंदूक और दो गोलियों के साथ दो शिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने आज बताया है कि शिकारियों को बीते कल उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वे वन क्षेत्र के लालपहाड़ में जंगली जानवरों का शिकार करने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए दोनों शिकारियों की पहचान लमडिंग मूड़ाबस्ती निवासी संतोष ग्वाला और राघव गौड़ के रूप में हुई है। वन कर्मी दोनों शिकारियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस इस मामले में और भी लोगों के शामिल होने के संदेह में जांच कर रही है।

मंगलदै पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

दरंग (हिंस)। मंगलदै पुलिस ने शुक्रवार को गुवाहाटी में छापा मारकर सात-सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि सभी युवकों को साइबर अपराधों में लिप्त होने के आरोप में बीते कल गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए युवक गुवाहाटी, हाजो और नगांव जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार युवकों की पहचान हुसैन अली, फैजुल इस्लाम, एजाज अहमद, मुक्तार अली, हबीबुल्लाह, हसन अली और मुज्जिल हुसैन के रूप में हुई है। इन सभी को मंगलदै में पीएसआई अदालत में पेश किया गया है। मंगलदै पुलिस अधिक जानकारी के लिए अपराधियों से पूछताछ कर रही है।

संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित

गुवाहाटी (हिंस)। संशोधित मतदाता सूची जारी कर दी गई है। पंचायत के पुनर्गठन से पहले जारी इस मतदाता सूची में 1 करोड़ 78 लाख 127 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में 89 लाख 86 हजार 963 पुरुष मतदाता और 88 लाख 12 हजार 885 महिला मतदाताओं के नाम शामिल हैं। इसके अलावा 279 किन्नर मतदाताओं के नाम इस मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं।

रिश्वत लेने के आरोप में लाट मंडल गिरफ्तार

लखीमपुर (हिंस)। लखीमपुर जिले के नारायणपुर राजस्व मंडल के लाट मंडल (लेखपाल) को डायरेक्टर ऑफ़ विजिलेंस एंड एंटी करप्शन असम की टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। डायरेक्टर ऑफ़ विजिलेंस एंड एंटी करप्शन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार नारायणपुर राजस्व मंडल के लाट मंडल दुलाल चौधरी बनिया को शिकायतकर्ता के म्यूटेशन कार्यों को संसाधित करने के लिए रिश्वत लेने के तुरंत बाद ढालपुर में अपने घर में प्रवेश किया। इसी दौरान उसे रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

पुतिन ने यूक्रेन के क्षेत्रों को रूस में शामिल करने की मनाई सालगिरह, रात भर ड्रोन से किए हमले

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि एक साल पहले रूस में मिलाए गए यूक्रेन के चार क्षेत्रों ने *स्वेच्छा से रूस को अपनी पितृभूमि* स्वीकार किया है। यूक्रेन के चार क्षेत्रों का रूस में विलय करने की पहली सालगिरह पर देर रात जारी बयान में पुतिन ने जोर देकर कहा कि उनके देश ने इलाकों को शामिल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पूरी तरह से पालन किया है। उन्होंने दावा कि दोनेत्स्क, लुहांस्क, जेपोरीजिया और खेरसॉन के लोगों ने एक बार फिर इस महीने के शुरू में हुए स्थानीय चुनाव में रूस का हिस्सा होने की इच्छा जताई है। रूस के केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बताया कि उक्त चार क्षेत्रों के चुनाव में देश में सत्तारूढ़ पार्टी ने अधिकतर सीट पर जीत दर्ज की है। हालांकि, पश्चिमी देशों ने पिछले साल हुए कथित जनमत संग्रह और इस साल हुए मतदान को अस्वीकार करते हुए उसे शर्मनाक करार दिया है। यूक्रेन के चार क्षेत्रों को रूस में शामिल होने की सालगिरह पर शुक्रवार को मॉस्को के मशहूर रेड स्क्वायर पर *कंसर्ट* का आयोजन किया गया लेकिन पुतिन ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। इस बीच, यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने ओडेसा, मीकोलायिव और वीन्नित्स्या प्रांत को निशाना बनाने के लिए रूस द्वारा भेजे गए ईरान निर्मित 40 कामिकाजे ड्रोन में से 30 को मार गिराया। वीन्नित्स्या के क्षेत्रीय गवर्नर शेरही बोरजोव ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने उनके मध्य यूक्रेनी क्षेत्र में 20 ड्रोन को मार गिराया लेकिन कलीनिव्का शहर में एक अवंसरचना से ड्रोन के टकराने से *भीषण* आग लग गई है। रोमानिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पूरी रात हुई बमबारी के दौरान संभवत: उसके हवाई क्षेत्र का अतिक्रमण किया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी बेलगोरोड क्षेत्र को निशाना बनाकर यूक्रेन की ओर से दागे नौ रॉकेट को नाकाम कर दिया है।

पृष्ठ एक का शेष

मुकरोह हिंसा की...

गुवाहाटी या शिलांग में नहीं, बल्कि किसी तटस्थ स्थान जैसे दिल्ली, कोलकाता या किसी अन्य स्थान पर दर्ज किया जाए। सांग्मा ने कहा कि संबंधित न्यायिक आयोगों को बंद करने का निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि कोई भी पक्ष ज्यादा प्रगति नहीं कर पाया है। किसी भी राज्य के गवाह दूसरे पक्ष के समक्ष अपने राज्य के खिलाफ गवाही देने नहीं गए थे। सांग्मा ने कहा कि हम एक निष्पक्ष जांच चाहते हैं। इसलिए, हमने इसे एक स्वतंत्र जांच एजेंसी, यानी सीबीआई को सौंपने का फैसला किया। मालूम हो कि पिछले साल 22 नवंबर को असम-मेघालय अंतर्राज्यीय सीमा के एक विवादित खंड पर मुकरोह में गोलीबारी की घटना में पांच मेघालय निवासियों और असम के एक वन रक्षक सहित छह लोग मारे गए थे। उधर एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनके मेघालय समकक्ष कॉनराड के सांग्मा के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि दोनों मुख्यमंत्री मौजूदा स्थिति के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी लेने के लिए खंडुली अंतर-राज्य सीमा चौकी का दौरा करेंगे। दोनों मुख्यमंत्री अक्तूबर के अंतिम भाग में वहां की स्थिति का जायजा लेंगे। साथ ही असम और मेघालय दोनों ने खंडुली क्षेत्र से अपने-अपने पुलिस बलों को वापस बुलाने का फैसला भी किया है, जो असम की तरफ पश्चिम कार्बी आंग्लांग में असम-मेघालय सीमा पर और मेघालय की तरफ पश्चिम जैंतिया हिल्स पर स्थित है। इस क्षेत्र को एक तटस्थ इकाई के रूप में सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, बैठक में इस साल 31 दिसंबर तक दोनों राज्यों के बीच छह क्षेत्रों में सभी प्रचलित सीमा विवादों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेघालय के उपमुख्यमंत्री स्निंयाभलंग धर, असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, पर्यावरण और वन मंत्री चंद्र मोहन पटोवारी, असम और मेघालय सरकार दोनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि शेष छह विवादित क्षेत्रों में मुद्दों को सुलझाने के लिए दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच नियमित अंतराल पर आधिकारिक स्तर की बातचीत होती रहती है। शर्मा और सांग्मा ने आखिरी बार 24 मई को मुलाकात की थी और सीमा मुद्दे को *जटिल* होने के कारण समाधान के लिए चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए फिर से मिलने पर सहमति व्यक्त की थी। तब दोनों मुख्यमंत्रियों ने दोनों राज्यों के कार्बी आंग्लांग-पश्चिम जैंतिया हिल्स जिलों की सीमा पर विवादित क्षेत्रों का दौरा करने पर सहमति व्यक्त की थी। मेघालय को 1972 में असम से अलग कर एक अलग राज्य बनाया गया था। इसने असम पुनर्गठन अधिनियम, 1971 को चुनौती दी थी, जिसके कारण दोनों राज्यों के बीच 884.9 किमी लंबी सीमा के 12 क्षेत्रों में विवाद पैदा हो गया था। मई, 2021 में पदभार संभालने पर शर्मा ने घोषणा की थी कि उनकी प्राथमिकता असम के पड़ोसी राज्यों के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवादों को हल करना है। इसके बाद, उन्हें चरणबद्ध तरीके से हल करने के लिए अगस्त 2021 में तीन क्षेत्रीय समितियां स्थापित की गईं। समितियों ने अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं जिन्हें दोनों मुख्यमंत्रियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंप दिया, जिसके बाद कुल 12 क्षेत्रों में से छह में विवादों को हल करने के लिए 29 मार्च, 2022 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार, पहले चरण में 36.79 वर्ग किमी विवादित क्षेत्र को निपटारे के लिए लिया गया, जिसमें असम को 18.51 वर्ग किमी और मेघालय को 18.28 वर्ग किमी पर पूर्ण नियंत्रण मिला।

तूफान, कृत्रिम बाढ़...

हुआ। खबरों के मुताबिक, आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने से शहर के कई हिस्सों में यातायात भी अवरुद्ध हो गया। मालीगांव-कामाख्या के पास एक चलती गाड़ी पर पेड़ गिरने से वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया। बताया जा रहा है कि वाहन का चालक भी घायल हो गया। इस बीच, गुवाहाटी-उत्तर गुवाहाटी फेरी घाट पर यात्रियों के बीच हंगामा हो गया है। खराब मौसम के कारण सैकड़ों यात्री सभी घाटों पर फंस गए। फेरी घाटों पर कई रैंप के विनष्ट हो जाने के कारण उहापोह की स्थिति पैदा हो गई। उल्लेखनीय है कि अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग रैंप की तेजी से मरम्मत करने में लग गया है। एक तरह से देखा जाए तो गुवाहाटी शहर में सड़कों पर घुटने तक पानी भर जाने से जलप्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। उत्तर गुवाहाटी के अमीनगांव में आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने से चार घर नष्ट हो गए। हर तरफ अफरा तफरी की स्थिति देखी गई। उधर दोपहर को हुई बारिश और तूफान ने फैंसी बाजार को चारों ओर से जलमग्न कर दिया। फुटपाथों के ऊपर से पानी मार्केट कांप्लेक्सों के अंदर तक घुस गया। कुछ देर के लिए तो कृत्रिम बाढ़ की सी स्थिति पैदा हो गई। इस बारिश के चलते फैंसी बाजार की सड़कों व नालो की सफाई होकर कचरा बाहर पानी में तैरने लगा। पानी का रंग भी काला हो गया और कहीं-कहीं तो बदबू भी आने लगी थी। विशेष कर फैंसी बाजार एमएस रोड, शनि मंदिर चौराहे से लेकर चार नंबर रेल गेट तक पूरी तरह से पानी में डूब गई। इस सड़क पर फुटपाथ का भी पता नहीं चल रहा था। इस तूफानी बारिश से कुछ देर के लिए जन जीवन थम सा गया था। हालात को सामान्य होने में कई घंटे का समय लगा। शिलपुखुरी और गांधी बस्ती का भी पूरा इलाका जलमग्न हो गया गांधी बस्ती मे कोई भी रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था। चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा था। दूसरी ओर लोगों ने बारिश के चलते गर्मी से राहत मिलने पर खुशी जताई। दोपहर 2:00 बजे तक गर्मी से लोग परेशान थे। मगर तेज हवा और बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

शिक्षा सेतु पोर्टल ...

काम करता है, जिसमें कुल 47,96,980 में से 46,07,558 छात्र पंजीकृत हैं। पेगु ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह पोर्टल छात्रों की उपस्थिति की प्रभावी निगरानी के लिए एक मूल्यवान उपकरण होगा। पोर्टल के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए, प्रत्येक स्कूल को 4 जीबी रैम वाले टैबलेट प्रदान किए गए हैं, और बड़ी छात्र आबादी वाले स्कूलों को अतिरिक्त टैबलेट आवंटित किए गए हैं। पेगु ने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक उपाय करना नहीं है, बल्कि स्कूल प्रबंधन को बढ़ाना है। उन्होंने पुष्टि की कि ऐप या सर्वर में कोई विसंगतियां नहीं हैं और ऐप पर फोटो अपलोड होते ही सॉफ्टवेयर स्वचालित रूप से शिक्षक की उपस्थिति को ट्रैक कर लेगा। पेगु ने स्वीकार किया कि नगांव और हैलाकांदी दो जिले हैं जो विशेष शैक्षिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने आगामी वर्ष में सरकारी स्कूलों में नामांकन में वृद्धि के बारे में आशावाद व्यक्त किया। हालांकि, शिक्षा सेतु पोर्टल ने पूरे असम में सरकारी और प्रांतीय स्कूलों में खराब और असंगत छात्र उपस्थिति का खुलासा किया है। पोर्टल के अनुसार, राज्य में 48,42,383 छात्र हैं, जिनमें से 94 प्रतिशत (45,63,854 छात्र) 44,507 स्कूलों में पढ़ते हैं। विभिन्न जिलों में छात्र उपस्थिति में परेशान करने वाली विसंगतियां स्पष्ट हैं। जबकि कार्बी आंग्लांग, उदलगुरी, बारपेटा, बक्सा, शिवसागर, मोरीगांव, दिमा हसाओ, कछार, करीमगंज, चराइदेउ, दक्षिण सलमारा-मनकाचर, तिनसुकिया, उदलगुरी और पश्चिम कार्बी आंग्लांग लगातार औसत से कम उपस्थिति दर की रिपोर्ट करते हैं, नलबाड़ी, बोंगाईगांव जैसे जिले, धेमाजी, दरंग, नगांव, विश्वनाथ और डिब्रूगढ़ में छात्र उपस्थिति के आंकड़े अधिक आशाजनक हैं। यहां तक कि कामरूप (एम) और कामरूप जिले भी छात्र उपस्थिति से संबंधित चुनौतियों का सामना करते हैं। पोर्टल के आंकड़ों से पता चलता है कि 20 सितंबर को छात्रों की उपस्थिति 48 प्रतिशत से भी कम थी, जो धीरे-धीरे बढ़कर 21 सितंबर को 51 प्रतिशत और 22 सितंबर को 56 प्रतिशत हो गई। 28 सितंबर को 62.1 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज होने के साथ आंकड़ों में थोड़ा सुधार हुआ। बहरहाल, यह अभी भी बाकी है एक तिहाई से अधिक छात्र स्कूल से अनुपस्थित। दिलचस्प बात यह है कि हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) और हायर सेकेंडरी (एचएस) परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों में छात्र उपस्थिति बेहतर होती है। असम में शैक्षिक परिणामों में सुधार और अनुपस्थिति को कम करने के लिए राज्य की लगातार उच्च ड्रॉपआउट दर को संबोधित करना आवश्यक है।

पृथ्वी के प्रभाव ...

जानकारी के अनुसार, आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा की यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है। एल-1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। इसरो के मुताबिक, सूर्य हमारे सबसे करीब मौजूद तारा है। यह तारों के अध्ययन में हमारी सबसे ज्यादा मदद कर सकता है। इससे मिली जानकारियां दूसरे तारों, हमारी आकाश गंगा और खगोल विज्ञान के कई रहस्य और नियम समझने में मदद करेंगी। हमारी पृथ्वी से सूर्य करीब 15 करोड़ किमी दूर है। आदित्य एल1 वैसे तो इस दूरी का महज एक प्रतिशत ही तय कर रहा है, लेकिन इतनी सी दूरी तय करके भी यह सूर्य के बारे में हमें ऐसी कई जानकारियां देगा, जो पृथ्वी से पता करना संभव नहीं होता।

छात्रों की रैली ...

चलाई गई छर्रों की वजह से टूट गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरी तरह से घायल छात्रों को इलाज के लिए 50,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। अस्पतालों को यह भी सूचित किया गया है कि उनकी सभी जरूरतों का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ती है, तो छात्रों को इलाज के लिए बाहर भी ले जाया जाएगा। 6 जुलाई को लापता हुए दो युवकों की कथित हत्या के खिलाफ छात्रों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा कार्रवाई की गई। दरअसल, दोनों छात्रों के शवों की तस्वीर हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और दिल्ली से राज्य में सीबीआई की एक टीम भेजी गई। सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि सीबीआई के एक विशेष निदेशक अभी भी इंफाल में हैं और जांच जारी है। कार्यक्रम में राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक *जन नेता* हिजाम इराबोट को उनकी 127वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन, मैं सभी से फिर से शांत रहने, एकजुट रहने का आग्रह करना चाहता हूं। सामूहिक रूप से राज्य के दुश्मनों से लड़ें। मिल-बैठकर सभी गलतफहमियों को दूर करें ताकि राज्य की अखंडता की रक्षा हो सके और शांति से रह सकें।

साउथ पोल पर...

नहीं थी, जिसे लगभग 88.45 डिग्री अक्षांश पर परिभाषित किया गया है। इसरो का मिशन 69.373 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 32.319 डिग्री पूर्वी देशांतर पर उतरा। चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर नहीं है, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में नहीं है, न ही यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के निकट है। जियुआन के बयानों को ब्लूमबर्ग और अन्य प्रकाशनों द्वारा सटीक और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत किया गया था, तो यह उन दुर्लभ क्षणों में से एक होगा जब एक देश की एजेंसी के साथ काम करने वाले एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने दूसरे देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की निंदा की। इसका सबसे ताजा उदाहरण तब है जब रोस्कोस्मोस एजेंसी के प्रमुख यूरी बोरिसोव ने कहा कि बड़े पैमाने पर उपकरणों की विफलता और पुराने होते हिस्से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चालक दल की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और अन्य देशों द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित आईएसएस पर बोरिसोव की टिप्पणियां ऐसे समय में आईं जब यूक्रेन पर पूर्व आक्रमण के कारण रूस-संयुक्त राज्य अमेरिका के संबंध खराब हो गए थे। बोरिसोव की टिप्पणियां रूस द्वारा आईएसएस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी को बंद करने को उचित ठहराने के लिए की गई थीं, यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं है कि जियुआन ने किन परिस्थितियों में टिप्पणियां कीं।

जयपुर में तनाव...

दो बाइक टकरा गईं जिसके बाद वहां मौजूद कुछ लोगों ने गलतफहमी में उन दो लोगों की पिटाई कर दी, जो वहां माजरा देखने के लिए रुके थे। जोसेफ ने कहा कि सुभाष चौक इलाके में दो बाइक की टक्कर के बाद *रोडरेज* की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जिसमें माजरा देख रहे दो लोगों की वहां एकत्रित हुए कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। उन्होंने कहा कि दो व्यक्तियों में से एक की मृत्यु हो गई। एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसके बाद हमने घटना में शामिल कई लोगों को हिरासत में लिया है। स्थिति अब सामान्य है और जल्द ही पूरी तरह शांति बहाल हो जाएगी। जोसेफ ने कहा कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल अधिकतर संदिग्धों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी बहुसंख्यक समुदाय से हैं और सुभाष चौक इलाके में रहते हैं, जबकि मृतक रामगंज इलाके का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि दोनों इलाके जयपुर के परकोटे वाले इलाके के हैं। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने कहा कि इलाके में हालात नियंत्रण में हैं और पर्याप्त संख्या में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) सहित बल तैनात है। उन्होंने कहा कि घटना में लिप्त लोगों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई होगी। डीजीपी ने कहा कि घटनास्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती के अलावा ड्रोन से भी इलाके की निगरानी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम शहर के सवाई मान सिंह सरकारी अस्पताल में कराया गया है। इस घटना के बाद मुस्लिम बहुल इलाकों में कई दुकानें बंद हो गईं और मृतक के परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के लिए वहां जमा हो गए। हालांकि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों का पकड़ लिया और इलाके में बल की त्वरित तैनाती के बाद स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया गया। पुलिस ने कहा कि इलाके में स्थिति नियंत्रण में है।

मणिपुर : भाजपा के नेताओं ...

जा रहा है। इन नेताओं ने विस्थापित लोगों को उनके मूल निवास स्थानों पर तत्काल फिर से बसाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हमारी सरकार राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। राज्य स्तर पर हमारी पार्टी भी नए घटनाक्रमों से निपटने में एक प्रमुख महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसमें यह भी मांग की गई है कि आम लोगों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात के मुक्त प्रवाह को तत्काल बहाल किया जाना चाहिए। राज्य इकाई ने उन लोगों को मुआवजा देने का भी आह्वान किया जिनके घर नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष में मारे गए लोगों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। पत्र में नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने और किसी भी नियम के उल्लंघन को आतंकवाद के कृत्य के रूप में मानने का भी आग्रह किया गया। राज्य इकाई ने नड्डा से अवैध प्रवासियों के बायोमेट्रिक डाटा को रिकॉर्ड करने के अभियान को जल्द पूरा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को अवगत कराने का भी आग्रह किया, ताकि एनआरसी के जल्द क्रियान्वयन की सुविधा मिल सके और सभी अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट किया जा सके और निरंतर निगरानी के लिए एक संयुक्त निगरानी समिति का गठन किया जा सके।

नारी शक्ति : राष्ट्रपति की...

चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार सरकार जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया शुरू कर देगी। जनगणना को पूरे होने में एक साल का समय लग सकता है। इसके बाद परिसीमन की कार्रवाई शुरू हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश, चुनाव आयोग का एक प्रतिनिधि और प्रत्येक राजनीतिक दल का एक प्रतिनिधि परिसीमन आयोग का हिस्सा होगा, जैसा कि कानून कहता है। शाह के बयान से ये संकेत तो गया है कि जनगणना और परिसीमन का काम अगले लोकसभा चुनाव के बाद शुरू हो जागा। लेकिन ये काम खत्म कब होगा और उसके कितने समय बाद महिला आरक्षण लागू कर दिया जाएगा, इसे लेकर अभी भी कोई साफ तस्वीर नहीं है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी के अनुसार, जनगणना के आधार पर ही परिसीमन की कवायद शुरू हो सकेगी। इस प्रक्रिया के बाद ही सीटें नई लोकसभा में की क्षमता को देखते हुए बढ़ाई जाएगी और उनका एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के हक में जाएंगा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में कहा था कि उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 को लागू किया जाएगा। कर्मचारियों के लिए जनगणना का काम आसान नहीं है। इसमें विभिन्न सामाजिक और आर्थिक मापदंडों से संबंधित डाटा एकत्रित करना होता है। हमारी सरकार महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी आशंका को दूर करेगी। संसद में बहस करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि कोरोना महामारी के कारण 2021 में जनगणना नहीं हो सकी। 2024 के आम चुनावों के तुरंत बाद जनगणना की जाएगी। विधेयक के अधिनियमित होने के बाद जब भी पहली जनगणना होती है और उसके प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित किए जाते हैं। इसके बाद ही फिर नए सिरे से परिसीमन की कवायद की जाती है। संविधान का अनुच्छेद 81 कहता है कि देश में लोकसभा सांसदों की संख्या 550 से ज्यादा नहीं हो सकती। हालांकि, संविधान ये भी कहता है कि हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद होना चाहिए। आखिरी बार 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन हुआ था। इसके बाद ही सीटों की संख्या 543 तय हुई थीं। अगर हर 550 सीटों की शर्त को खत्म कर दें और हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले नियम को लागू करें तो इस स्थिति में इस समय कुल 1425 सांसद होंगे। इसे ऐसे समझिए कि इस समय देश की आबादी 142.57 करोड़ से ज्यादा है। अगर हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद के हिसाब से बंटवारा हो तो 142.57/10,00,000= 1,425 होता है। हालांकि, ये सिर्फ अनुमान है। ये संख्या कम ज्यादा भी हो सकती है। क्योंकि नए संसद भवन में भी लोकसभा सदस्य में 888 और राज्यसभा में 384 सांसद ही बैठ सकते हैं। जनगणना और परिसीमन के बाद ही यह कानून लागू हो पाएगा। जनगणना में करीब दो साल लगेंगे। इसके बाद ही परिसीमन संभव है, लेकिन मौजूदा कानून के तहत अगला परिसीमन 2026 से पहले नहीं किया जा सकता हैं ऐसे में 2027 के 8 राज्यों के विधानसभा चुनाव व 2029 के लोकसभा चुनाव के दौरान ही यह लागू हो पाएगा। 2026 के परिसीमन में तय होगा कि कौन सी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इसके बाद जब जब परिसीमन होगा। उस हिसाब से सीटें बदलती रहेंगी। महिला आरक्षण बिल को परिसीमन और जनगणना से जोड़ा गया है। यही बातें कानून बनने के बाद भी इसे लागू करने में आड़े आएगी। दरअसल, दोनों ही प्रक्रिया बेहद जटिल और धीमी गति से चलने वाली है। 2021 की जनगणना की प्रक्रिया डिजिटल तरीके से होनी है। लेकिन हर एंट्री के सत्यापन के लिए मौके पर जाना पड़ेगा। इसी तरह परिसीमन में डेढ़ से दो साल का वक्त लगने की संभावना है। क्योंकि आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में जनसुनवाई आयोजित करेगा। महिला आरक्षण जनगणना और परिसीमन के बाद लागू होगा। दक्षिण के राज्यों में आबादी उत्तर के मुकाबले कम है। इसलिए दक्षिण के मुकाबले उत्तर में दोगुनी सीटें बढ़ सकती हैं। नीचे दिया गया अनुमान लोकसभा की अधिकतम 888 सीटों पर आधारित है। परिसीमन वह प्रक्रिया है जिसमें लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय की सीटों की सीमाएं तय की जाती हैं। चूंकि लोकसभा—विधानसभा में एक निश्चित आबादी के लिए प्रतिनिधित्व होता है। आबादी में बदलाव से यह स्थिति बदल जाती है इसलिए हर जनगणना के बाद ये प्रक्रिया होती है। इसकी कवायद सुप्रीम कोर्ट के रिटा.जज की अध्यक्षता में की जाती है। इसके लिए एक परिसीमन आयोग का गठन किया जाता है। इसे संसद में कानून पारित कर गठित किया जाता है। इस आयोग के आदेश को मानना कानूनी रूप से बाध्यकारी होता है। इसे किसी कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है। संसद भी इसके आदेश में संशोधन का सुझाव नहीं दे सकती है। 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना कोविड के कारण टल गई थी। जून 2023 में भारत के जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने जनगणना के लिए जिला, तहसील, कस्बे व गांवों की प्रशासनिक सीमाएं तय करने की तिथि 1 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी। इस सीमाओं के तय होने के तीन माह बाद जनगणना शुरू होती है लेकिन उसी दौरान देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा होगी। इसलिए उस वक्त ये संभव नहीं होगी। जनगणना के बाद परिसीमन प्रक्रिया होगी। सुप्रीम कोर्ट में जब नए संसद भवन को बड़ा बनाने को लेकर चुनौती का मामला आया तो केंद्र ने हलफनामे देकर यह संभावना जताई कि अगले परिसीमन में लोकसभा की सीटें 543 से 888 और राज्यसभा की 245 से बढ़कर 384 हो सकती है। परिसीमन आयोग अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट गजट में प्रकाशित करता है। आम आदमी से मिले फीडबैक से जुड़ी जरूरी बदलाव के बाद फाइनल रिपोर्ट तैयार होती है। परिसीमन आयोग की सिफारिशें राष्ट्रपति द्वारा तय तिथि पर लागू होती है। रिपोर्ट की प्रतियां लोकसभा और विधानसभाओं में रखी जाती हैं। लेकिन इसमें किसी प्रकार के कोई संशोधन की अनुमति नहीं होती है।

सामूहिक ध्यान भटकाने ...

को किसी मशीन के पास गिरवी रख दें, चाहे वो कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो तो यह दुखद दिन और दुखद दुनिया होगी। जस्टिस ने सोचने की क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि स्वतंत्र रूप से और निडर होकर सोचने की क्षमता छात्रों को उन चीजों और विचारधाराओं को समझने और उनके बारे में जानने के लिए सक्षम बनाएगी जो दिन पर दिन शक्तिशाली होते जा रहे मास मीडिया उपकरणों की ओर से थोपे जा रहे हैं। हाई कोर्ट के जस्टिस ने कुछ दशक पहले का उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया तब जनसंहार के हथियारों के खिलाफ लड़ रही थी, आज सोशल मीडिया या मास मीडिया बड़े पैमाने पर ध्यान भट

रहस्यमय तरीके से महिला का शव बरामद

होजाई (हिंस)। जिले के लमडिंग में आज फिर से शव मिलने को लेकर सनसनी फैल गई है। एक के बाद एक शव मिलने के कारण लमडिंग में सनसनी व्याप्त है। पूर्वी लमडिंग ग्राम पंचायत संख्या 6 के वार्ड संख्या 6 में रेलवे ट्रैक के पास जंगल में एक महिला का शव रहस्यमय तरीके से पेड़ से लटका हुआ मिला। शव की पहचान स्थानीय निवासी उरमा दे के रूप में की गई है। लमडिंग में एक पानी की कंपनी में काम करने वाली मृतक महिला अपनी रोजमर्रा का काम खत्म कर घर वापस जाने के रास्ते में घर के लिए सामान की खरीदारी की थी। लेकिन, कुछ ही दूर आगे अचानक महिला का शव घर के करीब से बरामद हुआ। घटना के सही रहस्य का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन परिवार के सदस्यों और कार्यस्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, महिला को कुछ बदमाशों ने मार डाला और रहस्यमय तरीके से घने जंगल में लटका दिया।

विहिप गो रक्षा उत्तर पूर्व प्रांत की बैठक संपन्न

सकारात्मक ऊर्जा मिलती गाय से

गुवाहाटी (हिंस)। पांचजन्य भवन में विहिप गोरक्षा की प्रांत बैठक प्रात:काल 10 बजे से शाम 4 बजे तक 4 सत्रों में आज संपन्न हुई। 10 बजे गो पूजन आचार्य पद्धति विनोद ओझा ने शोक प्रस्ताव एवं केंद्रीय बैठक में पारित हुआ प्रस्ताव का वाचन किया। अतिथि परिचय सम्मान अंकुर बेजबरुवा ने विहिप गोरक्षा केंद्रीय मंत्री एवं गुवाहाटी, कोलकाता क्षेत्र पालक उमेश चंद्र पोरवाल ने प्रयागराज केंद्रीय बैठक के निर्णय एवं संगठन विस्तार के बारे अवगत कराया। विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री दिनेश तिवारी ने संकल्प लेकर गोरक्षा के ईश्वरीय को करने के लिए प्रखंड स्तर पर शीघ्र गोरक्षा टोलियों का गठन करने संबंधी प्रस्ताव लिया गया। गो विज्ञान परीक्षा, जैविक खेती, गो पर्व के बारे में अंकुर बेजबरुवा ने जानकारी दी। प्रांत सह मंत्री विहिप, विधान चंद्र देवराज ने सभी जिलों में गोरक्षा की घोषणा केंद्रीय मंत्री पोरवाल की उपस्थित में क्षेत्र संगठन मंत्री दिनेश तिवारी, विहिप गोरक्षा भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद, पूर्वोत्तर अध्यक्ष संत लाल मित्तल, प्रांत मंत्री रमेश

संत लाल मित्तल ने प्रांत टोली गोरक्षा नवीन दायित्वों को इस प्रकार घोषित किया। प्रांत गौशाला संपर्क प्रमुख हनुमान बहती, प्रांत गो विज्ञान परीक्षा प्रमुख अंकुर बेजबरुवा, प्रांत जैविक कृषि प्रशिक्षण प्रमुख विनोद कुमार ओझा, प्रांत विधि प्रमुख करिश्मा दास, महिला प्रमुख धन देवी, गो सम्पदा विस्तार प्रचार-प्रसार प्रमुख नटवर अग्रवाल, सुधीर केजरीवाल, गोरक्षा रथ प्रमुख सुरेंद्र गोयल, नलबाड़ी विभाग गोरक्षा प्रमुख सुनील शर्मा, कार्बीआंलोग डीफू विभाग गो उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख प्रमेन्द्र सिंह आदि दायित्वों को ध्वनि से स्वीकृति प्रदान की गई। सभी को फुलाम गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। गोपाल शर्मा नगांव विभाग प्रमुख, .जिला गोरक्षा प्रमुख गगन गोलाघाट, भरत, नगांव, प्रमोद, मोरीगांव, धुबड़ी, बगाईगांव, कोकराझाड़ उदालगुड़ी संजय दास आदि उपस्थित हुए। प्रमेन्द्र सिंह ने गोबर से बनी चिप का कमाल दिखाया। चिप तो जादू की तरह कार्य करती है। अध्यक्ष ने आशीर्वाद देकर सकारात्मक ऊर्जा के साथ बैठक को समाप्त किया।

लोकसभा चुनाव में अकेले लड़ेगी बीपीएफ : हग्रामा

कोकराझाड़ (हिंस)। बोड़ोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) प्रमुख तथा बीटीसी के पूर्व सीईएम हग्रामा महिलारी ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। किसी भी राजनीतिक दल से उनकी पार्टी का तालमेल नहीं होगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो ठीका देने के अलावा और किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीटीसी का कामकाज ऑल बोड़ो स्टूडेंट यूनियन के कार्यालय से चलाया जा रहा है। इस कार्यालय में क्षेत्र के आम लोगों की पहुंच नहीं हो पाती है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रमोद बोड़ो किसी काम के आदमी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एआईयूडीएफ के साथ किसी भी प्रकार की मित्रता का सवाल ही पैदा नहीं होता है। हग्रामा ने कहा कि प्रमोद बोड़ो के कार्यकाल में बीटीसी इलाके में कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस क्षेत्र के लोग प्रमोद बोड़ो के कामकाज से बिल्कुल ही संतुष्ट नहीं हैं।

लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी गोल्ड का स्वच्छता अभियान

गुवहाटी। आज गुवाहाटी महानगर में लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी गोल्ड द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत आभियान में लायंस गोल्ड के सदस्यों ने जीएमसी हॉस्पिटल के सामने स्वच्छता अभियान कि शुरुआत कि जिसमे रजिस्टर ऑफ कम्पनी के सदस्यों और गोल्ड के सदस्यों ने मिलकर मुख्य रोड से हॉस्पिटल के अंदर सफाई कि और आम लोगो को सफाई अभियान के प्रति जागरूक किया द्य क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश अग्रवाल ने बताया कि जैसे हम लोग अपने घरों में साफ सुथरा रखते ह वैसे ही हमे अपने शहर को भी साफ सुथरा रखना चाहिए और इसमें उपस्थित क्लब के सदस्यों में अनूपम अग्रवाल, राहुल तुलस्यान, अजय सिंघल, सुमिता सिंघल, प्रतीक अग्रवाल, खुशबू सेठिया, राकेश पारीक (कोषाध्यक्ष) का भरपूर सहयोग रहा और कार्यक्रम कि जानकारी क्लब के जन सम्पर्क अधिकारी अमित पोद्दार द्वारा दि गई।

दो किशोरियों का यौन उत्पीड़न कर आरोपी फरार

गोलाघाट (हिंस)। जिले के मेरापानी में दो किशोरियों का यौन उत्पीड़न करके आरोपी के फरार होने को लेकर सनसनी फैल गई है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार मेरापानी पुलिस थानाक्षेत्र में 55 वर्षीय व्यापारी बलोराम बोरा पर दो-दो किशोरियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाना में आज शिकायत दर्ज कराई गई है। किशोरियों के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पिछले गुरुवार को कक्षा 5 में पढ़ने वाली एक किशोरी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया, जब वह दुकान पर दवा लेने जा रही थी।

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहित चंद्र लहकर का निधन

रंगिया (विभास)। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व सचिव सुरभी लहकर के पिता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहित चंद्र लहकर के निधन से समूचे अंचल में शोक व्याप्त है। उनका स्वर्गवास शुक्रवार को गुवाहाटी के एक निजी अस्पताल में हृदय जनित रोग के कारण हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र 75 वर्ष थी। उन्होंने सुबह 10.30 बजे अपनी आखिरी सांस ली। मृत्यु की खबर के बाद उनके चाहनेवालों और समाजबंधुओं द्वारा उनका अंतिम दर्शन उनके निवास स्थान पर श्रद्धासुमन के साथ किया गया। तथा भारी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। शुक्रवार को धार्मिक रीति रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. लहकर अपने पीछे पत्नी, पुत्र-बहु, बेटी-जवाई, दोहिता, दोहिती सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है।

महिला को अश्लील इशारे को लेकर दो गुटों में झड़प, 10 लोग घायल

नगरबेड़ा (विभास)। बरपेटा जिले के बागबर विधानसभा क्षेत्र के आलोपतिचर थाना क्षेत्र के सुखवरझार में आज दोपहर एक युवक के गंदे इशारे के बाद एक भयावह घटना हुई। शाहिदुल इस्लाम नाम के युवक द्वारा अभद्र इशारे करने के कारण यह घटना हुई। और इसे लेकर दो दलों में झगड़ा हुआ। पिटाई में पुरुषों और महिलाओं सहित कुल 10 लोग घायल हो गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हमले में कमाल उद्दीन, मुजीबुर रहमान, सायरों नेसा, जैनुद्दीन अहमद, मोइनुल हक और कमालउद्दीन पक्ष के शहीदुल इस्लाम, महिदुल इस्लाम, राबिया खातून, कमला खातून और दिलावर हुसैन घायल हो गए। सभी घायलों को आलोपाति के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जबकि कमालउद्दीन, मजीरन नेसा और सायरोन नेसा बुरी तरह से घायल हो गए और तीनों को बरपेटा फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस पिटाई के कारण इलाके में काफी तनाव मचा हुई।

दिव्यांग बच्चों के लिए राज्यपाल ने दिए पांच लाख रुपए

गुवाहाटी। श्रवण एवं वाणी बाधित बच्चों के कौशल विकास के लिए महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन गुवाहाटी चैप्टर द्वारा आयोजित एवं आचार्य तुलसी महाश्रमण रिसर्च फाउंडेशन, गुवाहाटी तथा अनाम प्रेम, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तुलसी ग्रैंड, गरल, गुवाहाटी में 28 सितंबर से शुरू हो चुका है। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन (मिसो), गुवाहाटी चैप्टर, अनाम प्रेम, मुंबई और आचार्य तुलसी महाश्रमण रिसर्च फाउंडेशन, गुवाहाटी के संयुक्त रूप से तुलसी ग्रैंड, गरल धारापुर में श्रवण और वाणी बाधित बच्चों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के रोजगार मूलक कौशल विकास शिविर का आयोजन कर रहे हैं। यह पहली बार है कि 28 सितंबर से 02 अक्तूबर 2023 तक पांच दिवसीय शिविर देश के पूर्वी क्षेत्र, गुवाहाटी के धारापुर में एक पूर्णत: नि:शुल्क सामाजिक और आवासीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। औपचारिक उद्घाटन दिवस 29 सितंबर 2023 को शाम 6 बजे आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल, महामहिम श्री गुलाब चंद कटारिया के साथ सम्माननीय अतिथि श्री रमेंद्र नारायण कलिता - पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक (पश्चिम गुवाहाटी), वीर पुष्प जैन - अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, वीर-लोकेश कावड़िया-महासचिव- महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन वीर अशोक जैन- अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष- महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, वीर अशोक छाबड़ा - अध्यक्ष - महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन (गुवाहाटी चैप्टर), नरेंद्र जैन-सचिव - महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन (गुवाहाटी चैप्टर), वीर विजय दोशी-संयोजक - श्रवण और वाणी बाधित बच्चों का 22वां राष्ट्रीय संगम (स्किल डेवलपमेंट), सतीश नागरे-अनाम प्रेम (मुंबई), डॉ. मनीष बिश्नोई-इंटरनेशनल डायरेक्टर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, विजय डागा-अध्यक्ष, एटीएमआरएफ में तुलसी ग्रैंड प्रेसिडेंट के ट्रस्टी मंचासिन थे। मुख्य अतिथि राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में महावीर इनकंटिनेंटल द्वारा आयोजित दिव्यांग बच्चो के लिए इस शिविर की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्य होते रहे इसकी अपील की। साथ ही महावीर कांटिनेंटल को असम राज्यपाल रिजर्व फंड से 5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। धन्यवाद ज्ञापन वीर अशोक छाबड़ा द्वारा किया गया। समापन समारोह 2 अक्तूबर 2023 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा, जहां मुख्य अतिथि असम के माननीय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा होंगे एंव विशेष अतिथि अशोक सिंघल, मंत्री, सिंचाई, आवास एवं शहरी मामले, असम सरकार, दिसपुर होगें। एक जानकारी देते हुए महावीर इंटरकोंटिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन गुवाहाटी के सचिव नरेंद्र जैन ने बताया कि इस मूक-बधिर बच्चों के स्किल डेवलपमेंट शिविर में पूरे देश के लगभग 25 प्रांतों के बच्चों के हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहें है, साथ ही उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न तरह के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण सिखाया जाएगा।

लायंस क्लब ऑफ रिवरव्यू व लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमानंद ने संयुक्त रूप से लगाया रक्तदान शिविर

गुवाहाटी। लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी रिवरव्यू और लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमानंद ने संयुक्त रूप से वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन मालीगांव एनएफ रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में किया गया था और कार्यक्रम का उद्घाटन मालीगांव एनएफ रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर आदरणीय डॉ. बीपी डेका ने डॉक्टरों की एक टीम के साथ किया। सभी दाताओं को नाश्ता परोसा गया और सभी डॉक्टरों, तकनीकी कर्मचारियों, नर्सों और सदस्यों को भी नाश्ता और दोपहर का भोजन परोसा गया, जिसे लायन सर्मिला सैकिया, आरजीएमटी द्वारा प्रायोजित किया गया था। रेलवे पुलिस बल के जवानों से कुल 20 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसमें लायन सदस्यों और गैर लायन सदस्यों दोनों ने भी रक्तदान किया। हम सभी लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे इस नेक काम के लिए आगे आएं और रक्तदान करें जो किसी जरूरतमंद के लिए जीवन रक्षक हो सकता है। पीआरओ सोनिया अग्रवाल ने हमें यह भी बताया कि इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए दोनों क्लबों के कई सदस्य उपस्थित थे। क्लब सचिव लायन रूबी दास ने डॉक्टरों, नर्सों, तकनीकी कर्मचारियों, रेलवे बल के जवानों और रिवरव्यू और उमानंद टीम को उनके पूर्ण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

गुवाहाटी : कचरे के ढेर में मिला शव

गुवाहाटी (हिंस)। राजधानी गुवाहाटी में आज एक बार फिर एक अज्ञात शव बरामद किया गया है। यह शव मालीगांव के पांडु में मिला है। बरामद शव एक युवक का है। जानकारी के अनुसार शव पांडु के जयमती नगर में एक कचरे के ढेर से मिला। शव को सबसे पहले स्थानीय लोगों ने देखा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर शव को बरामद कर लिया है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। इससे पहले 14 अगस्त को इससे कुछ ही दूरी पर आदाबाड़ी इलाके में इसी प्रकार कचरे के ढेर में एक शव मिला था। गुवाहाटी में इन दोनों हर दिन शव बरामद हुआ करता है।

आलोपति में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सम्मानपूर्वक विदाई

नगरबेड़ा (विभास)। बरपेटा जिले के बाघबर निर्वाचन क्षेत्र के तहत एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान डॉ. जाकिर हुसैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ सहायक शिक्षक अब्दुल बारिक आज सरकारी नियमों के अनुसार सेवा जीवन से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंध समिति एवं शिक्षक-कर्मचारी समूह की पहल के तहत आज विदाई सम्मान सभा का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक रफीकुल हसन की अध्यक्षता में व छात्र एकता सभा के कार्यवाहक शिक्षक स्वाहाब उद्दीन ने विदाई सभा का उद्देश्य समझाया। सम्मान सभा में विद्यालय से सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक अध्यापक अब्दुल बारिक को विद्यालय के शिक्षक समूह, स्टाफ ग्रुप एवं विभिन्न लोगों द्वारा मैनपाट, फुलम गमोसा, पुस्तकें, शरई, छाता, ड्रेस आदि देकर सम्मानित किया गया। बैठक में आधिकारिक विदाई स्वागत प्राप्त करते हुए, नव सेवानिवृत्त शिक्षक ने स्कूल में शामिल होने से लेकर अपने लंबे सेवा जीवन तक के अपने यादगार अनुभव को व्यक्त किया और उस अवधि के दौरान स्कूल के साथ विभिन्न लोगों से प्राप्त मदद और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य एम अब्दुल माजिद, सेवानिवृत्त शिक्षक जालिम उद्दीन अहमद, खोलाबांधा उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अल्फाजउद्दीन अहमद, सेवानिवृत्त शिक्षक जैनुद्दीन अहमद, अलोपति मोइना प्राथमिक विद्यालय मिनवारा बेगम 1 नं आलोपति माजरचर जिला परिषद के सदस्य मौसुम नरजियारा परबीन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर लुइतपरिया कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. अब्दुर रऊफ सिद्दीकी, प्रो डॉ. हजरत अली, पंचायत अध्यक्ष सिराजुल हक, पूर्व पार्षद शिराजुल हक, अल्हाजुल हक, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. शमसुल आलम सर्रवाड़ी, उपाध्यक्ष अजहरुल आलम अहसान, स्कूल के सदस्य नूर मोहम्मद अली, स्कूल के सदस्य श्री. वर्तमान अध्ययनरत छात्र छात्राएं, कर्मचारी सामिल रहे।

रंगिया : खेतों में ड्रोन से दवा छिड़काव को लेकर प्रशिक्षण शिविर

रंगिया (विभास)। रंगिया के गोसाईं सोलमारी में शुक्रवार को कामरूप कृषि विज्ञान केंद्र के सौजन्य से तथा रंगिया कृषि विभाग के सहयोग से ड्रोन की सहायता से खेतों में दवा के छिड़काव को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के भूमि विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ डॉ. ऋतुपर्ण सैकिया ने उपस्थित होकर किसानों को ड्रोन के व्यवहार के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेगानाइजेसन नामक एक योजना के अधीन किसानों के व्यवहार के लिए ड्रोन की व्यवस्था की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि ड्रोन की सहायता से 10 लीटर दवा 2 बीघा भूमि में लगेगी वहीं हाथों से स्प्रे करने वाली मशीन से 1 बीघा भूमि पर प्राय: 45 लीटर दवा की आवश्यकता होती है। दूसरी ओर ड्रोन द्वारा दवा के छिड़काव के समय का भी बचाव होता है। ड्रोन द्वारा केवल मात्र 10 मिनट समय में प्राय: 1 बीघा भूमि में दवा का छिड़काव किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रंगिया कृषि विभाग नकुल चक्र के कृषि सम्प्रसारण सहायक रेकुबुद्दीन अहमेद के अलावा कृषि विकास अधिकारी स्मृता शर्मा भी उपस्थित रही। इस मौके पर कृषि विभाग के दोनों अधिकारियों ने उपस्थित कृषकों को अच्छे परिणामों के लिए दवाओं का अत्यधिक प्रयोग और दो-तीन दवाओं के मिश्रण का प्रयोग खेतों में नहीं करने का आग्रह किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंचल के किसानों के साथ स्थानीय महिलाओं और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

हिंदी दिवस पर कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान का पखवाड़ा आयोजित

बिश्वनाथ (विभास)। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (उत्तर पूर्वी क्षेत्र) द्वारा आयोजित 14 सितंबर से 29 सितंबर तक मनाए जाने वाले हिंदी दिवस एवं पखवाड़ा महोत्सव का कल भव्यता से समापन समारोह किया गया। देश के सभी वर्गों के लोगों के बीच लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा हर साल हिंदी राजभाषा दिवस मनाया जाता है। इस हिंदी पखवाड़ा के संबंधित में रखकर 14 सितंबर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, प्रशिक्षुओं एवं छोटे बच्चों के बीच निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के अंतिम दिन कल समापन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कल संस्थान के निदेशक डॉ. पीपी राव की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि विश्वनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चिंतामणि शर्मा, वरिष्ठ कृषि अभियंता व कार्यालय प्रमुख पीसी मेश्राम और मैडम निदेशक महोदय को मंचासीन कराया गया। मंचासीन अतिथियों को पुष्प गुच्छा और फुलाम गामोछा से स्वागत किया गया। इसके बाद निदेशक महोदय, मुख्य अतिथि, मैडम निदेशक महोदय और कार्यालय प्रमुख द्वारा मां शारदा के प्रतिछवि के सामने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया गया। संस्थान के कर्मचारी अनिन्दिता शर्मा ने दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम में सहयोग किया। कोमल डोंगरवॉर, प्रीति पाटिल, हिमाक्षी सोनवाल ने सरस्वती वंदना गाकर वातावरण मंत्र मुग्ध कर दिया। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी मुक्ति पराजुली ने भारत सरकार के कृषि मंत्री जी के और वरिष्ठ कृषि अभियंता पीसी मेश्राम ने हिंदी दिवस 2023 के अवसर पर माननीय गृह मंत्री अमित शाह का संदेश वाचन (पाठ) किया। इसके बाद कार्यालय प्रमुख पीसी मेश्राम ने अपने उद्बोधन में हिंदी दिवस के सारगर्भित वक्तव्य दिए। मुख्य अतिथि बिश्वनाथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चिंतामणि शर्मा ने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने में लोगों के कर्तव्य के बारे में बताया। मातृभाषा के साथ ही राजभाषा हिंदी में कार्य करने की अपील की। संस्थान के निदेशक डॉ. पीपी राव ने अपने संबोधित अध्यक्षीय भाषण में राजभाषा हिंदी में कार्य के साथ हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाले। अंत में मुख्य अतिथि विश्वनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चिंतामणि शर्मा को शराई से सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक सत्र का शुभारंभ हुआ जिसमें कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. पीपी राव के अध्यक्षता में अधिकारियों और कर्मचारियों और उनके परिवारों, देश के विभिन्न राज्यों के तकनीकी संस्थानों के प्रशिक्षुओं और बच्चों ने गीत, नृत्य, कविताएं, गजल और भजन प्रस्तुत किए। इसके आलावा संस्थान के कॉलोनी के महिलाओं द्वारा सामूहिक गीत का प्रस्तुति दी। जिससे कार्यक्रम में चार चॉद लगा दी। इस अवसर समारोह में उपस्थित हिंदी सेवी व चाणक्य वार्ता के पत्रकार संतोष कुमार महतो को पुष्प गुच्छा और उपहार से स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कृषि अभियंता पी सी मेश्राम के साथ प्रशासनिक अधिकारी मुक्ति पराजुली, कृषि अभियंता रजनीश पटेल, लेखाकार प्रेम बहादुर विश्वकर्मा, हिंदी सेवी संतोष कुमार महतो, बेददीप उपाध्याय सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संस्थान के कर्मचारी सुनील प्रधान द्वारा संचालित समापन समारोह में कृषि अभियंता महेश रमेश पाटिल ने धन्यवाद ज्ञापित के साथ हिंदी दिवस एवं पखवाड़ा महोत्सव का भव्य समापन हुआ।

प्रधानमंत्री ने आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए ह्यसंकल्प सप्ताहह्ल नामक एक अद्वितीय सप्ताह भर का कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम पोर्टल भी लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के शीर्ष 10 कार्यक्रमों की किसी भी सूची में आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों का जीवन बदल दिया है। कार्यक्रम के लिए वैश्विक प्रशंसा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम न केवल इसलिए बड़ी सफलता होगी क्योंकि यह योजना अभूतपूर्व है, बल्कि इसलिए भी क्योंकि इसके लिए काम करने वाले लोग विलक्षण हैं। कार्यक्रम में 3 ब्लॉक लेवल अधिकारियों से बातचीत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जमीनी स्तर पर काम करने वालों का मनोबल देखने के बाद उनका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वह जमीनी स्तर के अधिकारियों के साथ उनकी टीम के सदस्य के रूप में काम करना चाहते हैं और विश्वास जताया कि कार्यक्रम के लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, "आकांक्षी जिला कार्यक्रम का प्रगति चार्ट मेरे लिए प्रेरणा बन गया।" आकांक्षी जिला कार्यक्रम के 5 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के तीसरे पक्ष के मूल्यांकन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम की सरल रणनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि ये शासन के चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा करने के सबक हैं। समग्र विकास के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सभी हिस्सों और क्षेत्रों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यसर्वसमावेशी विकास का अभाव, सभी को छूना, सभी को लाभ पहुंचाना संख्यात्मक विकास तो दिखा सकता है, लेकिन बुनियादी विकास नहीं होता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम हर जमीनी स्तर के पैरामीटर को कवर करते हुए आगे बढ़ें।" प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित विभागों के सचिवों से दो नई दिशाओं, हर राज्य का तेजी से

विकास और पिछड़े जिलों की मदद पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे देश में ऐसे 100 ब्लॉकों की पहचान करने को कहा जो उनके संबंधित विभागों में पिछड़ रहे हैं और स्थितियों में सुधार लाने की दिशा में काम करें।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि जब 100 चिह्नित ब्लॉक देश के औसत से ऊपर चले जाएंगे तो विकास के सभी मानक बदल जाएंगे। मोदी ने सुझाव दिया कि केंद्र के सभी विभाग उन ब्लॉकों के विकास पर जोर दें जिनमें सुधार की गुंजाइश है। राज्य सरकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने 100 सबसे पिछड़े गांवों की पहचान करने और उन्हें सुधारने के लिए एक मॉडल बनाने का सुझाव दिया, जिसे अगले 1000 गांवों को विकसित करने के लिए दोहराया जा सकता है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित होने का मतलब विकसित महानगर और पिछड़े गांव नहीं हैं। उन्होंने कहा, "हम उस मॉडल का पालन नहीं करते हैं, हम 140 करोड़ लोगों के साथ चलना चाहते हैं।" उन्होंने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के दौरान जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उल्लेख किया और गुजरात के कच्छ जिले का उदाहरण दिया, जिसे कभी अधिकारियों के लिए दंडात्मक पोस्टिंग का स्थान माना जाता था, लेकिन अब तैनात अधिकारियों के समर्पण और परिश्रम से यह सबसे सम्मानजनक स्थान बन गया है। उन्होंने देश के आकांक्षी जिलों में हुए विकास के लिए युवा अधिकारियों को श्रेय दिया। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के लिए, प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को ब्लॉक स्तर पर सफल होने वाले युवा अधिकारियों को बढ़ावा देकर प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने सरकार के बजट के सिर्फ आउटपुट ओरिएंटेशन से परिणाम में बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि इससे गुणात्मक परिवर्तन आया है। शासन के अपने व्यापक अनुभव के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट परिवर्तन का एकमात्र कारक नहीं है। उन्होंने बिना बजट के विकास के आधार के रूप में संसाधनों के अधिकतम उपयोग और अभिसरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अभिसरण और संपूरकता का लाभ उठाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम टीम भारत की सफलता का प्रतीक है। ये सबका प्रयास की भावना का प्रतीक है। ये कार्यक्रम भविष्य के भारत के लिए भी अहम है। इसमें संकल्प से सिद्धि का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने सरकार पर निर्भरता की मानसिकता से बाहर आने की आवश्यकता पर बल दिया और महान कार्यों को पूरा करने के लिए समाज की ताकत पर प्रकाश डाला। 'जनभागीदारी' की आवश्यकता के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में एक नेता की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम में विकसित की जा रही टीम भावना के पहलू पर प्रकाश डाला, जिससे नेताओं और जनभागीदारी के लिए नए विचारों का उदय होगा। उन्होंने प्राकृतिक आपदा के दौरान समाज के एक-दूसरे की मदद के लिए एकजुट होने का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने लोगों की भागीदारी की भावना को प्रेरित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर सामूहिक रूप से काम करने का भी जिक्र किया और कुपोषण को खत्म करने के लिए क्षेत्रीय संस्थानों की वर्षगांठ मनाने और ऐसे अवसरों पर स्कूली बच्चों को भोजन वितरित करने का उदाहरण दिया। मोदी ने जोर देकर कहा, "जनभागीदारी या लोगों की भागीदारी में समस्याओं का समाधान खोजने की जबरदस्त क्षमता है।" उन्होंने कहा कि 'संकल्प सप्ताह' के दौरान सहकर्मियों के साथ एक सप्ताह तक बैठने से उन्हें एक-दूसरे की ताकत और जरूरतों के बारे में पता चलेगा और टीम भावना में सुधार होगा।

कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए राहुल गांधी, प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

शाजापुर, (हि.स.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान कालापीपल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलायकला में आयोजित जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। इससे पहले राहुल गांधी विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने उनकी अगवानी की। इसके बाद राहुल गांधी सड़क मार्ग से पोलायकला पहुंचे, जहां जन आक्रोश यात्रा की जनसभा को संबोधित किया। सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला, जीतू पटवारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सामने एक ही मुद्दा है- जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर यह पहला काम हम करके दिखाएंगे। उन्होंने महिला आरक्षण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण से पहले सर्वे की क्या जरूरत है? महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं है? जबकि नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि वे ओबीसी के नेता हैं। इससे पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सभा को संबोधित किया। गौरतलब है कि मप्र में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के जवाब में कांग्रेस ने 26 सितंबर से जन आक्रोश यात्राओं का आगाज किया था। प्रदेश के सात अलग-अलग इलाकों से कांग्रेस ने इन यात्राओं की शुरूआत की थी। ये यात्राएं लगभग 11 हजार 400 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रही हैं।

राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान को भाजपा ने बताया महिला विरोधी

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान को भारतीय जनता पार्टी ने महिला विरोधी बताया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ ऐसी सोच सिर्फ राजद की ही नहीं बल्कि पूरे आईएनडीआई गठबंधन की है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आधी आबादी को संसद में 33 फीसदी का आरक्षण दे कर उन्हें उनका हक दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर अब आईएनडीआई गठबंधन

महिलाओं को अपमानित करने में लगी है। उन्होंने कहा कि राजद नेता के शर्मनाक बयान पर आईएनडीआई गठबंधन या कांग्रेस पार्टी के किसी भी नेता ने इस बयान की निंदा नहीं की। इसका मतलब है कि वे इससे सहमत हैं। संसद में हमने पहले सपा और राजद को महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ते देखा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा ऐसी पार्टियों के साथ खड़ी रही है, क्योंकि ये महिला विरोधी हैं। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर में शुक्रवार को राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसी दौरान राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर बॉब कट और लिपस्टिक वाली महिलाएं आगे आ जाएंगी।

महाराष्ट्र में सरकारी कर्मचारियों का होगा जातिगत सर्वेक्षण

मुंबई, (हि.स.)। महाराष्ट्र में सरकारी कर्मचारियों का जातिगत सर्वेक्षण होगा। राज्य सरकार ने यह घोषणा करते हुए कहा है कि इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। समिति में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भी होंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार सरकार का यह बड़ा फैसला माना जा रहा है। बताया गया है कि ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों से शुक्रवार को मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने देररात आरक्षण मुद्दे पर चंद मंत्रियों की बैठक बुलाई। इस बैठक में सरकारी नौकरियों में ओबीसी कर्मचारियों के कम अनुपात को लेकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने रिपोर्ट पेश की।

भुजबल ने कहा कि ओबीसी समुदाय का आरक्षण 27 फीसदी है, लेकिन सरकारी नौकरियों में ओबीसी समुदाय का अनुपात 7 से 8 फीसदी है।

इस पर अजित पवार ने कुछ आपत्ति जताई। इसके बाद बैठक में ही सरकारी कर्मचारियों का जातिगत सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' अभियान, 29,000 कार्यक्रम होंगे

नई दिल्ली, (हि.स.)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन के नौ साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए पहली अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा के तहत "एक तारीख, एक घंटा, एक साथ" अभियान की घोषणा की है। इस दौरान एक घंटे में 29,000 से अधिक कार्यक्रम होंगे। यह कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और एनआईपीसीसीडी के कार्यालयों के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मुताबिक इस आयोजन में 15 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी रहेगी। स्वच्छता अभियान मुख्य रूप से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे आंगनवाड़ी केंद्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों, समुद्र तटों, पर्यटन स्थलों, नदी तटों, घाटों, नालों आदि के पास सार्वजनिक स्थानों को पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। इसे "स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) - 2023" नाम दिया गया है। इसका आगाज 15 सितंबर को हो चुका है। 2 अक्टूबर को इसका समापन होगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

Towards a new dawn
Ministry of
Women and Child Development
Government of India

आईएसआईएस के तीन आतंकियों को पकड़ने एनआईए कर रही छापेमारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजधानी दिल्ली में आईएसआईएस के तीन आतंकियों को पकड़ने के लिए एनआईए धड़ाधड़ छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार आतंकियों के दिल्ली में छिपे होने की खबर है। इन तीनों आतंकियों पर 3-3 लाख रुपये का इनाम भी रखा गया है। आतंकियों की तलाश में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) दनादन छापेमारी कर रही है। एजेंसी की यह छापेमारी दिल्ली के अलग-

अलग इलाकों में चल रही है। जानकारी के मुताबिक आतंकियों के नाम भी समाने आए हैं, इनमें मोहम्मद शाहनवाज आलम उर्फ शैफी उज्जमा उर्फ अब्दुल्ला, रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्लाह फयाज शैख है। इस ऑपरेशन में एनआईए के साथ पुणे पुलिस की टीम भी शामिल है। बताया जा रहा आतंकियों के खालिस्तानी कनेक्शन पर एनआईए की ये कार्रवाई हो रही है। एनआईए ने पिछले दिनों भी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी और उत्तराखंड में भी कई जगहों पर इसी तरह की छापेमारी की थी।

पीएटीए ट्रैवल मार्ट 2023 की मेजबानी करेगा पर्यटन मंत्रालय, 4 से 6 अक्टूबर तक प्रगति मैदान में होगा आयोजन

अजय त्यागी

नई दिल्ली। पर्यटन मंत्रालय तीन साल के बाद आयोजित होने जा रहे पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए) ट्रैवल मार्ट 2023 के 46वें संस्करण की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-कन्वेंशन सेंटर, प्रगति मैदान में 4 से 6 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस मार्ट में दुनिया भर से पर्यटन पेशेवरों और व्यावसायिक हितधारकों को एक साथ लाया जाएगा। ट्रैवल मार्ट का भौतिक संस्करण महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पीएटीए गोल्ड अवार्ड, पीएटीए यूथ सिम्पोज़ियम, पीएटीए फोरम ऑन सस्टेनेबिलिटी के अलावा बी2बी मार्ट सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि पेसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए) की स्थापना 1951 में हुई थी, जिसका मुख्यालय

बैंकॉक में है। यह एक प्रसिद्ध गैर-लाभकारी एसोसिएशन है, जिसे एशिया प्रशांत क्षेत्र में यात्रा और पर्यटन के विकास में उत्प्रेरक के रूप में अपनी भूमिका के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। पीएटीए ट्रैवल मार्ट पर्यटन क्षेत्र को पूरा करने वाली महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनियों में से एक है। यह एशिया प्रशांत क्षेत्र के वैश्विक खरीदारों और विक्रेताओं के बीच व्यापार बातचीत के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। मार्ट विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शकों और उपस्थित लोगों को एक साथ लाएगा, जो नेटवर्किंग, सीखने और सहयोग के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा।

युवक की हत्या के बाद जयपुर के रामगंज क्षेत्र में तनाव, भारी पुलिस फोर्स तैनात

जयपुर, (हि.स.)। राजस्थान में जयपुर के सुभाष चौक इलाके के गंगापोल में शुक्रवार देर रात एक युवक की हत्या के बाद से तनाव के हालात बन गए हैं। प्रशासन ने भारी पुलिस फोर्स के साथ एसटीएफ की टुकड़ी को भी तैनात किया है। हत्या से आक्रोशित लोगों ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर परकोटा क्षेत्र में बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ तक रास्ता जाम कर दिया। इलाके में तनाव को देखते हुए शनिवार सुबह पुलिस कमिश्नर, एडिशनल पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एडीसीपी समेत अन्य पुलिस अफसर सुभाष चौक इलाके में तैनात रहे। किशनपोल विधायक अमीन कागजी और आदर्श नगर विधायक रफीक खान भी क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए मौके पर पहुंचे। प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल हालात

तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताए जा रहे हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार जयपुर के रामगंज निवासी अब्दुल मजीद के 18 वर्षीय बेटे इकबाल की बाइक की टक्कर के बाद हुई मारपीट में मौत हो गई। रात करीब पौने 11 बजे इकबाल बाइक पर जयसिंहपुरा खोर से घर जा रहा था। इस दौरान गंगापोल स्थित रावल जी का बाग इलाके में इकबाल की बाइक की टक्कर एक युवक से हो गई। बाइक टकराने के बाद दोनों युवकों के बीच गाली गलौज हो गई। इस बीच इकबाल की वहां खड़े लोगों से बहस हो गई। मौके पर खड़े लोगों ने इकबाल से मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने इकबाल को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और इकबाल को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां इकबाल की मौत हो गई। इकबाल की मौत की जानकारी मिलते ही समाज के लोग जुटने लगे। मौहाल बिगड़ता देख क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

हिंदू विरोधी मानसिकता से बाज आए तमिलनाडु सरकार : विहिप

नई दिल्ली, (हि.स.)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉक्टर सुरेन्द्र जैन ने शनिवार को तमिलनाडु सरकार चेतावनी दी कि वह अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता से बाज आए। अगर तमिलनाडु सरकार अपना रवैया नहीं बदलेगी तो विहिप वहां एक बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। सुरेन्द्र जैन ने एक बयान में कहा कि तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने पहले सनातन हिंदू धर्म के विरुद्ध विषवमन किया और अब हिंदू संगठनों द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण कार्यक्रमों पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वह तमिलनाडु की पावन धरा से हिंदू धर्म को समाप्त करने के अपने अपवित्र एजेंडे को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि बजरंग दल एक



राष्ट्रभक्त संगठन है, जो देश के युवाओं में देशभक्ति का भाव जाग्रत करता है और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। उनके कार्यक्रमों पर रोक लगाना और उनके पदाधिकारियों को गिरफ्तार करना न केवल असंवैधानिक है अपितु राष्ट्र विरोधी तत्वों को प्रोत्साहन देना है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण तमिलनाडु के बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा कन्याकुमारी में प्रारंभ होने वाली थी। इस यात्रा को डीएमके सरकार ने अनुमति नहीं दी है। उन्होंने न केवल पब्लिक मीटिंग या हाल मीटिंग को अनुमति नहीं दी है अपितु सभी फंक्शन हॉल्स के मालिकों को भी नोटिस भेजा है कि किसी भी फंक्शन हॉल, यहां तक कि मंदिरों में भी इस प्रकार के कार्यक्रम नहीं होंगे। जैन ने अंत में कहा कि विहिप स्टालिन सरकार के इस दमन चक्र की कठोरता शब्दों में निंदा करती है और चेतावनी देती है कि वह अपने हिंदू विरोधी एजेंडे से बाज आएं। तमिलनाडु की पावन धरती, जहां का कण कण हिंदुत्व के रंग में रंगा है, वहां अब कोई हिंदू विरोधी एजेंडा सफल नहीं हो पाएगा। यदि सरकार का यही रवैया रहा तो विहिप को तमिलनाडु में एक बड़े आंदोलन की तैयारी करनी पड़ेगी।

समाज में परिवर्तन तब आएगा, जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आलोचना कर राजनैतिक लाभ अर्जित करने के प्रयास को मानवता के लिए घातक बताया। उपराष्ट्रपति ने भारतीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे। उन्होंने कहा भारतीयता और भारत हमारे लिए सर्वोपरि हैं, हमें भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में संकल्प फाउंडेशन और पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संघ को संबोधित किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने वरिष्ठ समाजसेवी माधव विनायक कुलकर्णी "मधु भाई" को "ऋषि सम्मान" से सम्मानित करते हुए कहा कि मधु भाई को सम्मानित करना मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने आगे कहा कि मधु भाई का जीवन सादगी से पूर्ण है और ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान करना समाज में स्थापित मूल्यों का सम्मान करना है। समाज की आधारशिला जिन मूल्यों और लोकाचारों पर टिकी हुई है, मधु भाई उसका जीवंत उदाहरण हैं। धनखड़ ने दूसरे देशों में जाकर भारत की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब बहुत अधिक प्रगति होती है तब न्यूटन के तीसरे नियम के तहत कुछ ताकतें देश की प्रगति की आलोचना करने

में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। किसी भी हद तक जाकर आलोचना करती हैं और देश को बदनाम करने का कुकृत्य करती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी वहां का मानव संसाधन है। देश की सांस्कृतिक विरासत भी एक बड़ी पूंजी होती है और सांस्कृतिक विरासत एक सॉफ्ट पावर के रूप में देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाती है। देश के युवाओं को आगाह करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार हैं। भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। लोकतंत्र में सबसे अधिक हितधारक हमारे युवा ही हैं। भारत की आबादी में युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश का भविष्य में क्या स्वरूप होगा, यह देश के युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाले योद्धा हमारे युवा ही बनेंगे। सांसदों के आचरण और मयार्दा को लेकर अपनी चिंता को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आप अपने सांसदों से संसद में क्या उम्मीद करते हैं? आप उम्मीद करते हैं कि हमारे सांसद वहां संवाद करेंगे, चर्चा करेंगे, गहन विचार विमर्श करेंगे और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन इसके बदले में आपको क्या देखने को मिलता है, शोर हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप। दरअसल, हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए ताकि दूसरे लोग उससे कुछ सीख सकें। हमें अपने आचरण से समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। जिस दिन हमारे देश के युवा ठान लेंगे की चुना हुआ सांसद संविधान की अपेक्षा के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करेगा, उस दिन हमारे सांसदों को संविधान के अनुसार आचरण करना पड़ेगा। भारत की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति बदलाव का एक मुख्य कारण बनेगी।इस शिक्षा नीति के तहत युवा एक साथ कई पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन यदि कोई है तो वह शिक्षा ही है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की नई शिक्षा नीति के माध्यम से समाज में एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी परिवर्तन होगा जो देश के शिक्षा जगत को एक नई दिशा प्रदान करेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज युवाओं के लिए भारत में करियर बनाने के लिए सर्वाधिक अवसर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के पूर्व अध्यक्ष, जस्टिस आदर्श गोयल, वरिष्ठ समाजसेवी माधव विनायक कुलकर्णी "मधु भाई", संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष, संतोष तनेजा, पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संघ के सदस्य और कई अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

केरल ट्रेन आगजनी मामला: शाहरुख सैफी के खिलाफ एनआईए ने चार्जशीट दाखिल की

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल ट्रेन आगजनी मामले में आरोपित शाहरुख सैफी के खिलाफ शुक्रवार को चार्जशीट दाखिल कर दी। वह केरल के कोझिकोड में ट्रेन में यात्रियों पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगाने के मामले में आरोपित है। दिल्ली के शाहीन बाग निवासी शाहरुख सैफी पर आरोप है कि उसने दो अप्रैल को अलाप्पुझा-कन्नूर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के कोझिकोड स्टेशन से रात लगभग 9.30 बजे रवाना होने के बाद डी-1 डिब्बे के यात्रियों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। इसमें एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य लोग झुलस गए थे। एनआईए का आरोप है कि शाहरुख सैफी ने

लोगों को मारने की नीयत से बोगी में आग लगाई थी। एनआईए के मुताबिक वह अलाप्पुझा-कन्नूर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुआ था। इससे पहले वह 31 मार्च को दिल्ली से केरल की यात्रा कर रहा था। वह दिल्ली से शोरनूर रेलवे जंक्शन पहुंचा था। एनआईए ने जांच में पाया कि उसने शोरनूर में एक पंप से पेट्रोल और रेलवे स्टेशन से लाइटर खरीदा था। चूंकि वह अपनी जिहादी प्रवृत्ति के तहत अपने को मशहूर करना चाहता था, इसलिए भी उसने इस घटना को अंजाम दिया। वह सोशल मीडिया पर जेहादी मानसिकता वाले धर्मगुरुओं के संपर्क में था और वह सोशल मीडिया पर आक्रामक बयान भी दे रहा था। घटना के बाद शाहरुख सैफी रत्नागढ़ (महाराष्ट्र) भाग गया था, जहां से महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार किया था। शुरूआत में कोझिकोड पुलिस ने इसके खिलाफ मामला भी दर्ज किया था। गृह मंत्रालय के निर्देश पर 17 अप्रैल को यह मामला एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया। एनआईए ने जांच के दौरान दस जगहों पर छापेमारी की और रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज, साक्ष्य व गवाह के तौर पर डिजिटल डिवाइस भी बरामद किए और लोगों से पूछताछ भी की।

अभिनेता अनुपम खेर ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, (हि.स.)। अभिनेता अनुपम खेर ने शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने कनक भवन में भी अपनी हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए अपनी वृद्ध माता को भी कनक बिहारी सरकार के दर्शन कराए। उन्होंने भगवान के साथ सेल्फी भी खींची। अनुपम खेर ने पत्रकारों से कहा कि यह धरती बहुत पवित्र है। यहां के कण-कण में भगवान राम विराजमान हैं। मेरी पूरे भारत और पूरे विश्व में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों से अपील है कि वह अयोध्या जरूर आएं और यहां आकर रामलला का सानिध्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि आज भगवान रामलला से सभी सनातन धर्मावलंबियों के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा है। मैंने तो उनके लिए भी आशीर्वाद मांगा है, जो सनातन को नहीं मानते हैं। भगवान राम सभी का कल्याण करें। इसके पहले अनुपम खेर ने अपनी लघु फिल्म को लॉन्च कर हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया और रामलला सदन देव स्थान रामकोट में संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। अयोध्या में दर्शन पूजन के बाद वे लखनऊ के लिए रवाना हुए।

प्रयागराज मण्डल के 300 स्थानों पर एक घंटे का होगा श्रमदान : हिमांशु बडोनी

-अपर मण्डल रेल प्रबंधक ने स्वच्छता पखवाड़ा की गिनाई उपलब्धियां

प्रयागराज, (हि.स.)। मण्डल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर पत्रकारों से कहा कि इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर इस अभियान में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने बताया कि इस स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मंडल के स्टेशनों, कार्यालयों, अस्पतालों, डिपो, आदि में गहन सफाई अभियान चलाया गया। 1 अक्टूबर को वृहद स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रातः 10 बजे से 1 घंटे का श्रमदान किया जाएगा। इसके लिए मण्डल में 300 स्थानों को चिन्हित किया गया है। संकल्प सभाकक्ष में शनिवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए श्री बडोनी ने बताया कि प्रयागराज परिक्षेत्र के 81, मिजार्पुर के 31, कौशाम्बी के 15, कानपुर नगर के 15, कानपुर के 44, फिरोजाबाद के 18, फतेहपुर के 26, इटावा के 11, चित्रकूट धाम के 14, अलीगढ़ के 18 लोकेशन सहित कुल 300 लोकेशंस को चिह्नित किया गया है। अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह ने बताया कि 16 सितम्बर से स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है। जिसके अंतर्गत 16 सितम्बर को स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छ जागरूकता दिवस, 17 सितम्बर को स्वच्छ संवाद दिवस, 18-19 को स्वच्छ स्टेशन दिवस, 20-21 को स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस, 22 को स्वच्छ पटरी दिवस, 23 को स्वच्छ परिसर दिवस, 24-25 को स्वच्छ आहार दिवस, 26 को स्वच्छ नीर दिवस, 27 को स्वच्छ जलाशय एवं पार्क दिवस, 28 को स्वच्छ प्रसाधन एवं पर्यावरण दिवस, 29 को स्वच्छ स्पर्धा दिवस तथा आज एकल उपयोग प्लास्टिक रहित दिवस मनाया गया। साथ ही पूरे पखवाड़े के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि 01 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान 10 बजे से एक घंटे का श्रमदान किया जाएगा। 02 अक्टूबर को महात्मा गाँधी जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह रख रखाव प्रबंधक आलोक केसरवानी एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी यूसी कुशवाहा, पीआरओ अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

सहकारी ग्राम विकास बैंक में ऋण मोचन योजना लागू

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों के हित में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) में मृतक ऋणी सदस्यों की ऋण मोचन योजना- 2023 लागू की गयी है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि यह योजना 01 अक्टूबर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रभावी होगी। योजना तीन श्रेणियों में लागू की गई है। प्रथम श्रेणी में 31 मार्च 2003 तक अथवा इससे पूर्व वितरित ऋण प्रकरणों में मृतक ऋणी सदस्य के वारिसान/हितधारक केवल अवशेष मूलधन की पूर्ण धनराशि जमा कर खाता बन्द कर सकेंगे, इन्हें ब्याज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2003 से 31 मार्च 2013 तक ऋण लेने वाले मृतक ऋणी सदस्यों के वारिसान/हितधारक अवशेष मूलधन के साथ 25 प्रतिशत ब्याज जमाकर खाता बन्द कर सकते हैं। इस प्रकार इन्हें ब्याज में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2013 से 31 मार्च, 2023 तक ऋण लेने वाले मृतक ऋणी सदस्यों के वारिसान/हितधारक अवशेष मूलधन के साथ 50 प्रतिशत ब्याज जमाकर खाता बन्द कर सकते हैं। इस प्रकार इन्हें ब्याज में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। श्री राठौर ने बताया कि एलडीबी में लगभग 45039 ऐसे ऋण खाते हैं जिनके ऋण धारकों की मृत्यु हो चुकी है। इन ऋण खातों में लगभग रुपये 282.00 करोड़ का मूलधन तथा रुपये 981.00 करोड़ के ब्याज सहित कुल रु.1263.00 करोड़ की धनराशि बकाया है। जेपीएस राठौर ने बताया कि इस योजना से मृतक ऋणी सदस्यों के वारिसानों को रु. 756.00 करोड़ ब्याज की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाकर अपने ऋण खाते बन्द करा सकते हैं।

भाजपा नेता के रिश्तेदार से 10 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

गाजियाबाद, (हि.स.)। कारोबारी व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले युवक को मोदीनगर थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। डीसीपी विवेक कुमार यादव ने बताया कि थाना मोदीनगर में राजकुमार गुप्ता निवासी सुचेतापुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने उनसे जबरन 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी व रंगदारी ना देने पर जान से मारने की धमकी थी। पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के बाद भी अरुण वर्मा ने अपने साथियों के साथ षड्यंत्र कर गुप्ता को पुनः जान से मारने की धमकी दी। इसके संबंध में 22 सितंबर को अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने रंगदारी की मांग करने वाले गाजियाबाद जिले के गोविंदपुरी निवासी अरुण वर्मा को गिरफ्तार किया।

डॉ. घनश्याम तिवारी की हत्या में फरार आरोपित राजस्थान से गिरफ्तार



लखनऊ, (हि.स.)। जनपद सुलतानपुर में डॉक्टर घनश्याम तिवारी हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपित विजय नारायण सिंह को यूपी एसटीएफ ने शनिवार को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लखनऊ लाया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, घनश्याम तिवारी की हत्या 23 सितम्बर को अपनी बैनामा की जमीन पर कब्जा करने के लिए रंगदारी को लेकर की गयी थी। पत्नी निशा तिवारी की पहली तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली नगर क्षेत्र के नारायण गांव निवासी मुख्य अभियुक्त अजय नारायण सिंह और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने अजय के पिता जगदीश नारायण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पत्नी ने अपनी दूसरी तहरीर पर अजय के चचेरे भाई भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह और उसके चाचा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश नारायण बब्बन सिंह सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाया था।

केस में इनके भी नाम दर्ज करने के लिए निशा ने कोतवाली में एक और तहरीर दी थी। इस मामले की जांच कर रही यूपी एसटीएफ ने विजय नारायण को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। बाकी की तलाश में टीम लगी हुई है। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि फरार आरोपी अजय पर 50 हजार का इनाम घोषित है। साथ ही लापरवाही बरतने पर नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय को निलंबित कर दिया था।

गांधी जयंती से यूपीनेडा प्रारंभ करेगा 'हर घर सोलर अभियान'

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयन्ती 02 अक्टूबर से यूपीनेडा लखनऊ एवं वाराणसी सोलर सिटी में "हर घर सोलर अभियान" प्रारम्भ करेगा। यह अभियान पूरे माह आयोजित किया जाएगा। निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि "हर घर सोलर अभियान" के अंतर्गत पहला बूट कैम्प लखनऊ के विकास भवन में तथा वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि उपभोक्ताओं के हित में आयोजित इस कैम्प में आवासीय एवम् व्यवसायिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों के सम्बधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। कैम्प के दौरान सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के सम्बन्ध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना की प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी जानकारी दी जायेगी।

लोहरदगा में मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम कार्यशाला

लोहरदगा, (हि.स.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा डालसा के प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी, ओरियंटल बीमा कंपनी के प्रबंधक शिव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है लेकिन दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान है। उन्होंने मोटर वाहन दुर्घटना के पश्चात जल्द से जल्द अनुसंधान पूर्ण कर आरोप पत्र समर्पित करने का आह्वान किया ताकि पीड़ित को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जा सके। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने भी विचार रखे। इससे पूर्व उद्घाटन भाषण में आरक्षी अधीक्षक हारिश बिन जमा ने ऐसे कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर बल दिया तथा अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डालसा की प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी ने किया। कार्यशाला में विभिन्न थानों के 40 पुलिस अधिकारी, मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, सदर अस्पताल के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे।

जमशेदपुर में फर्जी आयकर अधिकारी बन छापेमारी कर लूटने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

जमशेदपुर, (हि.स.)। जमशेदपुर पुलिस ने बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर फर्जी आयकर अधिकारी बन छापेमारी कर लूटने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मुखिया खुद को आयकर अधिकारी बताकर छापेमारी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपितों में बिरसानगर थाना क्षेत्र स्थित बिरसानगर जोन नंबर-2 निवासी अजय पूर्ति, जगरनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित केदुआ निवासी कांडे तिरिया, चाईबासा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित टुन्गरी निवासी कमलेश तिरिया और मुसाबनी थाना क्षेत्र स्थित नर्स लाइन निवासी प्रमित पूर्ति का नाम शामिल है। अजय पूर्ति मूलरुप से सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला थाना क्षेत्र स्थित सब्लापुर का रहने वाला है। आरोपित के पास से एक सूमो, एक स्कॉर्पियो, एक बेजा, एक बैग, ताला तोड़ने वाला गैस कटर, हथोडी, स्क्रू ड्राईवर, छेनी सहित अन्य समान बरामद किया गया है। यह जानकारी शनिवार को जमशेदपुर के एसएसपी कौशल किशोर ने पत्रकारों से बातचीत में दी। पुलिस के अनुसार 24 सितंबर को सुंदरनगर थाना क्षेत्र स्थित जोडरागोड़ा लाईन टोला मसं 135 पटेल बगान मेट्स इण्डिया कम्पनी के सामने रहने वाली एम मेरी के घर पर एक सूमो गाड़ी से तीन चार की संख्या में अज्ञात लोग आये और अपने आप को आयकर अधिकारी के रूप में परिचित देते हुए उसके घर के कमरे में फर्जी छापेमारी कर जेवरात एवं आठ हजार रुपये ले गये। इस सम्बन्ध में पीडिता एममेरी के आवेदन पर सुंदरनगर थाना (कांड संख्या-17/2023) में अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। घटना के उद्भेदन के लिये ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम काण्ड का उद्भेदन करते हुए इस काण्ड में संलिप्त अप्राथमिकी अपराधी अजय पूर्ति, कांडे तिरिया, कमलेश तिरिया और प्रमित पूर्ति को गिरफ्तार किया गया। आरपी के पास से घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने वाला गैस कटर, हथोडी, स्क्रू ड्राईवर छेनी घटना में आयकर अधिकारी के सादे लिबास (पैंट शर्ट), एक काले रंग बैग एवं घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त वाहन टाटा सूमो गोल्ड, स्कॉर्पियो, ब्रेजा को बरामद किया गया। वहीं घटना में संलिप्त अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी जारी है। सभी आरोपित फिल्म स्पेशल 26 से प्रेरित होकर आयकर अधिकारी बनकर 24 सितंबर की सुबह एम मेरी के घर पर घुसे और सबसे पहले घर का दरवाजा बंद करते हुए घर पर मौजूद एम मेरी और उसकी बेटी को बंधक बना लिया। पीड़ित का मोबाईल जब्त कर घर में पैसों की तलाश करते रहे। आरोपितों को सूचना मिली थी कि एम मेरी के घर करोड़ों रुपए हैं। सूचना के बाद आरोपित एक माह पूर्व घटना को अंजाम देने के लिये आयकर अधिकारी बन छापेमारी का योजना बनाया। घटना के दिन सभी तीन कार पर सवार होकर घटना को अंजाम देने पहुंचे थे। हालांकि कुछ हाथ नही लगा। अंत में जब्ती सूची बनाकर एम मेरी से साइन करवाया और फिर कार पर बैठकर फरार हो गए।

पूर्वी सिंहभूम डेंगू का बना हॉटस्पॉट, अबतक छह की मौत

रांची, (हि.स.)। झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसी बीच राज्य का पूर्वी सिंहभूम जिला डेंगू का हॉटस्पॉट बन चुका है, तो वहीं चिकनगुनिया का हॉटस्पॉट रांची है। जनवरी से लेकर अब तक राज्यभर में डेंगू के 1534 और चिकनगुनिया के 240 मरीज मिले हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले में अब तक डेंगू के 7735 संदिग्ध मरीज मिल चुके हैं। इनमें 891 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं डेंगू से इस जिले में छह लोगों की मौत भी हो चुकी है। जबकि साहेबगंज में 202, सरायकेला में 109, रांची में 69, हजारीबाग में 43, दुमका में 51, धनबाद में 40, देवघर में 27, चतरा में 14, पाकुड़ में 16, पश्चिमी सिंहभूम में 17, सिमडेगा में 4, लोहरदगा में 6, खूंटी-गिरीडीह में 19 और बोकारो जिले में 5 मरीज मिले हैं। राज्य भर में अब तक 294837 घरों का सर्वे किया गया। इनमें 13933 घरों में डेंगू का लारवा पाया गया है। जबकि 1012580 कंटेनर की जांच की गई है। इनमें 25531 में डेंगू के लारवा मिले हैं। जनवरी से लेकर अब तक राज्यभर में चिकनगुनिया के 5202 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 240 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। रांची में 1281 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 162 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। जबकि पूर्वी सिंहभूम में 2190 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 56 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है देवघर में 10, गोड्डा में 8 और लोहरदगा में 4 मरीज मिले हैं। शुक्रवार रात तक राज्यभर में डेंगू के 41 मरीज मिले हैं। इनमें पूर्वी सिंहभूम में 19, पाकुड़ में पांच, चतरा में सात, धनबाद में चार, दुमका में तीन, हजारीबाग में एक और सिमडेगा में दो मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में डेंगू के 60 एक्टिव मरीज हैं।

नवादा के धनावां आश्रम में मास ध्यान साधना शिविर 1अक्टूबर से शुरू

नवादा, (हि. स.)। नवादा के उग्रवाद प्रभावित कौआकोल में स्थापित प्रकृति की सुरम्य वादियों के बीच वन पर्वत की गोद में अवस्थित पूज्यपाद स्वामी नित्यानंद जी महाराज की साधना स्थली महर्षि संतसेवी ध्यानयोग आश्रम धनावां में प्रत्येक वर्ष की भांति मास ध्यान साधना शिविर का आयोजन 1से 30अक्टूबर तक आश्रम संचालक स्वामी शांतानंद जी महाराज के सानिध्य में होने जा रहा है। रविवार को 1 अक्टूबर से ध्यान भजन के साथ मास ध्यान शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। स्वामी शांतानंद जी महाराज ने बताया कि शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। साधकों के लिए शिविर बिल्कुल निःशुल्क है।इस अध्यात्मिक ध्यान साधना शिविर में वैसे साधक भाग ले सकते हैं जो स्वस्थ व नीरोग हों,जो दिन भर में पांच बार एक - एक घंटे ध्यान साधना में बैठ सकते हों।तीन बार सत्संग प्रवचन में भाग लेना अनिवार्य होगा।

सभी साधकों के लिए आश्रम में ही भोजन, जलपान,शयन आदि की समुचित व्यवस्था निःशुल्क है। शिविर में भाग लेने के लिए नवादा के अतिरिक्त भागलपुर, जमुई, बांका, देवघर खगड़िया,गया,पटना, मुंगेर, बेगुसराय सुपौल, आदि जिलों से दर्जनों साधक -साधु महात्माओं को आने की संभावना है। शिविर का समापन 30अक्टूबर को होगा इस मौके पर संतमत सत्संग के केंद्रीय आश्रम महर्षि मेंहीं आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर के साधु संत पहुंचेंगे ।जिनका प्रवचन होगा।

पूरे देश को एक सूत्र में पिरोती है जन-जन की भाषा हिन्दी : सत्य प्रकाश

बेगूसराय, (हि.स.)। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बरौनी रिफाइनरी में आज हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कार्यपालक निदेशक(तकनीकी) सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बरौनी रिफाइनरी गीत से किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) सत्य प्रकाश ने सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में पिरोती है। भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां अनेक संस्कृति एवं भाषाएं मौजूद है। इन सभी का सम्मान करते हुए हमें देश को आगे बढ़ाना है। तभी हम अनेकता में एकता को वास्तविक रूप से प्रस्तुत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हिन्दी आज जन-जन की भाषा बन चुकी है। तकनीक ने हमारे भाषाओं को फलने-फूलने का एक नया जरिया प्रदान किया है। जिसका हम समुचित प्रयोग कर भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दे सकते हैं। हिन्दी पखवाड़े में आयोजित प्रतियोगिताओं में लोगों की प्रतिभागिता सराहनीय है। हमारे सभी कर्मचारी गण राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारी (ईएमएस, एच) सत्येन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) जी.आर.के. मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. प्रशांत राउत, महाप्रबंधक (ईएमएस, एमएस, एल एवं डी) डॉ. पी.के. नाथ, बीटीएमयू के उपाध्यक्ष विभाकर कुमार, आईओओए के प्रतिनिधि नटराजन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति थे।

जिले के विभिन्न शैक्षिक समस्याओं को लेकर डीएम से मिला अभाविप का प्रतिनिधिमंडल

बेगूसराय, (हि.स.)। जिले के शैक्षणिक समस्याओं के समाधान को लेकर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मिलकर मांग पत्र सौंपा तथा सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल ने तेघड़ा, बलिया एवं बखरी में डिग्री कॉलेज निर्माण, सभी प्लस-टू एवं उच्च विद्यालयों में जल्द वर्ग कक्ष एवं शिक्षकों की उपलब्धता, शिक्षा विभाग द्वारा नियम विरुद्ध प्रोन्नति एवं पदस्थापन, जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से लगातार गायब रहने, छात्रहित की अनदेखी, बेसिक स्कूल में शिक्षा भवन का शीघ्र निर्माण तथा निरीक्षण के नाम पर अवैध वसूली सहित अन्य मुद्दों को रखा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निदान के लिए हमेशा संघर्षरत रही है। इसलिए हम तेघड़ा, बलिया एवं बखरी में शीघ्र डिग्री कॉलेज के निर्माण की मांग किए हैं। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता वर्षों से इन स्थानों पर डिग्री कॉलेज खोलने के लिए आंदोलन किए। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं उनके अधीनस्थ पदाधिकारी द्वारा बार-बार नियम विरुद्ध प्रोन्नति एवं पदस्थापन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत डीएम से किया गया। डीईओ कार्यालय में आज छात्र-छात्राओं तथा सामान्य जन की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। इसलिए हम जिला शिक्षा कार्यालय में समस्या समाधान केंद्र बनाकर एक पदाधिकारी स्थाई रूप से नियुक्त करने की मांग किए हैं। हमारी मांगों को सुनने के बाद डीएम ने कहा है कि बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम के पदाधिकारी से बात कर डिग्री कॉलेज निर्माण में तेजी लाई जाएगी। अगली बैठक में प्रत्येक प्लस-टू विद्यालयों एवं उच्च विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुसार उन्हें बेंच तथा पंखा इत्यादि मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाध्यापक को आदेश दिया जाएगा। डीएम ने आश्वस्त किया कि बार-बार शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी पर कार्रवाई को लेकर हमने विभाग को पत्र लिख दिया है। विभाग संयोजक सोनू सरकार एवं जिला संयोजक पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद वर्षों से बीपी स्कूल के छात्रावास को शिक्षा विभाग के अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग करती रही है। इसलिए हमने डीएम से कहा कि शिक्षा भवन का शीघ्र निर्माण एवं छात्रावास को खाली किया जाए। जिस पर डीएम ने बेसिक स्कूल की खाली पड़ी भूमि पर शिक्षा भवन का निर्माण शीघ्र करने की बात कही है। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए किसी प्रकार की समस्या होने पर उसके तत्काल निदान के लिए भी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के नगर सह मंत्री अजीत कुमार भी शामिल थे।

संपादकीय

जुड़ेंगे नहीं, तो जीतेंगे कैसे

'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया'...यह नारा विपक्षी गठबंधन के आपसी रिश्तों और मजबूत गठबंधन को परिभाषित करना चाहिए, लेकिन सटीक नहीं बैठता। यह महज एक जुमला-सा लगता है, क्योंकि गठबंधन के घटकों की हकीकत में गंभीर विरोधाभास हैं। ताजातरीन घटनाक्रम पंजाब का है। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के 32 विधायक उनके संपर्क में हैं। कांग्रेस सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यदि हमारी सरकार बनी, तो 2 महीने में ही 'आप' की सरकार गिर जाएगी। यह राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन गठबंधन का आभास तक नहीं होता। यह भाषा परम दुश्मन राजनीतिक दल की है। बवाल तब गंभीर हुआ, जब पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया। यह 2015 का केस है। गिरफ्तार होते ही कांग्रेस ने कपड़े फाडने शुरू कर दिए और राज्यपाल से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। दिल्ली में कांग्रेस नेता उदित राज ने यहां तक बयान दे दिया कि चूंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीडन किया जा रहा है, लिहाजा कांग्रेस 'आप' के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस बयान का शीर्ष स्तर ने खंडन तक नहीं किया। तो फिर यह गठबंधन कैसा है? ऐसे राजनीतिक विवाद सूबे-सूबे जारी हैं, लिहाजा 'इंडिया' गठबंधन की एकजुटता और लामबंदी लगातार सवालिया रही है। 'राजधर्म' और 'राजनीतिक धर्म' के तर्क दिए जाते हैं कि पार्टी और सरकार की भूमिकाएं अलग-अलग हैं, लेकिन ये राजनीतिक तर्क नहीं, बयान भर हैं। 'आप' के संयोजक केजरीवाल ने यह स्पष्ट किया है कि 'आप' विपक्ष के गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम गठबंधन धर्म निभाएंगे, लेकिन पंजाब में नशे को खत्म करने को भी हम प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा। केजरीवाल गोलमोल कर गठबंधन पर बात कर रहे हैं। पंजाब के अलावा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को खूब गरियाया है। उन राज्यों में 'आप' विधानसभा चुनाव लडने के भी मूड में है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने अपने लोकसभा नेता अधीर रंजन चौधरी को निरंकुश छोड़ रखा है। वह बयान दे रहे हैं कि ममता बनर्जी की सरकार को अब भगवान भी नहीं बचा सकते। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और वाममोर्चे के बीच भी तनातनी बनी रहती है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस और सपा ने आपसी विरोध के मोर्चे खोल रखे हैं। सपा वहां विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी। चूंकि कुछ मतदाता वर्ग साझे हैं, लिहाजा कांग्रेस को चुनावी नुकसान हो सकता है। केरल में वाममोर्चे और कांग्रेसी मोर्चे की टकराव वाली सियासत ही 'सनातन' है। सवाल यह है कि क्या 'इंडिया' गठबंधन की नियति भी वही लग रही है, जो अभी तक के तमाम गठबंधनों की रही है? विपक्षी गठबंधन के सामने प्रधानमंत्री मोदी और सबसे संगठित पार्टी भाजपा को हराने की हिमालय-सी चुनौती है। 'इंडिया' के भीतर की अपनी चुनौतियां हैं, क्योंकि विपक्षी दलों की आपसी सहमति अभी तक नहीं बनी है। कुछ और दल 'इंडिया' से जुडना चाहते थे, लेकिन अब उनके भाव बदलते जा रहे हैं। बसपा, वाईएसआर कांग्रेस, बीजद आदि कुछ ऐसे दल हैं, जो विपक्षी गठबंधन को मजबूत कर सकते हैं, लेकिन उन्हें लेकर अभी तक अनिर्णय की स्थिति है। 'इंडिया' के घटक दल बार-बार जुडने की हुंकार भरते हैं, लेकिन उनके भीतरी विरोधाभास सतह पर आते रहते हैं। फिर विपक्ष का महागठबंधन रूप कैसे आकार लेगा और वह 2024 का बेहद मुश्किल चुनाव कैसे जीतेगा? जातीय जनगणना और सनातन धर्म ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर वैचारिक सहमतियां अभी तक नहीं बन पाई हैं। दरअसल अभी तक यह भी तय नहीं हुआ है कि 'इंडिया' का नेतृत्व कौन करेगा? क्या चुनावी मुद्दे हैं? सीटों का बंटवारा कब होगा? 2019 में तो कांग्रेस ने अलग ही चुनाव लड़ा था। अब सीटों का फॉर्मूला क्या होगा? और यह कब तक तय होगा? विपक्षी गठबंधन की अनौपचारिक बैठकें करने के प्रयोजन ही पर्याप्त नहीं हैं। गठबंधन की पूरी राजनीति अभी तक तय हो जानी चाहिए थी। बहरहाल देश सब कुछ देख रहा है और विश्लेषण भी कर रहा होगा, लिहाजा 'इंडिया' महज बयानबाजी तक सीमित नहीं रह सकता। एनडीए को अगर चुनौती पेश करनी है तो इंडिया गठबंधन को सशक्त रूप में सामने आना होगा।

कांग्रेस सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यदि हमारी सरकार बनी, तो 2 महीने में ही 'आप' की सरकार गिर जाएगी। यह राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन गठबंधन का आभास तक नहीं होता। यह भाषा परम दुश्मन राजनीतिक दल की है। बवाल तब गंभीर हुआ, जब पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया। यह 2015 का केस है। गिरफ्तार होते ही कांग्रेस ने कपड़े फाडने शुरू कर दिए और राज्यपाल से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। दिल्ली में कांग्रेस नेता उदित राज ने यहां तक बयान दे दिया कि चूंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीडन किया जा रहा है, लिहाजा कांग्रेस 'आप' के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस बयान का शीर्ष स्तर ने खंडन तक नहीं किया। तो फिर यह गठबंधन कैसा है? ऐसे राजनीतिक विवाद सूबे-सूबे जारी हैं, लिहाजा 'इंडिया' गठबंधन की एकजुटता और लामबंदी लगातार सवालिया रही है। 'राजधर्म' और 'राजनीतिक धर्म' के तर्क दिए जाते हैं कि पार्टी और सरकार की भूमिकाएं अलग-अलग हैं, लेकिन ये राजनीतिक तर्क नहीं, बयान भर हैं। 'आप' के संयोजक केजरीवाल ने यह स्पष्ट किया है कि 'आप' विपक्ष के गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हमारी चिंता यह है कि राजनीतिक कारणों से कनाडा खालिस्तानियों को लेकर वास्तव में बहुत उदार रहा है

ट्रुडो के पिता भी आतंकियों के संरक्षक थे

योगेंद्र योगी

भारत के कड़े रुख से कनाडा बैकफुट पर आ गया है। वहां के रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत के साथ रिश्ते बहुत अहम हैं। ब्लेयर ने कहा कि खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच जारी रहने तक उनका देश इंडो-पैसिफिक रणनीति जैसी साझेदारियों को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। जाहिर है भारत को आंखें दिखाना आसान नहीं है।

कनाडा आतंकियों और अपराधियों की पनाहगाह को लेकर विश्व के सामने बेनकाब हो चुका है। आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा को पश्चिमी देशों से जिस सहानुभूति और सहयोग की उम्मीद थी, उसमें पूरी तरह नाकामी हाथ लगी है। यही वजह है कि कनाडा विश्व में अलग-थलग पड़ गया है। आश्चर्य की बात यह है कि निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर अपनी सम्प्रभुता में अतिक्रमण करने का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने आतंकवाद की वजह से तबाही के कगार पर पहुंचे पाकिस्तान से भी सबक नहीं सीखा कि किस तरह पाकिस्तान इसकी गिरफ्त में आकर बर्बाद हो चुका है। गौरतलब है कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को सिख अलगाववादी नेता निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित भूमिका के ट्रुडो के विस्फोटक आरोपों के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई है। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया। इस मामले में ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को देश से बाहर करने के बदले में भारत ने एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को बाहर कर दिया। भारत ने कनाडा से अपनी धरती से सक्रिय आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों पर सख्ती बरतने को कहा और कनाडाई लोगों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया। भारत से द्विपक्षीय रिश्ते की लिहाज कनाडा ने कभी नहीं करी। इसके विपरीत भारत की सदाशयता का कनाडा ने नाजायज फायदा उठाया और भारत के भगोड़े अपराधियों की शरणस्थली बन गया। मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कनाडा खूंखार अपराधियों और आतंकियों का ठिकाना बन गया है। इससे भी ज्यादा आश्चर्य यह है कि कनाडा के हमदर्द अमरीका और अन्य पश्चिमी देशों ने कभी भी कनाडा सरकार को इसके खतरनाक नतीजों को लेकर आगाह नहीं किया। कनाडा के मामले में पश्चिमी देशों की आतंक को दो मुंही कपटी नीति जाहिर हो गई है। कनाडा वर्षों से आतंकियों को पालने-पोसने का काम कर रहा है। यह काम मौजूदा प्रधानमंत्री ट्रुडो के पिता और प्रधानमंत्री रहे पियर ट्रुडो भी कर चुके हैं। पियर ट्रुडो 1968 से 1979 तक और फिर 1980 से 1984 तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे। खालिस्तानियों का प्रमुख नेता तलविंदर सिंह परमार कनाडा में रहता था। इंदिरा गांधी ने 1984 में अक्टूबर की शुरुआत में ट्रुडो से तलविंदर सिंह परमार के प्रत्यर्पण की मांग की थी, लेकिन पियर ट्रुडो की सरकार ने प्रत्यर्पण से इंकार कर दिया। उस दौरान इंदिरा गांधी की खालिस्तान के मुद्दे पर ट्रुडो से काफी नोकझोंक हुई थी। इसी तरह कनिष्क यात्री विमान को बम से उड़ाने के आरोपी इंद्रजीत सिंह रेयात साबित दोषी साबित हुआ। रेयात एक ब्रिटिश-कनाडाई नागरिक था। उसे साल 2017 में कनाडा की अदालत ने रिहा कर दिया था। भारत ने रेयात को प्रत्यर्पित करने की मांग की थी। कनाडा सरकार ने इस मांग को अनसुना कर दिया। हमलों का मास्टरमाइंड तलविंदर सिंह परमार था। साल 2003 में उसे इस नरसंहार के लिए दोषी ठहराया गया था। बमों को फ्लाइट में असेंबल करने के जुर्म में उसे पंद्रह साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। कनाडा किस तरह एक वैश्विक आतंकी देशों का अड्डा बन गया है, इसकी पीड़ा श्रीलंका ने भी झेली है। श्रीलंका ने कनाडा पर आतंकी संगठन तमिल टाइगर के आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। मौजूदा भारत के साथ बिगड़े संबंधों को लेकर श्रीलंका और बांग्लादेश ने कनाडा की तीखी भर्त्सना की है। बांग्लादेश ने कहा है कि कनाडा की तरफ से भारत पर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो का बिना किसी सबूत के किसी देश पर आपत्ति और अपमानजनक आरोप लगाना पुरानी आदत है। साबरी ने कहा कि इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो श्रीलंका के खिलाफ भ्रामक और आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। कनाडा ने कहा था कि श्रीलंका में भयानक नरसंहार हुआ था, जोकि पीएम ट्रुडो का सरासर झूठा बयान था। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि सभी जानते हैं कि श्रीलंका में कोई नरसंहार नहीं हुआ। आतंकवाद और अपराधियों को प्रत्यक्ष संरक्षण देने के अलावा कनाडा की ट्रुडो सरकार की बीमार मानसिकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लाखों यहूदियों के नरसंहार में शामिल हुए एक नाजी का कनाडा की संसद में सम्मान किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की की संसद यात्रा के दौरान एक बुजुर्ग यूक्रेनी आप्रवासी को नायक के रूप में सम्मानित किया और खड़े होकर तालियां बजाईं। संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के भाषण के दौरान 98 वर्षीय हुंका को बुलाकर द्वितीय विश्वयुद्ध का नायक बताया था। अब कनाडा सरकार इस मुद्दे पर बगलें झांक रही है। इस शर्मनाक स्थिति के चलते कनाडा की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस के स्पीकर एंथोनी रोटा ने इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ गया। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमरीका में संयुक्त राष्ट्र महासभा और बाद में प्रेस कांफ्रेंस में भारत का नजरिया साफ कर दिया। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर मामले में ठोस सुबूत मांगने के साथ कनाडा समेत उसके हितैषी देशों को लताड़ लगाते हुए जयशंकर ने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता और किसी देश के अंदरूनी मामलों में दखल न देने की नीति हर देश के लिए अलग नहीं हो सकती। इसलिए नियम बनाने वाले, नियमों का पालन करने वालों को दबाने की कोशिश न करें। भारतीय विदेश मंत्री ने न्यूयॉर्क में भरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि कनाडा में आतंकी पलते हैं। अगर ट्रुडो के पास भारत के खिलाफ सबूत होते तो वह उसे छिपाकर नहीं रखते। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को नए भारत की ताकत का एहसास कराते हुए कहा कि वे दिन बीत गए, जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनकी बातें मान लें। विदेश मंत्री ने कहा आज के युग में अब सिर्फ कुछ देशों के एजेंडे से दुनिया नहीं चलने वाली है। अब समय बदल चुका है। हमारी चिंता यह है कि राजनीतिक कारणों से कनाडा खालिस्तानियों को लेकर वास्तव में बहुत उदार रहा है।

भारत विरोधी मनोग्रंथी का शिकार कनाडा

'गुनाह को फैलाने का जरिया मत बनो। हो सकता है तुम गुनाह से तौबा कर लो लेकिन जिन ताकतों को तुमने गुनाह पर लगाया है वो आपकी आखिरत जरूर बिगाड़ देंगी'। यह प्रसंग कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो पर सटीक बैठता है। आलमी सतह पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा से पश्चिमी देशों सहित कई अन्य देश भी भारत विरोधी मनोग्रंथी का शिकार हो चुके हैं। भारत के हमशाया मुल्क चीन व पाकिस्तान के हुक्मरानों को उनके जद्द-ए-अमजद से भारत के खिलाफ नफरत विरासत में मिली है। उसी प्रकार जस्टिन ट्रुडो को भी भारत के प्रति हिकारत भरा नजरिया अपने पूर्वज व कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पियरे इलियट ट्रुडो से विरासत में मिला है। कनाडा की धरती से भारत को खंडित करने का जहालत भरा ख्वाब देखने वाले चंद अलगाववादियों से मोहब्बत का इजहार करके अपने सियासी वजूद को बचाने की जद्दोजहद में लगे जस्टिन ट्रुडो को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास से मुखातिब होना चाहिए। शक्तिशाली राष्ट्र की पहचान राष्ट्र के लिए समर्पित उसकी ताकतवर सेना से होती है। आतंक की पनाहगाह बन चुके कनाडा ने भारत में आतंक के दौर की उस भयानक तस्वीर को याद करा दिया जब सन 1984 में पाकिस्तान प्रायोजित आतंक पंजाब में अपने चरम पर था। उस समय अमृतसर स्थित दरबार साहब में शरण ले चुके मोर्चाबंद चरमपंथियों को बाहर निकालने के लिए भारतीय सेना ने आपरेशन ब्लू स्टार को अंजाम दिया था। सेना की 'ब्रिगेड ऑफ गार्डूस' की 10वीं बटालियन में तैनात हिमाचल प्रदेश के शूरवीर कैप्टन 'जसबीर सिंह रैना' ने उस आपरेशन में छह जून 1984 को हरमंदिर परिसर में सर्वप्रथम अपनी कंपनी के साथ मोर्चा संभाला था। आक्रामक सैन्य कार्रवाई में कै. रैना आतंकियों की भीषण गोलीबारी की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो चुके थे, मगर घायल होने के बावजूद कै. रैना ने अपने सैनिकों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करके उस सैन्य मिशन को अंजाम तक पहुंचाया था। सैन्य अभियान में उल्लेखनीय बहादुरी के लिए भारत सरकार ने कै. जसबीर सिंह रैना को शांतिकाल के आलातरीन पदक 'अशोक चक्र' से नवाजा था। भारतीय सेना की उच्च परंपराओं का पालन करते हुए उसी सैन्य कार्रवाई में छह जून 1984 को बलिदान हुए ले. राम प्रकाश रोपडिया '26 मद्रास', मेजर भुकांत मिश्रा व नायक 'निर्भय सिंह सिसोदिया' '15 कुमांऊ' तथा नायक 'भवानी दत्त जोशी' 'नौवी गढ़वाल राइफल्स' चारों शूरवीर सैनिकों को भी अदम्य साहस के लिए सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पदक 'अशोक चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। भारत की एकता-अखंडता को कायम रखने के लिए सेना के 83 जवानों ने उस आपरेशन में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। स्मरण रहे उस आपरेशन का नेतृत्व करने वाले पश्चिमी कमान के उप प्रमुख ले. ज. रणजीत सिंह दयाल, मे. ज. कुलदीप सिंह बराड़ व कै. जसबीर सिंह रैना का संबंध सिख समुदाय से ही था। भावार्थ यह कि राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करने वाली भारतीय सेना राष्ट्र के स्वाभिमान से समझौता नहीं करती। ग्लोबल फायर पावर 2023 की 'मिलिट्री स्ट्रेंथ' रैंकिंग के अनुसार दुश्मन का तवाजुन बिगाडने की सलाहियत रखने वाली भारतीय सेना विश्व की चौथी सैन्य ताकत है। वहीं कनाडा 27वें पायदान पर काबिज है। अतः भारत का लहजा सबक सिखाने वाला है। राष्ट्र को खंडित करने वाली गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होंगी। आतंकियों से हमदर्दी रखने वाले कनाडा से भारत के रिश्तों में उतार-चढ़ाव का दौर एक मुद्दत से चला आ रहा है। सन-1948 में कनाडा ने कश्मीर मसले पर दखलअंदाजी करके रायशुमारी के मशविरे का समर्थन किया था। मई 1974 में भारत के परमाणु परीक्षण पर भी कनाडा ने तल्ख मिजाज दिखाया था। सन- 1982 में भारत सरकार द्वारा कनाडा में पनाह ले चुके कुछ आतंकियों के प्रत्यर्पण की मांग पर कनाडा ने राष्ट्रमंडल का हवाला देकर भारत की अपील को ठुकरा दिया था। भारत द्वारा प्रत्यर्पण का अनुरोध ठुकराने वाला कनाडा खुद आतंक की जद में फंस गया जब 23 जून 1985 को एयर इंडिया के कनिष्क विमान को बम से उड़ा दिया गया, जिसमें सवार सभी 329 यात्री हलाक हो गए थे। मारे गए 268 लोगों का संबंध कनाडा से ही था। अब ट्रुडो भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। गत दस सितंबर को भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में ट्रुडो भी तशरीफ लाए थे, मगर अपने वतन वापिस लौटते ही ट्रुडो के तेवर बदल गए। कनाडा में पनाह ले चुके एक सिख रहनुमा के कत्ल का इल्जाम बिना किसी पुख्ता प्रमाण के भारत पर लगा दिया। दोनों देशों में तल्खियां इस कदर बढ़ चुकी हैं कि दोनों मुल्कों ने एक-दूसरे के सफीर वापिस भेज दिए। भारत को कनाडा का वीजा तक बैन करना पड़ा। कनाडा में पढ़ाई कर रहे लाखों भारतीय छात्रों की पढ़ाई की महंगी फीस कनाडा की आर्थिकी का अहम हिस्सा है। कनाडा की निजी यूनिवर्सिटी का अर्थतंत्र पूरी तरह भारतीय छात्रों पर निर्भर करता है। वर्ष 2022 में यूक्रेन में पढ़ रहे हजारों छात्रों को वार जोन से निकालना पड़ा था। अतः छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर देश के हुक्मरानों को गौर फरमानी होगी कि भारतीय छात्र शिक्षा के लिए विदेश जाने को मजबूर क्यों हैं।

भारत के हमशाया मुल्क चीन व पाकिस्तान के हुक्मरानों को उनके जद्द-ए-अमजद से भारत के खिलाफ नफरत विरासत में मिली है। उसी प्रकार जस्टिन ट्रुडो को भी भारत के प्रति हिकारत भरा नजरिया अपने पूर्वज व कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पियरे इलियट ट्रुडो से विरासत में मिला है। कनाडा की धरती से भारत को खंडित करने का जहालत भरा ख्वाब देखने वाले चंद अलगाववादियों से मोहब्बत का इजहार करके अपने सियासी वजूद को बचाने की जद्दोजहद में लगे जस्टिन ट्रुडो को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास से मुखातिब होना चाहिए। शक्तिशाली राष्ट्र की पहचान राष्ट्र के लिए समर्पित उसकी ताकतवर सेना से होती है। आतंक की पनाहगाह बन चुके कनाडा ने भारत में आतंक के दौर की उस भयानक तस्वीर को याद करा दिया जब सन 1984 में पाकिस्तान प्रायोजित आतंक पंजाब में अपने चरम पर था।

देश दुनीया से

यूपी में पर्यटन का कीर्तिमान

उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से बहुत समृद्ध रहा है। इसमें आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, प्रावृतिक आदि सभी प्रकार के पर्यटन शामिल हैं। लेकिन पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र पर उचित ध्यान नहीं दिया। धरमिक पर्यटन तो उपेक्षित ही था। क्योंकि इसे साम्प्रदायिक विषय माना जाता था। पहली बार योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रकार के पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जोड़ दिया। प्रदेश के समग्र विकास में पर्यटन को महत्व दिया गया। विगत छह वर्षो के दौरान पर्यटन व तीर्थाटन की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। अनेक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से सुंदरीकरण किया गया है। काशी, मथुरा, अयोध्या के प्रति विश्व स्तर पर करोड़ों लोगों की आस्था है। पहले यहां के विकास की बात कोसाम्प्रदायिक माना जाता था। योगी आदित्यनाथ ने इस मान्यता को बदल दिया। आस्था अपनी जगह है, लेकिन इस नगर को विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन का वेंद्र बनाना विकास का ही एजेंडा है। योगी आदित्यनाथ ऐसे सभी नगरों को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास कर रहे है। उनकी यह कार्यं योजना केवल आस्था के कारण नहीं है, बल्कि वह इसे पूरे प्रदेश के विकास से जोड़ कर चल रहे है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को पर्यटन स्थल के प्रति आध्यात्मिक एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रदेश सरकार कनेक्टिविटी तथा ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट के साथ पर्यटन को आगे बढ़ा रही है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में अकेले सावन के महीने में लगभग दो करोड़ श्रद्धालु दर्शन के लिए आये। पहले इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं आते थे, लेकिन जब धाम बना तो वहां पर्यटन की सुविधाएं बढ़ीं। इस बार विश्व पर्यटन दिवस की थीम टूरिज्म एण्ड ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट है। पर्यटन की सम्भावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट को महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक बस, सोलर लाइट, ई-रिक्शा आदि को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सहित भारत में दो प्रकार के टूरिज्म देखने को मिलते हैं। पहला, परम्परागत रूप से धरमिक पर्यटन और दूसरा, मनोरंजन की दृष्टि से पर्यटन। यह दो पक्ष भारत तथा उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में बहुत महत्वपूर्ण हैं। आज पर्यटन की अनेक विधाएं जन्म ले चुकी हैं। इस दृष्टि से धरमिक पर्यटन में उत्तर प्रदेश जितना धनी है, दुनिया में अन्यत्र मिलना कठिन है। अयोध्या, मथुरा, वृंदावन में लोग बड़ी संख्या में जा रहे हैं, क्योंकि सुविधाएं बढ़ी हैं और इन स्थानों पर आसानी से पहुंच सकते हैं। पर्यटन के विकास के लिये कनेक्टिविटी अच्छी की जा रही है। एयरपोर्ट, फोरलेन, ट्रूलेन की कनेक्टिविटी दी जा रही है। आज उत्तर प्रदेश में नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। बारह एयरपोर्ट की योजना है। नईं राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी पाठाक्रम के रूप में पर्यटन को जोड़ा गया है। विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने की आवश्यकता है। विरासत के प्रति सम्मान और गौरव की अनुभति सभी लोगों को करनी चाहिए। पांच सौ वर्षो बाद अयोध्या का जीर्णोद्धार प्रारंभ हुआ है। भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्यं प्रगति पर है। अयोध्या का विकास यहीं तक सीमित नहीं है। इसको विश्वस्तरीय पर्यटन वेंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का व्रियान्वयन चल रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्यं, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। अयोध्या मास्टर प्लान में सभी विकास परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदयाकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपए के इन प्रोजेक्ट में व्रज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन स्रकिट का विकास, ब्रांडिग अयोध्या, चौरासी कोसी परिामा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं।

काशी, मथुरा, अयोध्या के प्रति विश्व स्तर पर करोड़ों लोगों की आस्था है। पहले यहां के विकास की बात कोसाम्प्रदायिक माना जाता था। योगी आदित्यनाथ ने इस मान्यता को बदल दिया। आस्था अपनी जगह है, लेकिन इस नगर को विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन का वेंद्र बनाना विकास का ही एजेंडा है। योगी आदित्यनाथ ऐसे सभी नगरों को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास कर रहे है। उनकी यह कार्यं योजना केवल आस्था के कारण नहीं है, बल्कि वह इसे पूरे प्रदेश के विकास से जोड़ कर चल रहे है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को पर्यटन स्थल के प्रति आध्यात्मिक एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रदेश सरकार कनेक्टिविटी तथा ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट के साथ पर्यटन को आगे बढ़ा रही है।

कुछ अलग

आतंकवाद पर भारत की दो टूक

भारत अब अपने हितों को लेकर मुखर हो चुका है। वैश्विक मंच से भारत अपने विरोधियों को भी सटीक जवाब देता है और विश्व व्यवस्थाएं को कैसा होना चाहिए, इस विषय में भी संतुलित विचार रखता है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर मुखरता के साथ ही तार्किक ढंग से अपनी बात रखते हैं। विगत दिवस उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में जो भाषण दिया है, उसकी चर्चा दूर तक हो रही है। उन्होंने दुनिया को अपने हिसाब से चलाने वाली ताकतों को भी संदेश देने का काम किया है और कनाडा के भारत विरोधी रुख पर भी बिना नाम लिए आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने संबोधन में कहीं भी निज्जर, खालिस्तान, कनाडा या जस्टिन ट्रूडो का जिक्र नहीं किया लेकिन कहा ये जा रहा है कि उन्होंने नाम लिए बिना ही कनाडा और उसके प्रधानमंत्री को संदेश दे दिया है। दरअसल, जयशंकर ने कहा कि राजनीतिक सुविधा के हिसाब से आतंकवाद, चरमपंथ और हिंसा पर कार्रवाई नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी सुविधा के अनुसार क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं हो सकता। भारत इसी बात को लंबे समय से कहता आ रहा है कि आतंकवाद पर दो राय नहीं हो सकती। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार वैश्विक मंचों से इस विचार को रखकर ज्यादातर बड़े देशों का मत बना दिया है कि आतंकवाद पर सबका दृष्टिकोण समान होना चाहिए। यदि अपनी सुविधा के हिसाब से आतंकवाद की परिभाषाएं रचने तो मानवता को आतंकवाद से मुक्ति नहीं दिला सकते। प्रधानमंत्री मोदी और भारत की बात को विदेशमंत्री जयशंकर ने बहुत प्रभावी ढंग से रखा है। इसके साथ ही भारतीय विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि जब वास्तविकता बयानबाजी से दूर हो जाती है, तो हम में उसे सामने लाने का साहस होना चाहिए। इस बयान पर ऐसा माना जा रहा है कि एस जयशंकर का इशारा कनाडा की ओर ही था। वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में अपने देश की संसद में आरोप लगाया था कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल हो सकते हैं। ट्रूडो ने ये भी कहा था कि उनकी सरकार के पास इस हत्या के खुफिया सबूत हैं। भारत इन आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर चुका है। बहरहाल, जी-20 के सफल और प्रभावी आयोजन से भारत ने अपनी एक छवि बनाई है। इस छवि को और स्थापित करने का काम जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में किया। उन्होंने दुनिया को संदेश दिया है कि दुनिया इस समय उथल-पुथल का असाधारण दौर देख रही है। ऐसे हालात में असाधारण जिम्मेदारी की भावना के साथ भारत ने सफलतापूर्वक जी-20 की अध्यक्षता संभाली।

दृष्टिकोण

पाक के भस्मासुर

पाक के भस्मासुर इन दिनों पाकिस्तान जहां एक तरफ भारत को निशाना बनाने के लिए अपने पालतू फिदायिनों को नियंत्रण रेखा पार कराने में लगा है वहीं उसके अशांत प्रांत बलूचिस्तान के अलगाववादी बीएलए यानि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने पाक आर्मी के नाक में दम कर रखा है। शुव्रवार को एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया और इस घटना में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गईं और 50 लोग घायल हो गए। दरअसल पाकिस्तान की नींव घृणा के आधार पर तैयार की गईं है। इसलिए पूरा देश ही अस्तित्व में आने के वुछ दिनों बाद ही अशांत हो गया। बलूचिस्तान के लोग 1947 में पाकिस्तान का अंग बनने के लिए तैयार नहीं थे, वे तो भारत के साथ मिलना चाहते थे किंतु हमारी सरकार ने इसे अव्यावहारिक बताकर उसे अपना हिस्सा बनाने से मना कर दिया। भारत से निराश होने के बाद उनके सारे विकल्प बंद हो गए, तब उन्होंने आजाद मुल्क के रूप में रहने की इच्छा व्यक्त की किंतु मुहम्मद अली जिन्ना ने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में बलूचिस्तान को पंसा कर अपने साथ रहने का फरमान जारी किया और जब बलूचिस्तान के शासक ने पाकिस्तान में विलय नहीं किया तो जिन्ना ने फौज भेजकर बलूचिस्तान को अपने देश में मिला लिया। बलूची तो पाकिस्तान से कभी भी संतुष्ट नहीं थे, वहां के कबीले हमेशा केन्द्र सरकार के खिलाफ विद्रोह करते रहते थे किंतु सेना उन्हें शांत कराती रहती थी। किंतु नीम पर करेला तब चढ़ा जब चीन ने ग्वादर बंदरगाह विकसित करने के लिए पाकिस्तान सरकार से समझौता किया साथ ही स्थिति और बिगड़ने का कारण सीपेक यानि चीन-पाक इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाने के लिए पाकिस्तानी सेना

जयशंकर बोले–कनाडा में जो कुछ भी हो रहा, वह सामान्य नहीं; चुनौतियों से निपटने के लिए साथ आए दुनिया

वॉशिंगटन ।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि बड़ी वैश्विक चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन से निपटने और आर्थिक प्रगति के लिए सारे देशों को साथ आने की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपटा जा सकता और पूरी दुनिया को इनके खिलाफ एकजुट होना पड़ेगा। अमेरिका में विश्व संस्कृति उत्सव के दौरान अपने संबोधन में भारतीय विदेश मंत्री ने ये बातें कही।

दुनिया पहले के मुकाबले ज्यादा लोकतांत्रिक हुई – जयशंकर ने कहा कि दुनिया को एक साथ लाना अब और अहम हो गया है। इसी सोच के साथ भारत ने जी20 सम्मेलन की अध्यक्षता की और हमारी थीम भी एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य रही। जिसे आज सांस्कृतिक रूप से हमने देखा भी। आज दुनिया पहले के मुकाबले ज्यादा लोकतांत्रिक हो गई है और एक दूसरे के प्रति सम्मान भी बढ़ा है। वैश्वीकरण और तकनीक की मदद से हम एक दूसरे को ज्यादा बेहतर तरीके से जान पा रहे हैं। आज कोई भी इंसान, कोई भी विचार या संस्कृति हमसे बहुत दूर नहीं है लेकिन इसे ज्यादा सद्भाव और सहयोगात्मक होने की जरूरत है।

तीन दिन तक होगा विश्व संस्कृति उत्सव का आयोजन – बता दें कि विश्व संस्कृति उत्सव के चौथे संस्करण का आयोजन वॉशिंगटन डीसी में हो रहा है। अगले तीन दिनों तक इस आयोजन में 100 से ज्यादा देशों के करीब 10 लाख लोग शिरकत करेंगे। इस दौरान 180 देशों के 17 हजार कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसका आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर कर रहे हैं। उद्योग जगत, सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के 1000 से ज्यादा नेता इस सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

कनाडा में जो हो रहा, वह सामान्य नहीं – अमेरिका में एक बार फिर एस जयशंकर ने कनाडा पर हमला बोला। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि कनाडा में जो हो रहा है, उसे सामान्य बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कनाडा में भारतीय मिशन और राजनयिकों के खिलाफ उकसावे वाले बयान दिए जा रहे हैं और भारतीय मिशन के बाहर हिंसा की जा रही है। जयशंकर ने कहा कि अगर दुनिया के किसी अन्य देश में ऐसा होता तो क्या दुनिया के देश तब भी इसी तरह प्रतिक्रिया देते जयशंकर ने कहा कि भारतीय मिशन के बाहर स्मोक बम फोड़े जा रहे हैं। भारतीय कॉन्सुलेट्स के बाहर हिंसा की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

अलास्का में भारतीय-अमेरिकी सैनिकों ने किया संयुक्त अभ्यास, एक-दूसरे की ताकत से सीखना उद्देश्य

अलास्का । भारत और अमेरिकी सेनाओं ने युद्ध अभ्यास के हिस्से के रूप में अलास्का में एक संयुक्त अभ्यास किया। भारतीय सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि दोनों सेनाओं ने अलास्का में फील्ड ट्रेनिंग अभ्यास किया। इस अभ्यास में दोनों सेनाओं की ताकत को बढ़ाना और उनके रिश्ते को मजबूत करना है। यह अभ्यास 25 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होगा। बता दें, भारतीय सेना अभ्यास में भाग लेने के लिए हाल ही में अलास्का पहुंची। इससे पहले सोमवार को भारतीय सेना के जनसूचना के अतिरिक्त महानिदेशालय ने एक्स पर जानकारी दी थी कि सेना की टुकड़ियां युद्ध अभ्यास में भाग लेने के लिए दिल्ली से रवाना हो गई हैं। रवाना होने से पहले महानिदेशक ने जवानों के दल से बातचीत की और उनको प्रोत्साहित किया था। दोनों के बीच सालाना युद्धाभ्यास का यह 19वां संस्करण है। पिछले संस्करण का आयोजन बीते वर्ष नवंबर में उत्तराखंड के औली में हुआ था। इस बार इसमें शामिल होने के लिए भारतीय सेना के 350 सैनिकों का दल अलास्का के फोर्ट वेनराइट पहुंच चुका है। मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट इस अभ्यास में भारत की नेतृत्वकर्ता बटालियन होगी। वहीं, अमेरिका की ओर से फर्स्ट ब्रिगेड कॉम्बेट टीम की 1-24 इन्फेंट्री बटालियन शामिल होगी। युद्धाभ्यास की थीम 'पर्वत व चरम मौसम के हालात में संयुक्त सैनिक समूह की तैनाती' रखी गई। सैन्य ड्रिल की श्रेष्ठ पद्धतियों और दृष्टिकोण को एक-दूसरे के सामने रखा जाएगा। सैन्य कौशल, युद्ध से जुड़ी इंजीनियरिंग, लड़ाकू कार्रवाइयों के दौरान बाधाएं हटाने और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से युद्ध के तौर तरीके भी आपस में साझा होंगे। साझी कार्रवाई का अभ्यास : दोनों पक्ष टैक्टिकल ड्रिल की शृंखला का अभ्यास करेंगे। यह संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की कार्रवाइयों में दोनों को साथ तैनात करने में मदद करेगा। अकादमिक चर्चाएं : अभ्यास के बाद चुने हुए विषयों पर अकादमी चर्चाएं होंगी। अपने अनुभवों और श्रेष्ठ कार्य पद्धतियों के बारे में भी आपस में विस्तृत बातचीत होगी। भारतीय सेना के अनुसार, यह जमीनी युद्धाभ्यास दुश्मन सेना के सामने ब्रिगेड स्तर पर एक मिली-जुली सेना का प्रदर्शन जांचने में मदद करेगा। ब्रिगेड व बटालियन स्तर पर संयुक्त निगरानी प्रणाली की जांच हो सकेगी। हेलिकॉप्टर या विमानों से सैन्य कार्रवाइयों में सैनिक उतारने व सैन्य ताकत बढ़ाने की क्षमताएं परखी जाएंगी। ऊंचे स्थलों और चरम मौसम के हालात में सैन्य कार्रवाई के दौरान रसद सामग्री की जरूरतों, हताहत सैनिकों के लिए प्रबंधन, बचाव अभियानों, युद्ध के समय चिकित्सा सहायता पहुंचाने व अन्य पहलुओं का भी परीक्षण होगा। दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे से कई चीजों सीखेंगी, यह आपसी संबंध को और मजबूत करेगा।

1996 में मारे गए रैपर शकूर की हत्या का रहस्य सुलझा, पूर्व गैंगस्टर पर लगा घातक हथियार के इस्तेमाल का आरोप

वाशिंगटन । अमेरिका के नेवादा में एक ग्रैंड जूरी ने एक पूर्व गिरोह के सरगना को मशहूर रैपर टुपैक शकूर की हत्या का आरोपी ठहराया है। साल 1996 में लास वेगास में शकूर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में डुआने केफे डी डेविस को आरोपी ठहराया गया है। यह जानकारी अभियोजक मार्क डिगियाकोमो ने दी। मशहूर रैपर की हत्या के वक्त उनकी उम्र सिर्फ 25 साल थी। उनकी हत्या के बाद लोगों ने हंगामा किया था, लेकिन अब 60 साल के डुआने को हत्या का आरोपी माना गया है। लंबी सुनवाई के बाद ग्रैंड जूरी ने यह फैसला सुनाया है। अभियोजक का कहना है कि डेविड को घातक हथियार के इस्तेमाल कर मशहूर रैपर टुपैक शकूर की हत्या का आरोपी पाया गया है। डेविस को उसके घर से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह टहल रहा था। बता दें कि शकूर एक मशहूर रैपर थे। कैलिफोर्निया लव जैसे हिट गाने देने वाले हिपहॉप आर्टिस्ट शकूर को ग्रैमी अवॉर्ड के लिए छह बार नामित भी किया गया था। शकूर का कम समय के लिए सही, लेकिन करियर बहुत ही शानदार रहा। वह तेजी से उभरते हुए रैपर्स में से एक थे। बहुत ही कम समय में वह बैकअप डांसर से गैंगस्टा रैपर और हिप-हॉप में सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक बन गए थे। उनके 7.5 करोड़ रिकॉर्ड बिके थे। रैपर शकूर का जन्म भले ही न्यूयॉर्क में हुआ था, लेकिन बचपन में ही वह परिवार के साथ कैलिफोर्निया चले गए थे। वेस्ट कोस्ट में वह बहुत ही जल्द मशहूर हो गए थे। बताया जाता है, सितंबर 1996 में रैपर टुपैक अपने काफिले के साथ अपनी कार में थे, उसी समय उनपर हमला कर दिया गया था। उनकी मौत के छह महीने बाद ही उनके प्रतिद्वंद्वी, ईस्ट कोस्ट रैपर क्रिस्टोफर द कुख्यात बिग वालेस की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कई लोग मानते हैं कि उनकी हत्या संगीत की दुनिया में आपसी जलन की वजह से की गई थी। हालांकि, कुछ संगीत इतिहासकारों का कहना है कि व्यावसायिक दरारों के कारण बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया था। शकूर की मां अफेनी ब्लैक पैंथर आंदोलन में काफी सक्रिय थीं।

जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान की फंडिंग करने से मुकर रहे विकसित देश, विशेषज्ञों ने जताई चिंता

न्यूयॉर्क ।

जलवायु परिवर्तन के नुकसानों को झेल रहे विकासशील देशों को फंडिंग करने से विकसित देश मुकर रहे हैं। दरअसल विकसित देशों का कहना है कि मदद पाने वाले देशों की संख्या को कम करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही विकसित देशों का कहना है कि मदद करने वाले देशों की संख्या को भी बढ़ाया जाए। विकसित देशों के इस रुख पर वैश्विक दक्षिणी देशों के विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है।

विकसित देश फंडिंग देने में कर रहे आनाकानी

विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया है कि विकासशील देशों को दिसंबर में सऊदी अरब में संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण के मुद्दे पर आयोजित होने वाले सम्मेलन सीओपी28 में एकजुट होकर विकसित देशों के सामने अपनी मांग रखनी चाहिए। बता दें कि मिस्त्र के शर्म अल शेख शहर में आयोजित हुई सीओपी27 की बैठक में एक हानि और क्षति निधि बनाने का फैसला हुआ था। इस निधि में विकसित देश योगदान देंगे और जलवायु परिवर्तन के नुकसानों का सामना कर रहे देशों को इस निधि से फंडिंग की जानी है। हालांकि बीते हफ्ते संयुक्त राष्ट्र में हानि और क्षति निधि के मुद्दे पर मंत्री स्तर की बैठक हुई, जिसमें इस मुद्दे पर भारी मतभेद सामने आए कि किस देश को फंडिंग मिलनी चाहिए और किन देशों को इस निधि में योगदान देना चाहिए।

विकसित देशों का तर्क- भारत, चीन भी करें योगदान

विकसित देशों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के सबसे ज्यादा नुकसान झेल रहे देश और छोटे और गरीब देशों को इस निधि से फंडिंग की जानी चाहिए। विकसित देश पाकिस्तान और लीबिया को भी इस लिस्ट में रखने के पक्ष में नहीं हैं, जबकि बीते दिनों इन दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन के चलते विनाशकारी बाढ़ का सामना किया और इससे हजारों लोगों की जान गई। विकसित देश सभी सक्षम देशों जैसे भारत और चीन को हानि और क्षति निधि में योगदान देने की भी मांग कर रहे हैं। वहीं विकासशील देशों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के नुकसान झेल रहे सभी विकासशील देशों को फंडिंग होनी चाहिए। विकासशील देशों का तर्क है कि ग्रीनहाउस गैसों में सबसे ज्यादा योगदान इतिहास में और वर्तमान में भी विकसित देश ही कर रहे हैं। वैश्विक दक्षिण देशों के विशेषज्ञों ने विकसित देशों के रुख पर चिंता जाहिर की है और कहा है कि विकसित देश अपने वादों से मुकर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

अमेरिकी संसद सत्र की कार्यवाही अलग ढंग से हुई शुरू, इस बार ईसाई नहीं सिख पादरी ने की प्रार्थना

वाशिंगटन । अमेरिका ने एक और एतिहासिक कदम उठाया है। उसकी संसद सत्र की कार्यवाही की शुरुआत इस बार कुछ अलग तरीके से हुई। न्यूजर्सी के पाइन हिल गुरुद्वारा के ग्रंथी ज्ञानी जसविंदर सिंह ने प्रार्थना करके सदन में दिन की कार्यवाही शुरू की। बता दें, इससे पहले प्रार्थना आम तौर पर एक ईसाई पादरी द्वारा की जाती है। सदन के अध्यक्ष केविन मैकार्थी ने घोषणा की कि जसविंदर सिंह कार्यवाही शुरू करेंगे। सिंह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में प्रार्थना करने वाले पहले सिख पादरी हैं। प्रार्थना के तुरंत बाद सदन में प्रवेश करते हुए सांसद डोनाल्ड नॉरक्रॉस ने इसे ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा, आज का इतिहास इस बात की याद दिलाता है कि अमेरिका धर्म की स्वतंत्र अभिव्यक्ति का स्वागत करता है और उसके मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहेगा। सिंह ने आज जर्सी को गौरवान्वित किया है और उनके साथ इस पल का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। सिख समन्वय समिति ईस्ट कोस्ट के मीडिया प्रवक्ता हरजिंदर सिंह ने कहा कि अमेरिकी संसद के इतिहास में आज पहली बार सदन का सत्र सिख प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। यह सिख समुदाय के लिए, पूरे वैश्विक सिख समुदाय के लिए बहुत खुशी का अवसर है। उन्होंने कहा, 'हमने इस संदन के सदस्यों के लिए प्रार्थना की जो स्वतंत्र विश्व और यहां के सभी अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। हम एक जाति के रूप में संपूर्ण मानवता के लिए कामना और प्रार्थना करते हैं।

दुष्कर्मियों को अब सार्वजनिक रूप से दी जाएगी फांसी, सीनेट समिति ने संशोधन विधेयक को दी मंजूरी



इस्लामाबाद ।

पाकिस्तान की राजनीति में इन दिनों खींचतान जारी है। पाकिस्तानी संसदीय समिति ने गुरुवार को एक अहम विधेयक को मंजूरी दी है। दुष्कर्मियों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने के लिए सीनेट समिति ने कुछ संशोधनों के साथ एक विधेयक को मंजूर कर दिया है। खास बात यह है कि आंतरिक और विदेश मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। जमात-ए-इस्लामी के सीनेटर मुश्ताक अहमद ने सीनेट में विधेयक पेश किया था। विधेयक पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धारा 375, 375 (ए), 376 और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरसीपी) की अनुसूची में संशोधन करना चाहता है। पीपीपी सीनेटर शेरी रहमान ने विधेयक के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि कई सभ्य समाज ने सजा के रूप में मृत्युदंड को खत्म कर दिया है। रहमान ने जनरल जियाउल हक के शासन का हवाला दिया। उन्होंने तर्क दिया कि सार्वजनिक फांसी निवारक के रूप में काम नहीं करेगी। बल्कि हाशिये पर रहने वाले लोगों के बीच यह सामाजिक हिंसा को बढ़ा सकती है। सीनेटर मुमताज जहरी ने आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक- 2023 का समर्थन किया। संसद सत्र के दौरान, अन्य विधेयकों पर भी चर्चा की गई। इनमें से एक विधेयक को न्यायिक स्थिति के कारण अस्थायी रूप से खारिज कर दिया। वहीं, दूसरे विधेयक को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया। संसदीय समिति ने शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन सुविधा, विधेयक-2023 को भी मंजूरी दी। इस विधेयक का उद्देश्य बारिश के पानी का इस्तेमाल करना है। इसके अलावा, सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने लगभग 15 महीनों से लंबित एक बिल पर भी चिंता जताई। सिद्दीकी ने अधिकारियों से मामले में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का अनुरोध किया है। बैठक में सरकारी प्रतिनिधियों के अलावा, सैफुल्लाह अब्रो, समीना मुमताज जहरी और शेरी रहमान भी उपस्थित थे। सत्र के दौरान, रानीपुर में एक नौ वर्षीय लड़की की मौत हो गई थी, जिस पर दुख जताया गया। अधिकारियों ने बाल घरेलू श्रम के खिलाफ सिंध बाल निषेध रोजगार अधिनियम में संशोधन की जरूरतों को साझा किया। बता दें, नौ वर्षीय किशोरी को घर में नौकरानी के रूप में नियुक्त किया गया था।

न्यूयॉर्क में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, रेल-हवाई यातायात हुआ ठप, आपातकाल लागू

न्यूयॉर्क ।

न्यूयॉर्क में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। शुक्रवार को हुई बारिश बीते एक दशक में हुई एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश है। शहर के कई सब-वे और रेल लाइन्स पर पानी भर गया है और आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कई निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट टर्मिनल को भी बंद करना पड़ा। कुछ ही घंटे में हुई आठ इंच तक बारिश

हालांकि अभी तक बारिश से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन इसने लोगों की दो साल पुरानी भयावह यादों को फिर ताजा जरूर कर दिया।

अमेरिकी मौसम विज्ञानियों ने बताया कि न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में करीब सात इंच बारिश हुई। कुछ जगहों पर सिर्फ एक घंटे में करीब ढाई इंच बारिश हुई। जॉन एफ केनेडी एयरपोर्ट इलाके में करीब आठ इंच बारिश हुई, जो सितंबर के महीने में हुई रिकॉर्ड बारिश है। इससे पहले साल 1960 में चक्रवाती तूफान डोना के समय इतनी बारिश हुई थी। दो साल पहले चक्रवाती तूफान इडा से भी उत्तर पूर्वी इलाके में भारी बारिश से करीब 13 लोगों की जान गई थी।

न्यूयॉर्क सिटी में आपातकाल लागू

न्यूयॉर्क के गवर्नर और मेयर ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और लोगों से अपील की है कि वह प्रभावित इलाकों से दूर रहें। आपातकाल न्यूयॉर्क सिटी, लॉन्ग आइलैंड और हडसन वैली में लागू किया गया है। न्यूयॉर्क में अभी और बारिश का अनुमान जताया गया है, जिससे लोगों में डर का माहौल है। मैनहेट्टन से जाने वाली मेट्रो-नॉर्थ रेल लाइन भारी बारिश के चलते बंद करनी पड़ी लेकिन देर शाम तक इस लाइन पर फिर से संचालन शुरू हो गया था। सड़कों पर पानी भरने की वजह से सार्वजनिक परिवहन भी ठहर गया है।

अमेरिका में एक अक्तूबर से शटडाउन का संकट, सरकारी खर्च की मंजूरी के लिए लाया गया विधेयक खारिज

वॉशिंगटन ।

अमेरिका में शटडाउन का संकट बढ़ गया है। अमेरिकी संसद के निचले सदन में शुक्रवार को संघीय सरकार के लिए एक महीने के खर्च की राशि (स्टॉपगैप) जारी करने के लिए लाया गया विधेयक खारिज हो गया। इस विधेयक के जरिये यह सुनिश्चित करना था कि रविवार से आंशिक शटडाउन से बचा जा सके। लेकिन, रिपब्लिकन के बहुमत वाले अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को खर्च चलाने के लिए आंशिक रूप से कुछ राशि जारी करने के प्रस्ताव को 198 के मुकाबले 232 मतों से खारिज कर दिया। खास बात यह है कि विधेयक रिपब्लिकन सांसदों द्वारा लाया गया था।

इस प्रस्ताव में बाइडन प्रशासन के खर्च में 30 फीसदी तक कटौती करने और सिर्फ 30 दिन तक खर्च चलाने के लिए रकम जारी करने का प्रस्ताव रखा गया था, ताकि विधि निर्माताओं को किसी सहमति पर पहुंचने के लिए और समय मिल सके। प्रस्ताव पर सभी डेमोक्रेट सांसद और 21 रिपब्लिकन एक तरफ थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि संघीय सरकार का कामकाज ठप हो जाने के मद्देनजर निचले सदन के सदस्य आगे क्या कदम उठाने वाले हैं।

डेमोक्रेट्स के बहुमत वाला सीनेट इस बारे में एक अलग विधेयक लाने की तैयारी में है। हालांकि निचले सदन के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी ने कहा कि हाउस इस विधेयक को मंजूरी नहीं देगा। मैक्कार्थी ने रिपब्लिकन समर्थित विधेयक के खारिज होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह अभी अंत नहीं है; उनके पास और भी उपाय हैं। हालांकि, उन्होंने नए उपायों की जानकारी साझा नहीं की। बता दें, मैक्कार्थी रिपब्लिकन पार्टी से हैं।

यदि अमेरिकी विधि निर्माता इस संबंध में जल्द किसी सहमति पर नहीं पहुंचे और खर्च के लिए राशि नहीं मिली तो नेशनल पार्क सर्विस बंद हो जाएगी। सिक्यूरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन को अपनी अधिकांश नियामकीय गतिविधियां बंद करनी पड़ेगी और 40 लाख संघीय कर्मचारियों के वेतन भुगतान का संकट खड़ा हो जाएगा।

सभी गैर-जरूरी सेवाएं हो जाएंगी बंद

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में एक अक्तूबर से शटडाउन लागू होने से सभी गैर-जरूरी सेवाएं बंद हो जाएंगी। अमेरिकी संसद में सरकार को खर्चों के लिए फंड जारी करने से संबंधित विधेयक पास न होने तक या सरकार को अतिरिक्त कर्ज लेने की मंजूरी न मिलने तक यह शटडाउन जारी रह सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसका असर अमेरिका की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ सकता है।

खालिस्तानियों का दुस्साहस

स्कॉटलैंड में गुरुद्वारा जा रहे भारतीय उच्चायुक्त को रोका, कार से उतरने नहीं दिया

लंदन ।

स्कॉटलैंड में भारतीय उच्चायुक्त को रोके जाने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि खालिस्तान समर्थकों को ऐसा दुस्साहस किया है। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी के साथ यह घटना घटी है। वे गुरुद्वारे जा रहे थे, तभी उन्हें कुछ खालिस्तान समर्थकों ने रोक लिया। वे अपनी कार से थे। जैसे ही उन्होंने कार से उतरने की कोशिश की, कुछ लोगों ने कार का दरवाजा पकड़ लिया और उन्हें उतरने तक नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय और पुलिस के समक्ष भी उठाया गया है।

क्या है मामला

इस बार ब्रिटेन में कट्टरपंथी खालिस्तानी समर्थकों ने सारी हदें पार कर दीं। खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को स्कॉटलैंड के एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया। सूत्रों के मुताबिक, खालिस्तान समर्थकों को जानकारी लगी कि दोरईस्वामी ने अल्बर्ट ड्राइव पर ग्लासगो गुरुद्वारा की गुरुद्वारा समिति के साथ एक बैठक करने वाले थे। जब वे यहा पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी कार को घेर लिया। मौके पर हल्की नोकझोंक भी हुई। मौके की नजाकत को समझते हुए उच्चायुक्त वहां से निकल गए।

भाजपा नेता ने कही यह बात



मामले में भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। कोई भी धर्म या समुदाय गुरुद्वारा आ सकता है। हम वह धर्म नहीं हैं जो हिंसा में विश्वास करते हैं, बल्कि हम उनमें से हैं जो मानवता के रक्षक हैं। सिख रक्षक हैं। पीएम मोदी ने हमारे समुदाय के काम की सराहना की है। दुनिया में हर जगह सिखों का प्रतिनिधित्व है। दुनिया में सिखों के लिए सबसे सुरक्षित जगह भारत में है।

ब्रिटेन में ऐसी घटना पहली बार नहीं

बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर सर्रे में गुरुद्वारे का अध्यक्ष था। निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थक उपद्रव मचा रहे हैं। ब्रिटेन में पहले भी खालिस्तानी समर्थक ऐसा बर्ताव कर चुके हैं। इसी साल मार्च को राजधानी लंदन में स्थित भारतीय उच्चायोग पर भी हमला किया गया था।

भारत-कनाडा के रिश्तों में आई खटास

कुछ महीने पहले ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सरे स्थित एक गुरुद्वारे के पार्किंग के पास दो नकाबपोश बंदूकधारियों ने निज्जर को गोली मार दी थी। उसकी हत्या के बाद कनाडा, लंदन और अमेरिका सहित कई जगहों पर खालिस्तानी समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया था।

सभी क्रशरों के बिजली मीटर पोर्टल के साथ जोड़े गए : मीत हेयर

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब के खनन विभाग द्वारा एक अहम फैसला लेते हुए राज्य के सभी क्रशरों के बिजली मीटरों को संगठित करते हुए विभाग के पोर्टल के साथ जोड़ दिया है। शनिवार को जारी एक बयान में खनन मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बताया कि राज्य में खनन की गतिविधियों में पारदर्शिता लाते हुए सभी क्रशरों के मीटरों को संगठित कर दिया है। खनन विभाग का पोर्टल पीएसपीसीएल के मीटरों के साथ जुड़ा होगा, जिससे क्रशर मालिकों द्वारा हर महीने मीटर की रीडिंग की जानकारी विभाग को दी जाएगी। इससे क्रशर मालिक द्वारा बेचे जाने वाले माल और मीटर की रीडिंग का मिलान किया जा सकेगा। खनन मंत्री ने आगे कहा कि इस पारदर्शी प्रणाली के द्वारा गैर-कानूनी गतिविधियों का पता लगेगा।

कांग्रेस राज में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर : दीया कुमारी

जयपुर (हिंस)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री और सांसद दीया कुमारी ने आरोप लगाया कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के शासन में महिलाओं से दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं बेतहाशा बढ़ रही हैं। दीया कुमारी ने जमवारामगढ़ के पास महिला की हत्या कर उसे जलाकर लाश को सड़क किनारे फेंकने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राजधानी जयपुर से सटे इलाके में इतनी संगीन घटना घट जाती है और 48 घंटे बाद भी सरकार न महिला की पहचान कर पाती है और न ही हत्यारों को पकड़ पाती है। राजधानी जयपुर का अगर ये हाल है तो इससे प्रदेश के बिगड़े हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। दीया कुमारी ने कहा कि

पाली के एक स्कूल में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हो जाता है, इसके विरोध में लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगती, छबड़ा में कल एक 16 साल की बच्ची की लाश मिलती है, ऐसी दर्जनों घटनाएं प्रतिदिन घट रही है। आज प्रदेश की बहन, बेटी दहशत में है और उन पर अत्याचार करने वाले अपराधी बेखौफ है। दीया कुमारी ने कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में बेटियों को बेचने की शर्मनाक घटनाएं सामने आई हैं, ये राजस्थान जैसे प्रदेश के माथे पर कलंक है, इन घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने की जरूरत है। दीया कुमारी ने कहा कि इस जाती हुई सरकार में थोड़ी सी भी नैतिकता है तो त्वरित कार्रवाई कर बेटियों के लिए न्याय सुनिश्चित करे।

पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन समाप्त

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब में फसलों का मुआवजा तथा एमएसपी और कर्ज माफी के मुद्दे पर पिछले तीन दिन से चल रहा किसानों का रेल रोको आंदोलन शनिवार की शाम समाप्त हो गया। किसानों ने रेलवे ट्रैक व टोल प्लाजा खाली कर दिए हैं। अब प्रदेश में रविवार तक रेल यातायात सामान्य होने की उम्मीद है। पंजाब के 19 किसान संगठन पिछले तीन दिनों से पंजाब में 21 स्थानों पर रेलवे ट्रैक पर कब्जा करके बैठे हुए थे। शुक्रवार को किसान संगठनों ने रेलवे ट्रैक के साथ-साथ टोल प्लाजा पर भी धरना शुरू कर दिया था। शनिवार को किसानों व मजदूरों के इस धरने में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। शाम को किसानों का आंदोलन समाप्त होने के बाद उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन ने सबसे पहले ट्रेन संख्या 12412 अमृतसर- चंडीगढ़ को रवाना करने

की घोषणा की है। रेलवे की तरफ से जारी की गई जानकारी के अनुसार इस प्रोटेस्ट के कारण कुल 598 ट्रेनें प्रभावित हुईं। जिनमें से 376 ट्रेनों को रद्द किया गया। रेल रोको आंदोलन से 581 यात्री गाड़ियां और 17 माल गाड़ियां प्रभावित हुईं। शनिवार को किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद रेलवे द्वारा जहां रेल की पटरियों की सुरक्षा जांच की जा रही है वहीं टोल प्लाजा से किसानों के हटने के बावजूद एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात करके वाहनों को निकाला जा रहा है। इस बीच किसान संगठनों ने ऐलान किया है कि वह जल्द ही अगली रणनीति का ऐलान करके इससे भी अधिक मजबूती के साथ आंदोलन करेंगे।

पंजाब में किसानों को गेहूं के प्रमाणित बीजों पर मिलेगी 50 फीसदी सब्सिडी

चंडीगढ़ (हिंस)। गेहूं की बिजाई का सीजन नजदीक आने के मद्देनजर पंजाब सरकार द्वारा राज्य के किसानों को गेहूं के तकरीबन दो लाख क्विंटल प्रमाणित बीज मुहैया करवाए जाएंगे। शनिवार को जारी जानकारी में पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि रबी के सीजन के दौरान किसानों को बीजों की कुल कीमत पर 50 प्रतिशत सब्सिडी या प्रति क्विंटल अधिक से अधिक 1000 रुपए सब्सिडी के हिसाब से प्रमाणित बीज मुहैया करवाए जाएंगे। किसानों को गेहूं के बीज की खरीद समय की कीमत में से सब्सिडी की रकम घटाने के बाद बची हुई रकम ही अदा करनी होगी। कृषि मंत्री ने बताया कि एक किसान को सब्सिडी वाला बीज अधिक से अधिक 5 एकड़ (2 क्विंटल) क्षेत्रफल के लिए मुहैया करवाया जाएगा और सब्सिडी वाले बीजों के वितरण के समय अनुसूचित जातियों, छोटे (2.5 एकड़ से 5 एकड़) और सीमांत किसानों (2.5 एकड़ तक) को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सब्सिडी का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपने आवेदन निर्धारित प्रोफॉर्मे में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बीज एजेंसियों के संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ-साथ जिला और ब्लॉक स्तर के कृषि अफसरों को सख्त चेतावनी दी कि बीजों के वितरण के दौरान हेराफेरी करने वाले किसी भी अधिकारी/ कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

किसान मेले में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे मुख्य अतिथि

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने दिया मेले में आने का निमंत्रण, उप राष्ट्रपति ने स्वीकारा

हिसार (हिंस)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आठ अक्तूबर को हिसार आएंगे। वे यहां हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किसान मेले में मुख्य अतिथि होंगे। हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने उप राष्ट्रपति से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिलकर उन्हें एचएयू आने का न्योता दिया। कृषि मंत्री ने हरियाणा सरकार की किसान हित में क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी भी उपराष्ट्रपति को दी। मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 8 से 10 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए 8 अक्तूबर को किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर आने का आश्वासन दिया। हरियाणा कृषि

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि मेले में किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों व श्रीअन्न के उत्पादों को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के साथ मिलकर किया जाएगा। मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्रीअन्न की खेती के बारे में सभी जानकारियां दी जाएंगी। कुलपति के अनुसार मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा। इस मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के कृषि मेला ग्राउंड, गेट न. 3 के सामने लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर फसल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि तथा गृह-विज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी

भारत निर्वाचन आयोग के दल ने की विधानसभा आम चुनाव-2023 की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा

जयपुर (हिंस)। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों के कलक्टर और पुलिस अधीक्षक, संभागीय आयुक्त तथा पुलिस रेंज महानिरीक्षकों के साथ बैठक कर विधानसभा आम चुनाव-2023 की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया। आयोग ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करने को कहा। आयोग ने इपिक कार्ड की प्रिंटिंग और वितरण की भी जानकारी ली। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव खर्च की मॉनिटरिंग के लिए राज्य में शराब, ड्रग्स, नगदी और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के लागू होने का इंतजार न करते हुए ऐसे मामलों में तत्परता से कार्यवाही करने को कहा। आयोग ने बैठक में मतदान केंद्रों में व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट की उपलब्धता व भंडारण तथा मानव संसाधन, वाहन तथा शिकायत निवारण प्रबंधन की भी समीक्षा की और कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयुक्त और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में विधानसभा निर्वाचन के लिए पोस्टल बैलेट की आवश्यकता, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और स्वीप गतिविधियों की भी समीक्षा की।

पुलवामा और अनंतनाग में दो आतंकी ठिकानों का भंडाफोड़

पुलवामा (हिंस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग जिलों में सुरक्षा बलों ने शनिवार को दो आतंकी ठिकानों का भंडाफोड़ कर उन्हें नष्ट कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना मिलने पर जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना की 42 आरआर ने अनंतनाग जिले के नागबल वन और पुलवामा जिले के गुलशनपोरा त्राल वन क्षेत्र में घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नागबल वन में एक और गुलशनपोरा त्राल वन क्षेत्र में भी एक यानी कुल दो आतंकी ठिकानों का पता लगाया और उन्हें नष्ट कर दिया।

राजपुरा में हॉलैंड की कंपनी लगाएगी कैटल फीड प्लांट

चंडीगढ़ (हिंस)। राज्य में औद्योगिक विकास को और अधिक बढ़ावा देने के लिए हॉलैंड आधारित कंपनी 138 करोड़ रुपए की लागत से कैटल फीड प्लांट स्थापित कर रही है, जिसका नींव पत्थर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान रविवार को रखेंगे। मुख्यमंत्री की नीदरलैंड की राजदूत मैरीसा गेराड्ज के साथ हुई बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया, जिन्होंने यहां मुख्यमंत्री के साथ उनके आवास पर मुलाकात की। विचार-विमर्श के दौरान भगवंत सिंह मान ने पंजाब को निवेश के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बताते हुए राजदूत को अवगत करवाया कि राज्य में उद्योगपतियों के कल्याण के लिए समर्पित सिंगल विंडो प्रणाली लागू करने वाली औद्योगिक समर्थकीय सरकार है। उन्होंने कहा कि पंजाब नए अवसरों की धरती है और विश्व भर की प्रमुख कंपनियां राज्य में निवेश करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड के उद्यमियों को भी पंजाब में निवेश करके बहुत फायदा होगा, जो देश के औद्योगिक केंद्र के तौर पर तेजी से उभर रहा है। मान ने कहा कि पंजाब में आपसी-

भाईचारे, औद्योगिक शांति और औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल माहौल है, जो उद्योग के सर्वांगीण विकास, खुशहाली और तरक्की को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने हॉलैंड की राजदूत को कहा कि वह अपने उद्योगपतियों को पंजाब में अपनी कंपनियों के कारोबार को फैलाने के लिए शानदार बुनियादी ढांचे, बिजली, कुशल मानव संसाधनों और बेहतरीन औद्योगिक और काम-काज सभ्याचार से भरपूर अनुकूल माहौल का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करें। नीदरलैंड के उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नये विचारों और अनुसंधानों के लिए हमेशा तैयार है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार के ठोस प्रयासों के स्वरूप पंजाब तेजी से हर क्षेत्र में सफलता की नयी कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने का मुख्य मंतव्य नौजवानों के लिए रोजगार के नये रास्ते खोलकर राज्य में ब्रेन ड्रेन के रुझान को पलटना है। इस दौरान नीदरलैंड राजदूत ने भगवंत सिंह मान को बताया कि हॉलैंड के अग्रणी उद्योगपति पहले ही राज्य में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को राजपुरा में 138 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कैटल फीड प्लांट का नींव पत्थर रखने का न्योता दिया। इस न्योते को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह प्लांट राज्य के औद्योगिक विकास को बहुत अधिक बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि रंगला पंजाब बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

जलालाबाद कोर्ट ने विधायक सुखपाल खैहरा को जेल भेजा

चंडीगढ़ (हिंस)। नशा तस्करों की मदद करने के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए भुलत्थ के विधायक सुखपाल सिंह खैहरा को रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद जलालाबाद की अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुखपाल सिंह खैहरा को 28 सितंबर की सुबह चंडीगढ़ आवास से गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को खैहरा को दोबारा अदालत में पेश किया गया। एसआईटी का दावा है कि खैहरा ने तस्कर गुरदेव सिंह की पूरी तरह से मदद की है। उसकी मदद के लिए उन्होंने आईजी व डीआईजी स्तर के अधिकारियों को फोन कॉल भी की है। सुखपाल सिंह खैहरा व गुरदेव सिंह के बीच फोन पर बातें होती थी। सुखपाल सिंह खैहरा के पास कुल 3 फोन थे। पुलिस इन्हीं मोबाइल को रिकवर करना चाहती है। तस्कर की बहन चरणजीत कौर, सुखपाल खैरा के पीए जोगा सिंह के

नंबर पर उससे बात करती थी। जांच में यह भी पता चला है कि गुरदेव सिंह, चरणजीत कौर और सुखपाल खैरा के बीच 11 दिनों में 65 कॉल्स हुई थी। इन्हीं सबूतों के आधार पर पुलिस ने सुखपाल खैरा को गिरफ्तार किया है।

बरवाला में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीने को मजबूर जनता : दलबीर किरमारा

हिसार (हिंस)। आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा है कि प्रदेश की जनता खट्टर सरकार से परेशान हो चुकी है। अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है, इसलिए जनता ने प्रदेश में 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना लिया है। वे शनिवार को बरवाला हलके के गांव सुलखनी, तलवंडी राणा, जेवरा, बिचपड़ी, बरकी खेड़ी, धांसू और बरवाला के विभिन्न वार्डों में परिवार जोड़ो अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं और अभियान को लेकर क्षेत्र के लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लगातार नए लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में 25 साल राज किया और 9 साल से भाजपा का राज है लेकिन न सरकारी स्कूल अच्छे हुए, न अस्पताल, न 24 घंटे बिजली मिली और न बच्चों को रोजगार मिला। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में पांच साल के लिए मौका मिला और दिल्ली के सभी सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार बना दिए।

हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी : फणीन्द्रनाथ शर्मा

यमुनानगर (हिंस)। भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रांत के संगठन मंत्री फनीन्द्रनाथ शर्मा भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में शनिवार को कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में पहुंचे। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा जिला यमुनानगर की टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय के सपने को पूरा करने में जी जान से जुटी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी दिया। उन्होंने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी मोर्चा, बैकवर्ड मोर्चा के पदाधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मनाते हुए लगातार सेवा भाव के साथ रक्तदान शिविर,स्वच्छता अभियान,नेत्रजांच शिविर आदि कार्य करते रहे। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कहा कि आप सभी लोग मजबूती से कार्य करे व केंद्र में व हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाएं। भाजपा जिला प्रभारी डिप्टी चेयरमैन धूमनसिंह किरमच ने भी अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि यह समय बड़ा कीमती है। हमें प्रत्येक मंडल में जाकर साप्ताहिक विस्तारक नीति को सफल करना है और प्रधानमंत्री की जन कल्याण नीति को जन-जन तक पहुंचाना है। जिला यमुनानगर भाजपा ने पूरे हरियाणा में सर्वप्रथम अपने जिले की चारों विधानसभा सीटों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किए है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि जिला यमुनानगर भाजपा संगठन के सभी मोर्चे, विभाग, प्रकोष्ठ गठित होकर अपना अपना कार्य कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने हरियाणा भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा के जीवन के बारे में परिचय देते हुए बताया कि ये वो व्यक्तित्व हैं जिन्होंने असम के अपने कार्यकाल के दौरान 126 विधानसभा सीटों में से 75 में जीत दिलवाई और जीती हुई सीटों में आधे से अधिक सीटे 50त्न से अधिक मतों से विजयी हुई हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा,जिला प्रभारी धूमनसिंह किरमच,विधायक घनश्यामदास अरोड़ा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

मेरी माटी मेरा देश अभियान पहुंचा 32911 गांवों में

जयपुर (हिंस)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में चल रहे *मेरी माटी मेरा देश* अभियान के द्वितीय चरण के तहत राजस्थान के 32 हजार 911 गांवों में जागरुकता यात्राएं पहुंची हैं। गत एक सितंबर से 28 सितंबर तक इसके तहत कलश यात्राएं निकाली गईं और 7 लाख 56 हजार 841 परिवारों ने प्रभात फेरी में भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा 22 से 28 सितंबर तक इस अभियान के तहत राज्य के 32 जिलों के 263 ब्लॉक्स की 2 हजार 179 ग्राम पंचायतों और 7 हजार 434 गांवों में गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें एक लाख 25 हजार 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर से अमृत कलश में मिट्टी या चावल एकत्रित किए गए। इसके साथ ही लोगों को पंच प्रण की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित सरकारी प्रधानाचार्यों, भूतपूर्व सैनिकों, जिला युवा अधिकारियों व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

गुरुग्राम में फिर से गौ तस्करों का आतंक, 4 किमी तक होती रही भिड़ंत

गुरुग्राम (हिंस)। गुरुग्राम में एक बार फिर से गौ तस्करों का आतंक दिखाई दिया। तस्करी के लिए ले जायी जा रहे गोवंश को बचाने के लिए जब गौ रक्षक बजरंग दल के सदस्य तस्करों के पीछे लगे तो उन्होंने गौ रक्षकों पर हमला कर दिया। जब कुछ नहीं हो सका तो वे गाड़ी से गोवंश को सड़क पर फेंकने लगे। इस दौरान कई गौवंश घायल हो गए। तस्कर भी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। शनिवार को पुलिस इस मामले में आरोपियों की धरपकड़ के लिए जुटी रही। जानकारी के अनुसार जिला के गांव गढ़ी मुरली व अभयपुर के बीच गौ तस्कर गाड़ी में गोवंश को भरकर ले जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही गौ रक्षक उन्हें बचाने के लिए पहुंचे। गौ तस्करों की गाड़ी का गौ रक्षकों ने पीछा किया। जब वे नजदीक पहुंचे तो तस्करों ने उन पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिये। करीब 4 किलोमीटर तक यह हिंसा चलती रही। गौ तस्करों ने रास्ता रोकने के लिए गोवंश को भी गाड़ी से बीच सड़क पर गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान कई गोवंश घायल हो गये। जब गौ तस्करों को अंदेशा हुआ कि अब वे फंस गए हैं तो उन्होंने अपनी गाड़ी को छोड़ दिया और खेतों के रास्ते अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। गौ तस्करी की सूचना गौ रक्षकों ने पुलिस कंट्रोल में भी दी। पुलिस मौके पर पहुंची जरूर, पर त्वरित कोई कार्रवाई नहीं की।

कैलाश सत्यार्थी ने युवाओं से किया समाज में करुणा की भावना जागृत करने का आह्वान

जयपुर (हिंस)। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (एसएमजीसी) ने शनिवार को विराटनगर में, अपने पहले युवा शिखर सम्मेलन *यूथ समिट फॉर ह्यूमन फ्रटर्निटी एंड कम्पैशन* का उद्घाटन करते हुए दुनिया भर में परोपकार की भावना को जागृत करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया गया। जायद अवार्ड फॉर ह्यूमन फ्रेटरनिटी के सहयोग से आयोजित इस समारोह में देश - दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से आए 600 यूथ लीडर्स नें अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि दुनिया में पहली बार, समाज में करुणा की भावना को जागृत करने के लिए आज एक छत के नीचे 500 - 600 युवा यहां एकत्रित हुए हैं। इस बारे में बात हमेशा से होती आई है लेकिन दुनियाभर में उठ रहे इन सामाजिक मुद्दों और अलगाव के कारण यह एक आवश्यकता बन गई है। आज यहां जो लोग एकत्र हुए हैं वे करुणा के इस ऐतिहासिक वैश्विक आंदोलन

का हिस्सा हैं। जायद अवार्ड फॉर ह्यूमन फ्रेटरनिटी के महासचिव न्यायाधीश मोहम्मद अब्देलसलाम ने ह्यूमन फ्रेटरनिटी और कम्पैशन के बीच एक संबंध स्थापित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि कोई भी मनुष्य अपने मन में शत्रुता, भेदभाव और नफरत की भावना लेकर पैदा नहीं होता है। दुनिया के सभी धर्म परोपकार की बात करते हैं। लाइबेरिया की 2011 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, लेमाह गॉबी ने कम्पैशन पर अपना अनुभव साझा करते हुए एक कहानी सुनाई। उन्होनें बताया कि कैसे एक पूर्व बाल सैनिक ने उन्हें न्याय पाने के लिए एक शांतिपूर्ण और दयालुता का रास्ता दिखाया, जब उनका गांव नष्ट हो गया था। यह शिखर सम्मेलन वैश्विक विचारकों, यूथ इंफ्लुएंसर, मानव भाईचारे के अग्रदूतों, धार्मिक नेताओं, निर्णायकों और चेंजमेकर्स को एक साथ लाता है। दुनिया भर के विविध क्षेत्रों से आए यह सभी लोग, सामाजिक मतभेदों को दूर कर सकारात्मक परिवर्तन लाने पर विचार विमर्श करेंगे। इस चर्चा का आधार ह्यूमन फ्रेटरनिटी पर आधारित एक दस्तावेज होगा। इसमें उल्लिखित सिद्धांतों का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर करुणा फैलाना है। एसएमजीसी एक विश्वव्यापी आंदोलन है जो एक समाज सुधारक के रूप में कैलाश सत्यार्थी के दशकों लंबे काम से प्रेरित है। इसका मिशन शिक्षा, व्यवसाय और सरकार सहित समाज के सभी क्षेत्रों में करुणा की भावना को बढ़ावा देना है। साथ ही, दुनिया भर में शांति और आपसी समझ को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच एकता को बढ़ावा देना है। ह्यूमन फ्रेटरनिटी के लिए जायद पुरस्कार एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है जो उन व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित करता है जो सामाजिक दूरियों को पाटते हैं और मानवीय संबंधों को मजबूत करते हैं। एक मिलियन अमेरिकी डॉलर का यह मौद्रिक पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस के अंतर्गत प्रतिवर्ष चार फरवरी को दिया जाता है।

अब सात अक्तूबर तक बदल और जमा कर सकेंगे दो हजार के नोट; आरबीआई ने बढ़ाई तारीख

नई दिल्ली ।
दो हजार रुपये के पुराने नोट को बदलवाने और जमा की आखिरी तारीख को बढ़ाकर सात अक्तूबर कर दिया गया है। अभी तक इसकी आखिरी तारीख 30 सितंबर, 2023 थी। बता दें कि कुछ महीनों पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने का एलान किया था।

बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये के 2000 के बैंक नोटों में से 3.42 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। 29 सितंबर को कारोबार की समाप्ति के बाद केवल 0.14 लाख करोड़ रुपये ही चलन में रह गए हैं। इस प्रकार, 19 मई 2023 को प्रचलन में रहे 2000 बैंक नोटों का 96 प्रतिशत अब बैंकों में वापस आ गया है।

आरबीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आठ अक्तूबर 2023 से बैंक शाखाओं में दो हजार के नोटों को जमा लेना और बदलना बंद कर दिया है। आठ अक्तूबर के बाद आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों में एक बार में 20 हजार रुपये तक के 2000 के नोट बदले जा सकेंगे।

आठ अक्तूबर के बाद केवल आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों के माध्यम से दो हजार के बचे नोटों को अपने खातों में जमा किया जा सकेगा। लोग दो हजार के नोट डाक विभाग से भी आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों को भेज सकते हैं। ये नोट का मूल्य संबंधित व्यक्ति के खाते में क्रेडिट कर दिया जाएगा।

आरबीआई की ओर से जारी बयान में यह भी कहा गया है कि सात अक्तूबर के बाद भी 2000 रुपये के बैंक नोट वैध बने रहेंगे। अदालतें, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, सरकारी विभाग या पब्लिक अथॉरिटी जांच या कार्यवाही के दौरान जब जरूरत होगी बिना किसी सीमा के केंद्रीय बैंक के 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में से किसी में भी 2000 रुपये के बैंक नोट जमा कर सकेंगे।

न्यूज ब्रीफ

सरकार ने सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता के कार्यकाल को 9 महीने बढ़ाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) अध्यक्ष नितिन गुप्ता की सर्विस को आज नौ महीने के लिए और बढ़ा दिया। नितिन गुप्ता रिटायर होने वाले थे और आज ही सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट बेसिस के आधार पर उनकी सर्विस को बढ़ाया है। आयकर विभाग के 1986 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी नितिन गुप्ता (60) को पिछले साल जून में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) प्रमुख नियुक्त किया गया था। वो 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 1.10.2023 से 30.06.2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर गुप्ता को सीबीडीटी अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। पुनर्नियुक्त केंद्र सरकार के अधिकारियों पर लागू सामान्य नियमों और शर्तों पर भर्ती नियमों में छूट दी गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) आयकर विभाग के माध्यम से प्रत्यक्ष करों से संबंधित कानूनों के प्रशासन की जिम्मेदारी वाला प्राधिकरण है। भारत में, नीति और योजना के लिए आवश्यक इनपुट सीबीडीटी द्वारा प्रदान किए जाते हैं। सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए शीर्ष नीति-निर्धारक निकाय है। इसका एक अध्यक्ष होता है और इसमें छह सदस्य हो सकते हैं जो विशेष सचिव स्तर के होते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के तहत कार्य करने वाला एक वैधानिक प्राधिकरण है। बोर्ड के अधिकारी अपनी पदेन क्षमता में मंत्रालय के एक प्रभाग के रूप में भी कार्य करते हैं जो प्रत्यक्ष कर लगाने और संग्रह से संबंधित मामलों से निपटता है।

कच्चे तेल पर बढ़ा विंडफॉल टैक्स, एटीएफ और डीजल पर घटा निर्यात शुल्क

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाकर 12,100 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। वहीं,डीजल पर निर्यात शुल्क को घटाकर 5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो कि पहले 5.50 रुपये प्रति लीटर था। इसके अलावा जेट फ्यूल पर निर्यात शुल्क को घटाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, जो कि पहले 3.5 रुपये प्रति लीटर था। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क शून्य बना हुआ है। सरकार द्वारा घोषित की गई विंडफॉल टैक्स की नई दरें 30 सितंबर से लागू हो गई हैं। विंडफॉल टैविक्स की समीक्षा सरकार की ओर से हर 15 दिनों में की जाती है। बाजार में चल रही कीमतों के आधार पर ही विंडफॉल टैक्स को किया जाता है। इससे पहले 15 सितंबर को विंडफॉल टैक्स की नई दरें घोषित की गई थी। उस समय घरेलू उत्पादित कच्चे तेल पर टैक्स को 6700 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति टन कर दिया था। डीजल पर निर्यात शुल्क 6 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 5.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। इसके अलावा एटीएफ पर निर्यात शुल्क को 6 रुपये से घटाकर 5.50 रुपये प्रति टन कर दिया था। सरकार द्वारा पहली बार पिछले साल एक जुलाई को विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। उस समय निर्यात किए जाने पेट्रोल और एटीएफ पर 6 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया था। कच्चा तेल की कीमत 94 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई है। ओपेक देशों की ओर से कच्चे तेल के उत्पादन में लगातार कटौती करने के कारण कीमतों में उछाल देखा जा रहा है।

ट्राई ने वोडाफोन आइडिया पर लगाया एक करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली । भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड पर अनचाही कॉल एवं संदेशों पर प्रतिबंध लगा पाने में कामयाब नहीं रहने पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उस पर यह जुर्माना लगाया। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश की समीक्षा कर रही है और इस संबंध में आगे उठाए जाने वाले कदम पर गौर कर रही है। दूरसंचार सेवा प्रदाता पर यह कार्रवाई ग्राहकों को अनचाही कॉल एवं एसएमएस पर रोक लगा पाने में नाकाम रहने पर की गई है।

करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाले में कन्नन से ईडी ने फिर की पूछताछ, बाहर निकल कर ये बोले माकपा नेता

नई दिल्ली ।
माकपा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में 150 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पार्टी की राज्य समिति के सदस्य एमके कन्नन से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। केरल बैंक के राज्य उपाध्यक्ष कन्नन त्रिशूर सेवा सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी हैं। वह सुबह कोच्चि स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे लेकिन करीब चार घंटे बाद उन्हें जाने दिया गया। मीडिया के एक धरे ने पहले खबर दी थी कि कन्नन खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। हालांकि, जब वह यहां ईडी के कार्यालय से बाहर आए तो उन्होंने इन खबरों का खंडन किया।

उन्होंने कहा, अधिकारियों के साथ बातचीत सहज रही। मुझे अभी तक कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है। हो सकता है कि किसी ने मेरे परिवार के लिए चिंता पैदा करने के लिए ऐसी खबर फैलाई हो। कन्नन ने कहा कि एजेंसी जब भी कहेगी, वह पूछताछ के लिए पेश होंगे।

एजेंसी ने 25 सितंबर को कन्नन से सात घंटे तक पूछताछ की थी, जिसके बाद माकपा नेता ने आरोप लगाया था कि एजेंसी के अधिकारियों ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और हिंदी बोलने वाले एक उत्तर भारतीय अधिकारी ने उन्हें धमकी दी।

कन्नन ने तब मीडिया को बताया था, वे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। वे मुझे मानसिक रूप से दबाना चाहते थे। एक उप निदेशक है जो हिंदी में धमकी दे रहा था। इस मामले में 26 सितंबर को माकपा नेता और वडक्कनचेरी नगर निगम पार्षद पीआर अरविंदाक्षन को ईडी ने गिरफ्तार किया था। माकपा ने कहा था कि अरविंदाक्षन की गिरफ्तारी एजेंसी की ओर से की गई बदले की कार्रवाई है क्योंकि उन्होंने ईडी अधिकारियों पर धमकी देने और हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी।

ईडी ने इससे पहले करुवन्नूर बैंक से कथित तौर पर बेनामी ऋण जारी करने के सिलसिले में किरण पीपी और सतीश कुमार पी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 11 सितंबर को माकपा नेता और विधायक एसी मोइद्दीन से जांच के सिलसिले में नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

ईडी अगस्त में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी के बाद से मामले में शामिल कुछ लोगों से पूछताछ कर रहा है। एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत विधायक का बयान दर्ज किया था। ईडी ने इससे पहले केरल के पूर्व सहकारिता और उद्योग मंत्री मोइद्दीन और उनकी पत्नी के 28 लाख रुपये के बैंक खाते और सावधि जमा पर रोक लगाने के अलावा 15 करोड़ रुपये मूल्य की 36 संपत्तियां जब्त की थीं।

वर्तमान में केरल विधानसभा में कुन्नामकुलम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मोइदीन ने 22 अगस्त को अपने आवास पर की गई छापेमारी के बाद प्रेस को संबोधित किया था और कहा था कि कार्रवाई पूर्व नियोजित थी, लेकिन उन्होंने कहा था कि वह किसी भी जांच में सहयोग करेंगे।

ईडी ने दावा किया था कि उसकी जांच में पाया गया कि कुछ व्यक्तियों के निर्देश पर, जो एक निश्चित राजनीतिक दल के जिला स्तर के नेता और समिति के सदस्य थे और बैंक का संचालन करते थे, बैंक प्रबंधक द्वारा एजेंट के माध्यम से गैर-सदस्य बेनामी लोगों को नकद में ऋण वितरित किए गए थे, गरीब सदस्यों की संपत्ति को उनकी जानकारी के बिना गिरवी रखकर और आरोपियों के लाभ के लिए धन शोधन किया गया था। छापेमारी के एक दिन बाद 23 अगस्त को जारी एक बयान में ईडी ने आरोप लगाया था, ऐसे कई बेनामी ऋण एसी मोइद्दीन के निर्देश पर वितरित किए गए थे। ईडी के अनुसार कुमार और किरण के अलावा रहीम सीएम और शिजू एमके की संपत्तियों पर भी छापे मारे गए। उन्होंने दावा किया कि कुमार सरगना है।

त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सहकारी बैंक में 2010 में शुरू हुए कथित धोखाधड़ी के इस मामले ने दो साल पहले केरल में एक राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया था। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला त्रिशूर में केरल पुलिस (क्राइम ब्रांच) द्वारा दर्ज 16 एफआईआर से उपजा है। ईडी ने पिछले साल अगस्त में त्रिशूर के इरिंजालाकुडा में स्थित बैंक की एक शाखा सहित छह स्थानों पर इसी तरह के छापे मारे थे। ईडी ने बैंक के एक कमीशन एजेंट बिजॉय एके की 30.70 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। ईडी ने पिछले साल कहा था कि केरल पुलिस द्वारा जुलाई 2021 में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद, बैंक के ऑडिट में पाया गया कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को डायवर्ट किया गया था।

चुनावी बॉन्ड वैध रिश्वत की तरह, पूर्व वित्त मंत्री बोले- यह भाजपा के लिए सुनहरी फसल

नई दिल्ली ।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चुनावी बॉन्ड पर सरकार को घेरा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को चुनावी बॉन्ड को वैध रिश्वत करार दिया और दावा किया कि चार अक्टूबर को जब इसकी नई किस्त खुलेगी तो यह भाजपा के लिए सुनहरी फसल साबित होगी।

सरकार ने चुनावी बॉन्ड के 28वीं किस्त को मंजूरी दी

बता दें कि सरकार ने चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी, यह 4 अक्टूबर से 10 दिनों के लिए बिक्री के लिए खुलेगा। यह फैसला राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों से पहले आया है। इन राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है। चिदंबरम का आरोप- पहले की तरह गुमनाम चंदे का 90 प्रतिशत भाजपा को जाएगा चिदंबरम ने चार अक्तूबर से खुल रहे चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त के बारे में ट्विटर (अब एक्स) पर कहा, यह भाजपा के लिए स्वर्णिम फसल साबित होगी। पिछले रिकॉर्ड को देखें तो तथाकथित गुमनाम चंदे का 90 प्रतिशत भाजपा को जाएगा। क्रोनी कैपिटलिस्ट दिल्ली में भगवान और मालिक को अपनी श्रद्धा भेजने के लिए अपनी चेकबुक खोलेंगे।

चिदंबरम ने कहा कि चुनावी बॉन्ड रिश्वतखोरी को वैध बना चुका है। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के तौर पर चुनावी बॉन्ड को पेश किया गया है। चुनावी बॉन्ड के पहले बैच की बिक्री मार्च 2018 में हुई थी। चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को अधिकृत किया गया है। चुनावी बॉन्ड भारतीय नागरिकों या देश में निगमित या स्थापित संस्थाओं द्वारा खरीदे जा सकते हैं। जिन पंजीकृत राजनीतिक दलों ने पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनावों में मतदान का एक प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किया है, वे चुनावी बॉन्ड के माध्यम से धन प्राप्त करने के पात्र हैं।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट

2.33 अरब डॉलर घटकर 590.70 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली ।
देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.33 अरब डॉलर घटकर 590.70 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की विनिमय दर में गिरावट थामने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई।

रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.55 अरब डॉलर घटकर 523.36 अरब डॉलर रही। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 30.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.31 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.01 अरब डॉलर रहा। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 5.02 अरब डॉलर रहा।

एलन मस्क की दो कंपनियों में किराए के भुगतान को लेकर तनातनी, एक्स ने एटलस के खिलाफ किया मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को ।
एलन मस्क एक और मुसीबत में फंस गए हैं। उनकी एक कंपनी ने दूसरी पर सबलीज समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसी को लेकर, सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में मुकदमा दायर कराया गया है। दरअसल, एलन मस्क की एक्स कॉर्प, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, ने वित्तीय सेवा कंपनी एटलस एक्सप्लोरेशन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इसमें कथित तौर पर पिछले बकाया किराए और अन्य शुल्कों को लेकर 713,500 डॉलर से अधिक की मांग की गई है। मुकदमा सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में दायर किया गया है और एटलस पर उनके सबलीज समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। बता दें, एटलस को पहले प्वाइंट अप इंक के नाम से जाना जाता था। यह कंपनी किसी विशेष व्यक्ति को आमंत्रित करती है, जो खास भोजन और यात्रा का लाभ ले सकता है। एटलस और एक्स ने सैन फ्रांसिस्को के वित्तीय जिले में 650 कैलिफोर्निया स्ट्रीट पर कार्यालय स्थान के लिए एक सबलीज समझौता किया था। एक्स के अनुसार, एटलस ने समझौते को जल्दी समाप्त करने का प्रयास किया। एक्स का दावा है कि एटलस पर पिछले वर्ष के सितंबर से नवंबर तक का किराया 340,263 डॉलर से अधिक का बकाया है। साथ ही प्रारंभिक समाप्ति शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है। एटलस का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील केविन हिल ने अभी तक मुकदमे का जवाब नहीं दिया है। हालांकि, अप्रैल में एक्स को भेजे गए एक पत्र में हिल ने तर्क दिया था कि एक्स कंपनी पिछले साल कुछ महीनों के लिए अनुचित रूप से किराए की मांग कर रही थी क्योंकि एटलस ने पहले ही अपने नए कार्यालय स्थान पर भुगतान कर दिया था। गौरतलब है, यह पहली बार नहीं है, जब एक्स कॉर्प किसी कानूनी पचड़े में पड़ी है। इससे पहले भी कंपनी को बकाया किराए को लेकर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। सैन फ्रांसिस्को में कंपनी के मुख्य कार्यालय पर अवैतनिक किराए में 3.1 मिलियन डॉलर से अधिक का मुकदमा दायर किया गया था और ब्रिटेन के क्राउन एस्टेट ने भी अपने लंदन मुख्यालय पर कथित अवैतनिक किराए के लिए एक्स के खिलाफ दावे दायर किए हैं।

भारत-अर्जेंटीना ने सामाजिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, दूतावास ने जारी किया बयान

नई दिल्ली ।
भारत और अर्जेंटीना ने एक सामाजिक सुरक्षा समझौते (एसएसए) पर हस्ताक्षर किए। अर्जेंटीना के श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री राकेल किस्मर डी ओल्मोस की उपस्थिति में अर्जेंटीना में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया और अर्जेंटीना के विदेश, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वरशिप मंत्री सैंटियागो कैफिएरो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान के अनुसार यह समझौता अस्थायी आधार पर दूसरे देश में काम करने वाले कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को किसी भी कमी, संशोधन, निलंबन या दमन की स्थिति में स्थानीय कानून के अनुसार सेवानिवृत्ति या पेंशन के लिए नकद भत्ता, किराया, सब्सिडी या एकमुश्त भुगतान जैसे अंशदायी लाभों के अधिकार प्रदान करता है।

यह एयरलाइनों और जहाजों के चालक दल के सदस्यों सहित अलग-अलग श्रमिकों के संबंध में बीमा अवधि को विनियमित करने वाले कानूनी ढांचे की स्थापना करता है। भारत और अर्जेंटीना के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। टीसीएस, इंफोसिस, क्रिसिल, बजाज मोटरसाइकिल, रॉयल एनफील्ड, हीरो मोटर्स, टीवीएस, ग्लेनमार्क और गोदरेज सहित कई भारतीय कंपनियों ने अर्जेंटीना में एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। ग्लोबैंट और टेचिन सहित अर्जेंटीना की कंपनियों का भी भारत में बड़ा परिचालन है। अर्जेंटीना में भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए लघु या दीर्घकालिक अवधि के लिए इंट्रा-कंपनी ट्रांसफर के तहत काम करने वाले भारतीय पेशेवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

अर्जेंटीना के ऐसे नागरिकों की संख्या भी बढ़ रही है जो भारत में रोजगार की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, लोगों के बीच बढ़ते आदान-प्रदान ने उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता पैदा कर दी है। अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौते पर विस्तृत लेकिन त्वरित बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों देशों में सामाजिक सुरक्षा की दिशा में किए गए लाभों या योगदान के नुकसान के खिलाफ पेशेवरों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। यह पेशेवरों और श्रमिकों को अधिक सुविधा प्रदान करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, यह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निर्माण की दिशा में उठाया गया एक और कदम है, जो दोस्ती के गहरे पारंपरिक बंधन साझा करते हैं।

एजेंसियों को छकाने के लिए ड्रग माफिया के नए तरीके, सोशल मीडिया और डार्क वेब का हो रहा इस्तेमाल

नई दिल्ली । विदेश से भारत में ड्रग्स भेजने वाले पैडलर्स अब पुलिस और खुफिया एजेंसियों को छकाने के लिए नए-नए तरीकों का इजाद करने लगे हैं। अहमदाबाद साइबर अपराध और सीमा शुल्क विभाग ने कथित तौर पर डार्क वेब और सोशल मीडिया का उपयोग करके ड्रग्स की आपूर्ति करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

घरेलू बाजार में 2,31,000 रुपये मूल्य की 2.31 ग्राम कोकीन और 46,08,015 रुपये मूल्य की उच्च गुणवत्ता वाली 5.970 किलोग्राम अंतरराष्ट्रीय भांग जब्त की गई है। अहमदाबाद साइबर क्राइम के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए पैडलर्स की ओर से इस्तेमाल हो रहे हैरान करने वाले तरीकों का खुलासा किया है। जो ड्रग्स एजेंसियों के हाथ लगे हैं उन्हें खिलौनों और किताबों के पन्नों में छिपाया गया था। यह खेप अंतरराष्ट्रीय कूरियर कंपनियों के माध्यम से विदेश से मंगाई गई थी। इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

56 लोगों को 14 अलग-अलग कैटेगरी में नॉमिनेट किया

-इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2023 का हो गया ऐलान

मुंबई (ईएमएस)। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2023 के लिए नॉमिनेटेड लिस्ट का एलान हो चुका है। इसमें 20 अलग देशों से करीब 56 लोगों को 14 अलग-अलग कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। वहीं इस लिस्ट में बॉलीवुड के तीन सितारों शेफाली शाह, जिम सरभ और कॉमेडियन वीर दास के भी नाम शामिल है, जिन्हें इस साल इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट किया गया है। ये अवॉर्ड शो इस साल 20 नंवबर को न्यूयॉर्क में होने जा रहे हैं। इस कैटेगरी के लिए हुए नॉमिनेट बता दें कि, इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2023 में शेफाली को नेटफ्लिक्स की सीरीज दिल्ली क्राइम में डीसीपी वर्तिका चतुवेर्दी के रोल के लिए नॉमिनेट किया गया है। वहीं जिम को सीरीज रॉकेट बॉयज के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस सीरीज में उन्होंने डॉ. होमी जहांगीर भाभा का किरदार निभाया था। जिन्हें भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक भी कहा जाता है।

वहीं वीर दास को नेटफ्लिक्स पर उनके शो वीर दासः लैंडिग के लिए नॉमिनेट किया गया है। शेफाली शाह, जिम सरभ और वीर ने सोशल मीडिया पर इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट होने पर अपनी खुशी जाहिर की है। इनके पोस्ट पर सेलेब्स कमेंट करके बधाई दे रहे हैं। बता दें कि इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में फिल्ममेकर एकता कपूर को भी अवॉर्ड दिया जाएगा। उन्हें फेमस इंटरनेशनल एमी डायरेक्टरेट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।इस खबर के सामने आने के बाद इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट हुए ये सेल्बस खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।

गदर-2 की सक्सेस पर यकीन नहीं हो रहा : राजवीर देओल

-पापा के लिए पुनर्जन्म जैसी है गदर-2

मुंबई (ईएमएस)। हाल ही एक साक्षात्कार में बालीवुड एक्टर सनी देओल के बेटे राजवीर देओल ने खुलकर अपने पापा के संघर्ष का जिक्र किया। जहां सनी गदर-2 से पहले बीते दो दशकों से एक हिट फिल्म की तलाश कर रहे थे। वहीं करण 2019 में रिलीज हुई अपनी डेब्यू फिल्म से दर्शकों और क्रिटिक्स को इम्प्रेस करने में नाकाम रहे। इंटरव्यू में राजवीर ने कहा कि पूरा देओल परिवार गदर-2 की सक्सेस पर यकीन नहीं कर पा रहा था। फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर 530 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है और तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। राजवीर ने कहा कि यह उनके पिता के लिए पुर्नजन्म जैसा है जो 80 और 90 के दशक में बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार थे। राजवीर ने आगे बताया, बीते 22 साल से मैं उनको स्ट्रगल और काम करते हुए देख रहा हूं। वो किसी दिन छुट्टी पर नहीं होते थे। जब लोग मुझसे आकर कहते थे कि एक एक्टर की लाइफ बड़ी आसान होती है, वो तो बस घूमते रहते हैं शायद इन लोगों ने दूसरे एक्टर्स को देखकर ऐसा फील किया होगा। मुझे तो यह सुनकर बहुत गुस्सा आता था क्योंकि मैंने अपने डैड को काम करते हुए देखा है। मैंने देखा है कि वो अपने काम के चलते परिवार को वक्त नहीं दे पाए। फाइनली उनके खाते में गदर-2 जैसी हिट फिल्म आई और वो इसे डिजर्व भी करते हैं। मुझे नहीं पता कि इस फीलिंग को कैसे बयां करना है पर मैं अभी तक इस पर यकीन नहीं कर पा रहा। वहीं अपने दादा धर्मेंद्र के बारे में बात करते हुए राजवीर ने कहा, मैंने उनसे एक ही चीज सीखी है और वो है कि कभी गिव अप नहीं करना चाहिए, क्योंकि आप नहीं जानते कि कब आपका वक्त आ जाए। फिल्म दोनों का निर्देशन सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या ने किया है। यह उनकी भी डेब्यू फिल्म है। यह फिल्म अगले महीने 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं : बिग बी

-मेगा स्टार ने पुराने यादे की ताजा

मुंबई (ईएमएस)। मशहूर अभिनेता स्वर्गीय दिलीप कुमार की प्रशंसा करते हुए, मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं। उन्होंने पुरानी यादों को साझा किया कि कैसे उन्हें तीन स्क्रीन नामों की पेशकश की गई थी। मोहम्मद यूसुफ खान के रूप में जन्मे दिलीप कुमार को सिनेमा में मेथड एक्टिंग की शुरूआत करने का श्रेय दिया गया। पांच दशकों से अधिक के करियर के साथ, उनके पास हिंदी सिनेमा में एक स्टार के रूप में सबसे प्रभावशाली बॉक्स-ऑफिस रिकॉर्ड है। क्विज बेस्ड रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के एपिसोड 32 में, होस्ट अमिताभ बच्चन ने हरियाणा के हिसार की गृहिणी पिंकी का हॉट सीट पर स्वागत किया। 12,50,000 रुपये की राशि के लिए 12वां प्रश्न उनसे पूछा गया, अपना नाम दिलीप कुमार रखने से पहले इनमें से कौन सा नाम, युसूफ खान को उनके स्क्रीन नाम के रूप में सुझाए गए विकल्पों में से एक था? दिए गए विकल्प थे - अकबर, शाहजहां, बाबर और जहांगीर। बिग बी ने कहा, मैं दिलीप कुमार का सबसे बड़ा फैन हूं। लेकिन इस बारे में मुझे भी नहीं पता। इस सवाल पर कंटेस्टेंट ने गेम को छोड़ने का फैसला किया, क्योंकि वह जवाब को लेकर निश्चित नहीं थी। सही उत्तर जहांगीर था।

अमिताभ ने कहा, जैसा कि हमने अभी बताया, दिलीप कुमार का असली नाम यूसुफ खान है। जब उन्हें एक फिल्म के लिए लिया गया, तो उन्हें अपने लिए एक स्क्रीन नाम चुनने की सलाह दी गई थी। बिग बी ने कहा, मशहूर एक्ट्रेस देविका रानी और प्रसिद्ध लेखक व कवि भगवती चरण वर्मा ने उन्हें तीन नाम सुझाए जो थे वासुदेव, दिलीप कुमार और जहांगीर। उन्होंने जहांगीर नाम नहीं चुना, लेकिन सालों बाद उन्होंने फिल्म मुगल-ए-आजम में जहांगीर की भूमिका निभाई। अभिनेता ने आगे कहा, मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं और मुझे हमेशा लगता था कि जब भी कोई भारत का फिल्म इतिहास लिखेगा, तो वह दिलीप कुमार से पहले और दिलीप कुमार के बाद होगा। वह एक अविश्वसनीय इंसान और कलाकार थे। तब प्रतियोगी ने कहाः इसके अलावा, एक और बात का उल्लेख किया जाएगा, सर। इसे अमिताभ बच्चन के पहले और अमिताभ बच्चन के बाद के नाम से भी जाना जाएगा। इस पर बिग बी ने कहा, मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं। वह एक असाधारण कलाकार और इंसान थे। मैं क्या बोलता? उनकी तारीफ करने के लिए मुझे पूरा शो करना होगा।

पेरिस फैशन वीक में उपस्थिति दर्ज कराने तैयार हैं नव्या

बालीवुड के बिगबी यानि की अमिताभ बच्चन की पोती नव्या नवेली नंदा पेरिस फैशन वीक में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। यह ग्रैंड सेलिब्रेशन 1 अक्टूबर से शुरू होने वाला है, जहां नव्या एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, केंडल जेनर जैसी इंटरनेशनल सेलिब्रेटीज के साथ बॉक करती नजर आएंगी। नव्या ने कहा, जिस ब्रांड का मैं प्रतिनिधित्व करती हूं, उसके साथ पेरिस फैशन वीक में यह मेरा पहला मौका है। मैं वहां कुछ हस्तियों से मिलने का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने साझा किया कि उन्हें इस कार्यक्रम में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। ब्रांड के कॉज एम्बेसडर के रूप में मैं इस ग्लोबल प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व करती हूं, जो मुझे महिलाओं के लिए सुरक्षित और समान इकोसिस्टम बनाने के लिए मैसेज फैलाने और समर्थन जुटाने में मदद करेगा। नव्या स्टैंड अप अगेंस्ट स्ट्रीट हैरेसमेंट अभियान का समर्थन कर रही हैं। नव्या ने आगे कहा कि मैं वहां अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं, एक ऐसे ब्रांड के साथ जिसकी मान्यताएं और मूल्य मेरे जैसे ही हैं, यह बहुत खास होगा।

जवान नया इतिहास रचने की तैयारी में

- पठान को पटखनी देकर जवान बनी ज्यादा कमाई वाली फिल्म

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रचने की तैयारी में है। जवान पहले ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। जवान अब जल्द ही यह 600 करोड़ क्लब में भी एंट्री कर नया रिकॉर्ड बनाने वाली है। बॉलीवुड की किसी भी हिंदी फिल्म ने अभी तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ का स्वाद नहीं चखा है। लेकिन रिलीज के 20वें दिन भी जिस तरह एटली की जवान दमदार कमाई की है, यह अपने चौथे वीकेंड में इस मुकाम को हासिल कर लेगी। शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण और वियज सेतुपति स्टारर जवान अपने तीसरे हफ्ते में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 20वें दिन मंगलवार को इस फिल्म ने 5.10 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। जबकि एक दिन पहले सोमवार को फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये कमाए थे। दिलचस्प है कि जवान ने हिंदी, तमिल, और तेलुगू मिलाकर 20 दिनों में 571.28 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इससे पहले जनवरी में रिलीज पठान ने लाइफटाइम 543.09 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था। हालांकि, हिंदी में जवान अभी भी पठान से पीछे है। पठान ने 524.53 करोड़ रुपये सिर्फ हिंदी वर्जन से कमाए थे। जबकि जवान 20 दिनों बाद 515 करोड़ रुपये तक पहुंची है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो जवान पहले ही 1000 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। यह 6ठी ऐसी भारतीय फिल्म है, जिसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब का आंकड़ा पार किया है। शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, 20 दिनों में जवान ने वर्ल्डवाइड 1025 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। बता दें कि । साल 2023 शाहरुख खान के लिए जबरदस्त रहा है। उनकी दोनों ही फिल्में जहां ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो चुकी हैं, वहीं क्रिसमस में वह राजकुमार हिरानी के साथ डंकी लेकर आ रहे हैं।

दिशा ने मौनी को खास अंदाज में किया बर्थडे विश

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय अपना 38वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। एक्ट्रेस की बेस्ट फ्रेंड और एक्ट्रेस दिशा पटानी ने भी अपनी दोस्त को खास अंदाज में बर्थडे विश किया है। उनका ये पोस्ट लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है। एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मौनी रॉय के साथ कई तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। कुछ तस्वीरें दोनों के वेकेशन की हैं, तो कुछ में दोनों पार्टी करती दिख रही हैं। इन तस्वीरों में दोनों बेस्ट फ्रेंड्स की अच्छी बॉन्डिंग दिख रही है। तस्वीरें शेयर कर दिशा ने कैप्शन में लिखा-मेरी मोन्ज, आप बहुत खास हैं और आपने इस साल सच में मेरी लाइफ को अमेजिंग तरीके से बदल दिया है। मेरी सभी अच्छी यादें आपके साथ हैं। दिल से सबसे खूबसूरत महिला को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। आप जहां भी जाएं, अपना प्यार और पॉजिटिव वाइब फैलाती रहें। आई लव यू। काम की बात करें तो मौनी रॉय जल्द ही फिल्म सुल्तान ऑफ दिल्ली से ओटीटी डेब्यू करेंगी। कुछ दिनों पहले ही इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था।

दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई फिल्म 'द वैक्सीन वॉर'

नाना पाटेकर स्टारर 'द वैक्सीन वॉर' शुक्रवार 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया है। 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी सुपरहिट फिल्म देने के बाद विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर' ने सबका ध्यान खींचा था लेकिन फिल्म ने पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 80 लाख के करीब की कमाई की और दूसरे दिन भी इसकी कमाई में ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला। ये भी साफ है कि कुल मिला कर इस फिल्म के लिए देशभर के सिनेमाघरों में सिर्फ 11.77 फीसदी बुकिंग हुई है। अगर विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' से तुलना करें तो यह आंकड़ा बेहद निराशाजनक है। कहा जा रहा है कि दोनों दिनों के आंकड़ों को मिलाकर 'द वैक्सीन वॉर' ने अब तक सिर्फ 1.70 करोड़ की कमाई की है।

कमाई की पुष्टि अभी निमार्ता या निर्देशक द्वारा नहीं की गई है। विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर' में नाना पाटेकर, पल्लवी जोशी, गिरिजा ओक, राइमा सेन मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के साथ पुलकित सम्राट, ऋचा और पंकज त्रिपाठी की 'फुकरे 3' और कंगना की पहली साउथ भाषा की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' भी रिलीज हुई है।

नसीर ने की दो फिल्मों की खिंचाई



बालीवुड एक्टर नसीरुद्दीन शाह ने अब एसएस राजामौली की आरआरआर और अल्लू अर्जुन की पुष्पाः द राइज को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जबकि दोनों सुपर डुपर हिट फिल्में हैं। नसीर ने कहा कि मैं ये दोनों मूवीज नहीं देख सकता। ऐसी फिल्मों का मजा लेने से लोगों को क्या मिलता है। मैं सोच भी नहीं सकता कि ऐसी फिल्में देखने से रोमांच के अलावा और क्या मिलता है। मैंने आरआरआर देखने की कोशिश की, लेकिन नहीं देख सका। मैंने पुष्पा को देखने की कोशिश की, लेकिन मैं नहीं देख सका। हालांकि नसीर ने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैंने मणिरत्नम की फिल्म पूरी देखी, क्योंकि वे काबिल फिल्ममेकर हैं, उनका कोई एजेंडा नहीं है। गौरतलब है कि नसीर के बयान पर द कश्मीर फाइल्स के निमार्ता विवेक अग्निहोत्री ने पलटवार किया था। नसीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे अब विशाल भारद्वाज की फिल्म चार्ली चोपड़ा और सोनी लिव ओरिजिनल सीरीज में नजर आएंगे।

तुमसे ना हो पाएगा की स्क्रीनिंग पर शामिल हुई अनन्या

-आदित्य की भाभी विद्या बालन से मुलाकात की

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्टर चंकी पांडे की बिटिया और एक्ट्रेस अनन्या पांडे बीती रात फिल्म तुमसे ना हो पाएगा की स्क्रीनिंग पर शामिल हुईं। कार्यक्रम में अनन्या के रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर भी अपने फैमिली के साथ पहुंचे। अनन्या ने आदित्य की भाभी विद्या बालन से मुलाकात की और उनके साथ पोज देती हुई नजर आईं। फिल्म की स्क्रीनिंग में अनन्या कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने यलो टॉप के साथ ब्लू डेनिम जीन्स कैरी की है, जो काफी एलिगेंट लग रहा है। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए। इसके बाद अनन्या ने विद्या को गले लगाया फिर दोनों एक्ट्रेस साथ में पैपराजी को पोज देती हुई नजर आईं। विद्या के लुक को बात करे तो उन्होंने प्रिंटेड ड्रेस पहनी थी। दोनों का बॉन्ड देख फैंस काफी खुश हुए।पिछले कुछ समय से अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के डेटिंग की अफवाह सुर्खियों में है। दोनों को कई बार एक साथ देखा जा चुका है।

अभी कुछ दिन पहले ही दोनों गोवा साथ में छुट्टियां मनाने गए थे। हालांकि, अनन्या और आदित्य ने अभी तक इस पर अपना कोई रिएक्शन नहीं दिया है। अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में अनन्या पांडे ने कहा था- लोग जानना चाहते हैं कि मैं किसे डेट कर रही हूं, उनकी ये उत्सुकता देखकर अच्छा लगता है। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करे तो उन्हें पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। हाल ही में अनन्या आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में दिखी थीं। अब वह जल्द ही निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी की अपकमिंग थ्रिलर फिल्म कंट्रोल में नजर आएगीं। इस फिल्म में उनके अलावा विहान समत और देविका वत्स भी हैं।

'रॉकी भाई' के रूप में फिर नजर आएंगे सुपरस्टार यश

'केजीएफ 1' और 'केजीएफ 2' के बाद इसके सीक्वल को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दर्शक उनकी अगली घोषणा के लिए उत्सुक थे। फिल्म के लीड एक्टर यश ने एक इंटरव्यू के दौरान साफ किया था कि वह दोबारा रॉकी भाई के किरदार में नजर नहीं आएंगे। इस बात से फैंस काफी नाराज हुए थे। लेकिन अब अगले एपिसोड को लेकर नया अपडेट सामने आया है और हर कोई इस खबर को सुनने के लिए उत्साहित हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हम्बल फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म 'केजीएफ 3' की शूटिंग अगले साल यानी 2024 में शुरू होगी। होमबल फिल्म्स के मालिक विजय किरगंदूर ने हाल ही में सुपरहिट केजीएफ सीरीज की अगली किस्त की रिलीज डेट की घोषणा की है। इतना ही नहीं इस साल के अंत तक फिल्म की घोषणा भी होने की संभावना है। मीडिया से बातचीत में विजय ने इस बारे में बड़ा संकेत दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2024 में शुरू होगी और फिल्म 2025 में रिलीज होगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 'केजीएफ 3' का प्री-प्रोडक्शन अभी चल रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। इस घोषणा से इस सीरीज और यश के प्रशंसक बहुत खुश हैं। 'केजीएफ चैप्टर 1' और 'केजीएफ चैप्टर 2' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो दोनों ही फिल्मों ने जबरदस्त बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है।

सूडोकु नवताल- 6569

कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6568 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7316

मं	स	दौ	ल	त	की	जं	ग	ल	ल्ली	क
ग	क	ह	ग	ला	अ	बा	जी	ग	झ	क
ल	क	ल	म	ह	झ	पू	ना	ण	घ	को
पां	इ	ल	म	हैं	प	ल	रं	र	ला	ल
डे	श्क	ल	प	नु	रा	उ	गी	ण	घ	म
ती	दा	ल	श	सं	प	ही	ला	कौ	ला	ल
क	बा	या	र	मे	रा	क	प्या	या	श	गा
क	द	ल	गु	ला	म	स	रा	र	प	न
क	र	ल	प	व	जी	ना	ल	ओ	के	दों
क	क	ल	प	द	या	दि	व्य	ब	प	या
जी	जिं	ल	प	रा	ख	उ	द्दा	ण	घ	म

शब्द जाल में आमिर खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

लगान, मंगल पांडे, हम हैं राही प्यार के, बाजी, रंगीला, इश्क, गुलाम, दौलत की जंग, राख, दिल.

शब्दजाल - 7315 का हल

म	अ	मु	ग	ल	ए	अ	व	धी	ल	ध
द	अ	व	प्रे	व	अ	स	द	ह	र्म	ड़
र	स	ल	का	दी	व	स	अ	कां	ख	र
जी	लि	ल	प	श	ता	स	द	ह	बा	ल
त	य	अ	अ	र	र	अ	गु	ख	प	दे
क	त	अ	शो	त	अ	भि	अ	न	श	जू
क	स	अ	क	अ	न	ला	द	शा	जू	व
द	अ	ल	च	व	जी	षा	ऐ	बें	प	सा
क	बा	ना	क्र	त	क	छ	प्प	न	हिं	जू
क	र्च	बा	तें	व	न	ज	द	अ	जू	व
अ	र	अ	प	अ	व	लो	क	न	प	रु

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6269

3		1			2	
	36	6	32	2	27	1
5		7	4		6	
4	33		32		31	4
		3		5		2
7	34		29		39	
2		5	1		4	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6268 का हल

5	3	1	4	6	7	2
4	25	2	32	2	36	7
1	5	4	6	7	2	3
6	31	3	42	5	33	6
3	2	7	6	4	5	1
7	37	5	35	3	30	5
2	5	6	3	1	7	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

72 वर्षों का इंतजार खत्म, किरण बालियान 1951 के बाद शॉटपुट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला

हांगझोऊ ।

उत्तर प्रदेश की किरण बालियान ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में देश को एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) का पहला पदक दिलाया। उन्होंने शॉट पुट में 17.36 मीटर दूर गोला फेंककर अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह महिला शॉट पुट में 72 साल बाद देश के लिए पहला पदक है। इससे पहले 1951 के पहले दिल्ली एशियाई खेलों में बारबरा वेबस्टर ने इस स्पर्धा में कांस्य जीता था। 2017 की एशियाई चैंपियन मनप्रीत कौर पांचवें स्थान पर रहीं। मनप्रीत की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 16.25 मीटर रही। मेरठ की रहने वाली और मूलरूप से मुजफ्फरनगर की किरण ने इस वर्ष 10 सितंबर को 17.92 मीटर गोला फेंककर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। वह गुजरात राष्ट्रीय खेलों में 17.14 मीटर के साथ चैंपियन भी बनीं थीं। किरण ने पहला थ्रो 15.42 मीटर फेंका। उसके बाद उन्होंने 16.84 और तीसरी थ्रो 17.36 मीटर का किया। इसके बाद उन्होंने 16.79 और 16.87 का थ्रो किया। चीन की लीजियाओ गांग ने 19.58 मीटर के साथ स्वर्ण और इसी देश की जियायुआन ने 18.92 मीटर के साथ रजत पदक जीता।

बेटी की सुरक्षा के लिए मां बनी कोच – बेटी के सपनों को पंख लगे। सफलता की राह में असुरक्षा जैसी अड़चनों से उसके कदम न ठिठकें। इसलिये एक मां कोच की भूमिका में आ गई। वह अपनी बेटी किरण के साथ रोजाना पांच घंटे कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम गुजारती थीं। प्रैक्टिस के दौरान उनकी खामियां बताती थीं और आगे बढ़ने के लिये प्रेरित भी करती थीं।

बेटी की सुरक्षा के लिए मां बनी कोच – बेटी के सपनों को पंख लगे। सफलता की राह में असुरक्षा जैसी अड़चनों से उसके कदम न ठिठकें। इसलिये एक मां कोच की भूमिका में आ गई। वह अपनी बेटी किरण के साथ रोजाना पांच घंटे कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम गुजारती थीं। प्रैक्टिस के दौरान उनकी खामियां बताती थीं और आगे बढ़ने के लिये प्रेरित भी करती थीं। मां बॉबी बताती हैं कि महिला ट्रेनर न होने की वजह से किरण को स्ट्रेचिंग करने, प्रैक्टिस करने में दिक्कत आती थी। इसमें लड़कों की मदद नहीं ले सकते थे। इसीलिए यह सब वह खुद ही किरण से करवाती थीं। बॉबी केवल बेटी को व्यायाम नहीं करातीं, बल्कि वीडियो बनाकर उसकी गलतियां भी बताती थीं। बेटी के साथ रोजाना स्टेडियम आकर बॉबी इस खेल की सभी बारीकियों को समझ चुकी थीं।

न्यूज ब्रीफ

किसान पिता ने बेटे को कर्ज लेकर राइफल दिलाई, अखिल ने विदेशी धरती पर तमगों की लाइन लगाई

बागपत । एशियन गेम्स में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाले अंगदपुर गांव के अखिल श्योराण ने उधार की राइफल से प्रैक्टिस शुरू की थी। इसलिए ही शुरूआत में अखिल का ट्रायल छूट गया था और तब किसान पिता रविंद्र श्योराण ने कर्ज लेकर बेटे को राइफल दिलाई। जिसके बाद अखिल ने सोने समेत अन्य तमगों की लाइन लगा दी। अखिल श्योराण ने मेरठ के गॉडविन स्कूल में पढ़ाई करते हुए वर्ष 2007 में वहां से मिलने वाली राइफल से प्रैक्टिस शुरू की थी। उसके साथ पढ़ने वाला एक अन्य छात्र भी उसी राइफल से शूटिंग करता था। अखिल इंटर स्कूल के प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुका था। इस बीच ही स्कवायड ट्रायल होना था और एक ही राइफल होने के कारण वह ट्रायल नहीं दे सका। जिसके बाद दो हेक्टेयर जमीन से खेती करके परिवार का गुजारा करने वाले पेशे से किसान पिता रविंद्र ने करीब 85 हजार रुपये का कर्ज लिया और खेती से जोड़े हुए 80 हजार रुपये मिलाकर बेटे को राइफल दिलाई। जिसके बाद अखिल का ट्रायल व प्रतियोगिता नहीं छूटी और वह पदक जीतने में लगा है। अखिल के पिता रविंद्र श्योराण बताते है कि स्कूल में अखिल की खेलों में रूचि को देखते हुए वुशू खिलाना शुरू कर दिया गया। जिसमें वह अच्छा खेलने लगा, लेकिन उसकी सीनियर खिलाड़ी से भिड़ंत करा दी गई, जिससे उसको चोट लग गई। उसके बाद उसने वुशू खेलने से मना कर दिया तो उसे राइफल शूटिंग शुरू कराई गई। अखिल श्योराण ने वर्ष 2014 में आईएसएसएफ वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप स्पेन में कांस्य पदक, वर्ष 2015 में आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप जर्मनी में कांस्य पदक, एशियन शूटिंग चैंपियनशिप कुवैत में एक स्वर्ण, तीन रजत पदक, एयरगन शूटिंग चैंपियनशिप दिल्ली में एक रजत पदक जीता। इसके अलावा वर्ष 2016 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप पोलैंड में दो स्वर्ण पदक, वर्ष 2017 में अंतर्राष्टीय शूटिंग कंपटीशन में जर्मनी में कांस्य पदक, वर्ष 2018 में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप मेक्सिको में स्वर्ण पदक, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी मलेशिया में एक कांस्य पदक, वर्ष 2019 में साउथ एशिया गेम्स काठमांडू नेपाल में रजत पदक, वर्ष 2022 में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में कांस्य, वर्ष 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और एक रजत जीते हैं। पिता रविंद्र ने बताया कि अखिल ने 12वीं में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उसके बाद वह वर्ष 2012 में दिल्ली में हंसराज कालेज में बीए की पढ़ाई करने गया और उसके बाद जामिया इस्लामिया से एमबीए किया। वह पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहा है और उसने खेल के साथ पढ़ाई भी अच्छे से की। अखिल से पिता रविंद्र की एक दिन पहले ही बात हुई थी। तब अखिल ने पिता से वादा किया था कि वह एशियन गेम्स में देश को मेडल जरूर दिलाएंगे। अखिल ने पिता से किया वादा भी पूरा किया। अखिल के मेडल जीतने से जहां परिवार व गांव में खुशी का माहौल है, वहीं रेलवे के अधिकारी भी खुश है।

पाक टीम फाइनल में पहुंचेगी : रऊफ

नई दिल्ली । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने दावा किया है उनकी टीम विश्वकप के फाइनल में पहुंचेगी। रऊफ ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि कौन सी टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हैं पर में पक्के तौर पर कह सकता हूं कि पाक टीम फाइनल में पहुंचेगी।' रऊफ से माना कि विश्वकप मैचों के दौरान भारत में अलग-अलग मैदानों पर खेलने की परिस्थितियां अलग-अलग होंगी पर कहा कि एकदिवसीय में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के हालातों के अनुसार ही पाक टीम प्रबंधन अपनी योजना और रणनीति बना रहा है। रऊफ ने कहा कि वह टूर्नामेंट में अपन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे क्योंकि क्रिकेट एक टीम गेम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चोटिल नसीम शाह के स्थान पर टीम में जगह पाने वाले तेज गेंदबाज हसन अली टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। साथ ही कहा, 'हसन अनुभवी गेंदबाज हैं और वह पहले ही मौजूदा तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ खेल चुका है.उम्मीद है वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।'हसन ने पिछले करीब सवा साल से पाकिस्तान के लिए एकदिवसीय अंतरराष्टीय मैच नहीं खेला है। उन्होंने अपना आखिरी एकदिवसीय मैच 12 जून 2022 को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उन्होंने पाक के लिए अपना अंतिम अंतरराष्टीय मैच, इसी वर्ष जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची (टेस्ट मैच) खेला था। विश्वकप में पाकिस्तान टीम को अपना पहला मैच 6 अक्टूबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ हैदराबाद में खेलना है।

2-1 से पिछड़ने के बाद अभय की जबरदस्त वापसी

भारत को 9 साल बाद बनाया एशियाड चैंपियन, पाक को हराया

हांगझोऊ ।

हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने नौ साल बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। फाइनल में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। पुरुष टीम इवेंट में तीन अलग-अलग खिलाड़ी अलग-अलग राउंड में उतरते हैं और उन्हें वह राउंड जीतना होता है। अगर कोई टीम 2-0 की बढ़त हासिल कर लेती है तो वह टीम जीत जाती है। 1-1 से बराबर होने पर तीन में से दो मैच जीतने वाली टीम विजेता बनती है।

पहला मैच हारे, फिर सौरव ने कराई वापसी

महेश मंगावकर को पहले मैच में पाकिस्तान के नासिर इकबाल से हार मिली थी। नासिर ने महेश को 11-8, 11-3, 11-2 से हराया था। इसके बाद भारत के दिग्गज स्क्वैश प्लेयर सौरव घोषाल ने दूसरे मैच में मोहम्मद असीम खान को शिकस्त दी। सौरव ने असीम को 11-5, 11-1 और 11-3 से हराया।

तीसरा मैच रहा सबसे रोमांचक

तीसरा मैच सबसे रोमांचक रहा। 25 साल के अभय सिंह का सामना नूर जमान से था। पहला गेम अभय ने 11-7 से अपने नाम किया। हालांकि, इसके बाद नूर ने वापसी की और अगले दो गेम जीते। नूर ने अभय को अगले दो गेम में 11-9, 11-7 से हराया। नूर को सिर्फ एक और गेम जीतना था और स्वर्ण पाकिस्तान का होता।

हालांकि, अभय ने हार नहीं मानी। उन्होंने चौथा गेम 11-9 से जीता। फिर पांचवें और निर्णायक गेम में एक वक्त पर 10-8 की बढ़त थी। इसके बाद अभय ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार चार अंक जीते और भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। अभय ने नूर को 11-7, 9-11, 7-11, 11-9, 12-10 से हराया। एशियाई खेलों में स्क्वैश पुरुष टीम स्पर्धा 2010 से खेली जा रही है। 2010 में पाकिस्तान ने जीत हासिल की थी और स्वर्ण पदक जीता था। 2014 में भारत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। 2018 में मलेशिया ने स्वर्ण पदक जीता था। अब 2023 में भारत ने एक बार फिर स्वर्ण जीता है। नौ साल बाद स्क्वैश के पुरुष टीम इवेंट में भारत ने स्वर्ण जीता है। नूर मैच और स्वर्ण जीतने से एक अंक दूर थे। उनके पास निर्णायक गेम में अभय

भारतीय महिला स्क्वाश टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, हांगकांग से सेमीफाइनल में मिली शिकस्त

नई दिल्ली। भारतीय महिला स्क्वाश टीम को चीन के हांगझाऊ में चल रहे एशियन गेम्स 2023 में ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। भारत को सेमीफाइनल में हांगकांग के हाथों 1-2 की शिकस्त सहनी पड़ी। भारत की सेमीफाइनल में शुरुआत खराब रही। तन्वी खन्ना को सिन युक चान के हाथों 6-11, 7-11, 3-11 सीधे गेम्स में शिकस्त सहनी पड़ी। यह मुकाबला केवल 22 मिनट में ही समाप्त हो गया। भारत की उम्मीदें जोशना चिनप्पा ने जिंदा रखी। भारत के लिए दूसरा मैच खेलने उतरी जोशना चिनप्पा ने जे लोक हो को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 7-11, 11-7, 9-11, 11-6, 11-8 के अंतर से हराया। इस तरह भारत ने मुकाबला 1-1 से बराबर किया। इसके बाद भारत की जीत की उम्मीदें अनहत सिंह पर टिक गईं थीं। हालांकि, अनहत उम्मीदों पर खरी उतरने में नाकाम रही और का यी ली के खिलाफ 8-11, 7-11, 10-12 से शिकस्त झेली। बहरहाल, भारतीय महिला स्क्वाश टीम ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाब रही। पता हो कि अब भारतीय पुरुष स्क्वाश टीम सेमीफाइनल में मलेशिया का सामना करेगी। यह मुकाबला होने की उम्मीद है। याद दिला दें कि 2018 एशियन गेम्स में मलेशिया पुरुष स्क्वाश टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। वहीं भारतीय टीम को ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा था। भारत ने अब तक 31 मेडल जीते हैं। भारत ने प्वाइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई है।

विश्वकप के लिए अपनी पसंदीदा टीम में गावस्कर ने अश्विन को नहीं दी जगह

मुम्बई ।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्वर ने पांच अक्टूबर से शुरु हो रहे एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के लिए अपनी पसंदीदा भारतीय टीम घोषित कर दी है। गावस्कर ने अपनी इस पसंदीदा टम में अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को शामिल नहीं किया है। गावस्कर ने विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मुकाबले के लिए अश्विन को शामिल न कर सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी इस टीम में कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा रहे के अलावा तेज गेंदबाजी में युवा शार्दुल ठाकुर की जगह मोहम्मद शमी को शामिल किया है। इसके अलावा स्पिनर के तौर पर अश्विन को शामिल नहीं किया है। गावस्कर ने कहा, किसी भी टीम में शीर्ष 3 बल्लेबाज काफी महत्वपूर्ण होते हैं। साथ ही कहा कि सलामी बल्लेबाजों की अच्छी शुरुआत से बाकी खिलाड़ियों को खुलकर खेलने में मदद मिलती है। सलामी जोड़ी का योगदान सबसे अहम होता है। इसके अलावा टीम में तेज गेंदबाज के तौर पर मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को रखा है। साथ ही कहा कि अगर वे 2 तेज गेंदबाजों के साथ जाना चाहते हैं तो उनके पास पहले से ही ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या है। इसके अलावा टीम में एक अतिरिक्त स्पिनर को शामिल किया जा सकता है। साथ ही कहा कि यदि आप टर्निंग ट्रैक पर हैं तो कुलदीप यादव को जडेजा के साथ शामिल किया जा सकता है।

गावस्कर की अंतिम ग्यारह इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह।

43 साल की उम्र में रोहन बोपन्ना ने जीता स्वर्ण पदक, मिश्रित युगल में रूतुजा के साथ बने चैंपियन

हांगझोऊ ।

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने एशियाई खेलों में कमाल कर दिया। उन्होंने 42 साल की उम्र में स्वर्ण पदक जीत लिया। बोपन्ना शनिवार (30 सितंबर) को रूतुजा भोसले के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा में चैंपियन बने। उन्होंने फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के सुंग हाओ और एन शुओ की जोड़ी को 2-6, 6-3 (10-4) से हराकर जीत हासिल की। इससे पहले पुरुष युगल में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने रजत पदक जीता था।

बोपन्ना और रूतुजा ने मैच में धीमी शुरुआत की। दोनों पहला सेट 2-6 से हार गए। पहला सेट हारने के बाद बोपन्ना और रूतुजा ने जोरदार वापसी की। दोनों ने दूसरे सेट को 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में सुपर टाई-ब्रेक हुआ। इसमें बोपन्ना और रूतुजा ने 10-4 से बाजी मारी।

बोपन्ना का दूसरा स्वर्ण

रोहन बोपन्ना अब दो बार के एशियाई खेल चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ पुरुष युगल में जीत हासिल की थी। 43 साल के इस खिलाड़ी ने उम्र को बस एक नंबर साबित कर दिया। उनके अनुभव का लाभ रूतुजा को भी मिला। दोनों ने मिलकर चीनी ताइपे की जोड़ी को चौंका दिया।

वर्ल्ड कप 2023 में युजवेंद्र चहल को शामिल नहीं करना टीम इंडिया की बड़ी भूल, युवराज सिंह का बड़ा दावा

नई दिल्ली ।

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप स्क्वाड में युजवेंद्र चहल को नहीं चुने जाने से उन्हें हैरानी हुई। युवी का मानना है कि भारतीय टीम के लिए युजवेंद्र चहल लेग स्पिनर के रूप में बेहतर विकल्प रहते। याद दिला दें कि 5 सितंबर को जब 15 सदस्यीय प्राथमिकी भारतीय टीम का एलान हुआ, तब युजवेंद्र चहल को नजरअंदाज किया गया था। फिर बुधवार को अक्षर पटेल बाहर हुए क्योंकि वो चोटिल हैं और उनकी जगह टीम प्रबंधन ने रविचंद्रन अश्विन को शामिल किया। 2011 वर्ल्ड कप में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज सिंह ने कहा कि भारतीय टीम संतुलित है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय परिस्थितियों में चहल जैसे लेग स्पिनर की जरुरत पड़ती।

शानदार फॉर्म में भारत

बता दें कि रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम इस समय शानदार फॉर्म में हैं। भारत को वर्ल्ड कप खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम ने हाल ही में आठवीं बार एशिया कप खिताब जीता। इसके बाद उसने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से मात दी।

मैच विनर हैं युजवेंद्र चहल

युवराज सिंह ने चहल को शामिल नहीं करने पर निराशा व्यक्त की। युवी ने कहा कि युजवेंद्र चहल ऐसे गेंदबाज हैं जो अपनी टीम को मैच जिताकर दे सकते हैं।

स्टेन ने मुझे सबसे ज्यादा परेशान किया : रोहित

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा एक आक्रामक बल्लेबाज है। पारी की शुरुआत करते हुए रोहित पर अंकुश लगाने में बेहतरीन गेंदबाज भी असफल रहे हैं। वहीं अब रोहित ने उस गेंदबाज का नाम बताया है जिसने उन्हें सबसे ज्यादा परेशान किया है। ये गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन हैं। जब रोहित से पूछ गया कि उन्हें किस गेंदबाज का सामना करने में परेशानी होती है तो उन्होंने कहा, मुझे सबसे ज्यादा मुश्किल स्टेन को खेलने में आयी है। स्टेन के पास क्लास है, स्किल्स हैं बहुत कम ही गेंदबाज हैं जो 140 की स्पीड पर गेंद को स्विंग कराते हैं. वो ऐसे गेंदबाज थे, जो लगातार ऐसा किया करते थे। स्टेन दक्षिण अफ्रीका के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक थे। साल 2021 में 31 अगस्त को उन्होंने हर प्रारुप को अलविदा कह दिया था। आईपीएल 2012 के दौरान स्टेन ने 154 किमी प्रति घंटा की गति से गेंद फेंकी थी। 40 साल के स्टेन ने दक्षिण अफ्रीका की ओर से 3 विश्वक कप में हिस्सा लिया. वह 2007, 2011 और 2015 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीकी टीम का हिस्सा रहे हैं। स्टेन ने अपनी टीम की ओर से 93 टेस्ट और 125 एकदिवसीय अंतरराष्टीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 439 विकेट जबकि एकदिवसीय में 196 विकेट लिए। टी20 में स्टेन के नाम 64 विकेट हैं।

विलियमसन को छोड़कर बाकि कप्तान पहली बार विश्वकप में अपनी टीम का नेतृत्व करेंगे

नई दिल्ली ।

अगले माह पांच अक्टूबर से शुरु हो रहे एकदिवसीय विश्वकप को लेकर प्रशंसकों में भारी उत्साह है। सभी इसमें होने वाले मुकाबले देखना चाहते हैं। इस विश्वकप में कई दिग्गज कप्तान भी जीत के इरादे से उतरेंगे। इनमें से सभी कप्तान जोश और उत्साह से भरे हुए हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पहली बार विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन पिछली बार विश्वकप में भी अपनी टीम के बप्तान थे पर वह जीत दर्ज करने में असफल रहे। इसमें से विलियमसन को छोड़कर सभी अन्य टीमों के कप्तान पहली बार विश्वकप में अपनी टीम को नेतृत्व करेंगे। अधिकतर कप्तान शायद ही अगला विश्वकप खेल पायें। इसलिए उनका लक्ष्य जीत दर्ज करना रहेगा।

रोहित शर्मा : भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय में तीन दोहरे शतक लगाने वाले दुनिया के अकेले खिलाड़ी हैं। 36 साल के रोहित ने 251 वनडे मैचों में 10112 रन बनाए हैं। आक्रामक सलामी बल्लेलबाज रोहित ने 52 टेस्ट में 3677 और 148 टी20 मुकाबलों में 3853 रन बनाए हैं।

जोस बटलर : इंग्लैंड की कप्तानी इस बार 33 साल के जोस बटलर के हाथों में है। इंग्लैंड ने पिछले बार विश्वकप जीता था। इसलिए इस बार बटलर अपनी कप्तानी में उसे विश्वकप में जीत दिलाने उतरेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर आक्रामक सलामी बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक 169 एकदिवसीय मैचों में 4823 रन बनाए हैं। उनके नाम 11 शतक भी हैं।

केन विलियमसन : न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमसन पिछले विश्वकप में भी टीम के कप्तान थे। तब टीम फाइनल में हार गयी थी। 33 साल के विलियमसन का लक्ष्य इस बार अपनी टीम को जीत दिलाकर पिछले बार की कमी पूरी करना रहेगा। उन्होंने अब तक 161 एकदिवीसय मैच खेले, जिसमें 6554 रन बनाए हैं।

बाबर आजम : पाकिस्तान टीम की कप्तानी 28 साल के बाबर आजम के हाथों में है। बाबर समेत ज्यादातर पाकिस्तानी खिलाड़ी पहली बार विश्वकप खेल रहे हैं। बाबर ने अब तक 108 एकदिवसीय मैच में 19 शतकों की सहायता से 5409 रन बनाए हैं।

टेम्बा बावुमा : दक्षिण अफ्रीका टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा के पास है। 33 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज बावुमा मध्य क्रम में उतरते हैं और टीम को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने अब तक 30 एकदिवसीय मैचों में 1367 रन बनाए हैं। बावुमा ने 56 टेस्ट में 2997 और 36 टी20 मुकाबलों में 670 रन बनाए हैं।

पैट कमिंस : सबसे ज्यादा 5 बार विश्व कप चैम्पियन बनने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी इस बार तेज गेंदबाज पैट कमिंस के पास है। 30 साल के तेज गेंदबाज कमिंस ने अब तक 77 एकदिवसीय मैच में 126 विकेट लिए हैं।

दासुन शनाका : श्रीलंकाई टीम की कप्तानी 32 साल के दासुन शनाका कर रहे हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शनाका अच्छे बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने अब तक 67 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें 1204 रन बनाए हैं। साथ ही शनाका ने 27 विकेट भी लिए हैं।

शाकिब अल हसन : बांग्लादेश टीम की कमान स्पिन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के हाथों में है। उन्होंने 240 वनडे मैच खेले, जिसमें 7384 रन बनाए हैं। साथ ही गेंदबाजी में 308 विकेट लिए हैं।

हशमतुल्लाह शाहिदी : अफगानिस्तान टीम की कमान हशमतुल्लाह शाहिदी के हाथों में है। 28 साल के शाहिदी शीर्ष क्रम के बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक 64 एकदिवसीय मैच में 1775 रन बनाए हैं। इसके साथ ही वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं।

स्कॉट एडवर्ड्स : नीदरलैंड्स टीम की कप्तानी 27 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज स्कॉट एडवर्ड्स के हाथों में है। उन्होंने अब तक 38 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें 1212 रन बनाए हैं।

बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक और संगीत निर्देशक एसडी बर्मन



सचिन देव बर्मन (एसडी बर्मन) के नाम से प्रसिद्ध बॉलीवुड के एक प्रसिद्ध गायक और संगीत निर्देशक थे। उन्हें *बर्मन दा* के नाम से भी जाना जाता है और उन्हें भारतीय संगीत उद्योग के प्रमुख संगीतकारों में से एक माना जाता है। उन्हें भारतीय संगीत उद्योग में *संगीत के ग्रैंड ओल्ड मैन* के रूप में जाना जाता है। बर्मन का जन्म एक अक्तूबर 1906 को त्रिपुरा के कोमिला में हुआ था। उनके पिता का नाम महामान्यबर राजकुमार नबद्वीपचंद्र देव बर्मन था और माता निर्मला देवी मणिपुर की राजकुमारी थीं। उनके 6 भाई-बहन थे। जब वे दो वर्ष के थे, तब उनकी माता का निधन हो गया। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा अगरतला, त्रिपुरा में कुमार बोर्डिंग और युसुफ स्कूल, कोमिला से की। उन्होंने विक्टोरिया कॉलेज, कोमिला से कला में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। सचिन को संगीत की शुरुआती तालीम अपने पिता से मिली। 1925 से 1930 तक उन्होंने केसीडे से गायन का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में उन्हें भीष्मदेव चट्टोपाध्याय, खलीफा बादल खान (सारंगी वादक) और सरोद वादक उस्ताद अलाउद्दीन खान ने प्रशिक्षित किया गया। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में उन्होंने *एआईआर कलकत्ता* में एक रेडियो गायक के रूप में काम शुरू किया। 1932 में उनका पहला रिकॉर्ड खमाज के साथ जारी किया गया था।

वर्ष 1934 में उन्होंने अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन और बंगाल संगीत सम्मेलन, कोलकाता में ठुमरी गाई, जिसका उद्घाटन रवींद्रनाथ टैगोर ने किया था। एक अक्तूबर 2007 को, अगरतला में, उनकी 101वीं जयंती पर, भारतीय डाक विभाग ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। प्रसिद्ध संगीतकार और गायक एसडी बर्मन को उनके जीवन में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। 1974 में लकवे का आघात लगा जिसके बाद 31 अक्तूबर 1975 को बर्मन दादा का निधन हो गया।

मेनोपॉज के बाद बढ़ जाता है हार्ट डिजीज का खतरा



एक महिमा अपने जीवन में कई सारे पड़ावों से गुजरती है। उम्र बढ़ने के साथ जहां उन्हें पीरियड्स का सामना करना पड़ता है, तो वहीं थोड़ी और उम्र होने पर उन्हें मेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। मेनोपॉज एक महिला के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह एक नेचुरल प्रोसेस है, जिसकी वजह से उनके जीवन में कई सारे बदलाव आते हैं। इसकी वजह से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं, बल्कि सेहत पर भी गहरा असर पड़ता है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं हार्मोनल परिवर्तन और अन्य कारकों के कारण दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आप इन टिप्स की मदद से अपने दिल का ख्याल रख सकते हैं। बढ़ती उम्र के साथ ही अक्सर बीपी की समस्या होने लगती है। ऐसे में नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की निगरानी करें। दिल की सेहत के लिए इसे 140/90 मिमी एचजी से नीचे रखना जरूरी है। अगर आपका बीपी बढ़ा हुआ है, तो जीवनशैली में बदलाव या दवाओं के लिए किसी एक्सपर्ट की मदद लें। हाई कोलेस्ट्रॉल दिल की बीमारियों की वजह बन सकता है। ऐसे में अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल पर नजर रखें। हाई एचडीएल (गुड कोलेस्ट्रॉल) लेवल को 40 मिलीग्राम/डीएल से ऊपर रखें। वहीं, इसके विपरीत, ट्राइग्लिसराइड्स और एलडीएल (खराब कोलेस्ट्रॉल) के कम करने के लिए प्रयास करें। अगर आप डायबिटिक हैं या आपको इसका खतरा ज्यादा है, तो नियमित रूप से अपने ब्लड शुगर की जांच करें। बिना कुछ खाए ब्लड शुगर लेवल 100 मिलीग्राम/डीएल से कम होना चाहिए और खाने के बाद लेवल 140 मिलीग्राम/डीएल से नीचे होना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है। एक्सरसाइज स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करती है। साथ ही दिल और ब्लड वेसल्स को मजबूत बनाकर। पूरे स्वास्थ्य में सुधार करती है। ऐसे में हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट की एवरेज एक्सरसाइज जरूर करें। जरूरत से ज्यादा शराब पीने से हाई ब्लड प्रेशर और दिल से जुड़ी बीमारियों समेत कई समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अगर आप शराब पीती हैं, तो इसे छोड़ दें या सीमित मात्रा में इसका सेवन करें। स्ट्रेस दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ा देता है। ऐसे में इसे मैनेज करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। आप इसके लिए मेडिटेशन, गहरी सांस लेने वाले व्यायाम या योग जैसी तकनीकों की मदद ले सकते हैं। अपने वजन का ध्यान रखें। जरूरत से ज्यादा वजन भी दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में संतुलित आहार और व्यायाम को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा जरूर बनाए। सभी तरह की बीमारियों और दिल को सेहतमंद बनाने के लिए हेल्दी डाइट बेहद जरूरी है। ऐसे में आप फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, लो फैट प्रोटीन और लो फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट्स को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

केबीसी के नाम ठगी, बिग बी ने प्रतिभागियों को दी चेतावनी

कौन बनेगा करोड़पति 15 के नए एपिसोड में अमिताभ बच्चन उन प्रतिभागियों के साथ स्कैम कॉल्स के बारे में बात करते हैं जो गेम में हिस्सा ले रहे हैं और बनना चाहेंगे। बिग बी ने उन प्रतिभागियों को चेतावनी दी जो शो का हिस्सा बनना चाहते हैं। इसके अलावा बिग बी ने यह भी बताया कि सावधान रहने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। बिग बी ने कहा कि शो में एंट्री ज्ञान के आधार पर ही होती है। हाल ही में प्रसारित एपिसोड में पश्चिम बंगाल के मंडल कुमार ने हॉट सीट पर अपनी जगह बनाई। भारतीय रेलवे में कर्मचारी के तौर पर काम करने वाले मंडल कुमार ने खेलकर 6 लाख 40 हजार रुपये जीते। वह वास्तव में खेल के दौरान उत्साहित भीड़ में अपनी पत्नी को देखना चाहते थे। पिछले 16 महीने से दोनों इसके लिए कोशिश कर रहे थे। इसी कड़ी में मंडल ने एक और चौंकाने वाला खुलासा किया। फिलहाल शो में हिस्सा लेने की चाहत रखने वाले प्रतियोगी कई स्कैम कॉल का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं मंडल कुमार द्वारा यह कहानी सुनाए जाने के बाद अमिताभ ने सभी से एक सार्वजनिक अपील भी की।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**